

महिला एसएससी अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में नहीं होता भेदभाव - 12



देश को अमेरिका के साथ ऊर्जा व्यापार बढ़ने की उम्मीद : वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल - 12



एक ही बाजार पर निर्भर न रहे ग्लोबल साउथ निष्पक्ष आर्थिक व्यवस्था बनाए - 13



हार्दिक पंड्या ने टी-20 रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा- 14


आज का मौसम 34.0° अधिकतम तापमान 27.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.58 सूर्यास्त 06.02

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया उपरांत 07:06 चतुर्थी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 25 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 36, पृष्ठ 14 मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### कन्नड़ उपन्यासकार भैरप्पा का निधन

**बेंगलुरु।** लोकप्रिय कन्नड़ उपन्यासकार एवं दार्शनिक एसएल भैरप्पा का बुधवार को यहां एक निजी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। राष्ट्रोत्थान अस्पताल ने कहा कि महान भारतीय उपन्यासकार, दार्शनिक, पद्म श्री, पद्मभूषण और सरस्वती सम्मान से सम्मानित एसएल भैरप्पा को आज अपराह्न 2:38 बजे दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। भैरप्पा लोकप्रिय उपन्यासों वंशवृक्ष, दातू, पर्व, मंदरा आदि के लिए जाने जाते हैं।

### 71 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 71 माओवादियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है जिनमें से 30 नक्सलियों पर कुल 64 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बस्तर संभाग में चलाए जा रहे आत्मसमर्पण तथा पुनर्वास अभियान पूना मारगेम और दंतेवाड़ा जिले में चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर कुल 64 लाख रुपये के 30 इनामी माओवादियों सहित 71 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### दो साइबर अपराधी पकड़े, 10 लाख बरामद

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा में करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सामुकपोखर और राजाबांध गांव में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो बड़े साइबर अपराधियों को 9 लाख 91 हजार रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से 2 लैपटॉप, 5 मोबाइल, 6 सिम कार्ड और 6 एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गिरफ्तार रितेश कुमार मंडल और पवन मंडल मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश और असम के लोगों को टारगेट कर साइबर अपराध को अंजाम देते थे।

### अंतर्राज्यीय हथियार गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार सुबह एक अंतर्राज्यीय अवैध हथियार एवं गोली-कारतूस का गैर कानूनी कारोबार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर उत्तर प्रदेश में हथियार बनाने वाली एक निर्माण इकाई का पता लगाया। उन्होंने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ द्वारा चलाए गए अभियान में राज्य की सीमाओं के पार हथियार और कारतूस की आपूर्ति करने में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# रेलवे के 10.9 लाख कर्मचारियों को दिवाली बोनस, छह प्रोजेक्ट मंजूर

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में हुए फैसले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों को दिवाली बोनस समेत 94,916 करोड़ रुपये की छह परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। जिसमें बिहार में रेलवे दोहरीकरण, फोर लोन सड़क निर्माण, जहाज निर्माण एवं समुद्री विकास, सीएसआईआर योजना के अलावा चिकित्सकीय शिक्षा का विस्तार शामिल है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 10.9 लाख रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस को मंजूरी दी है।

सरकार की ओर से कहा गया कि कुल बोनस राशि 1,886 करोड़ रुपये है। यह बोनस 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए स्वीकृत किया गया है। पात्र रेलवे कर्मचारियों को उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा और दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है। मंत्री



ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से 10.9 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। रेलवे के समग्र प्रदर्शन में सुधार हेतु रेल कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में पीएलबी भुगतान किया जाता है।

प्रत्येक पात्र रेल कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर अधिकतम देय पीएलबी राशि 17 हजार 951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेल कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेन्टेनर, ट्रेन चालक, ट्रेन प्रबंधक (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, पॉइंट्समैन, मंत्रालय में तैनात कर्मचारियों और ग्रुप-सी के अन्य कर्मचारियों को दी जाएगी।

### जहाज निर्माण, समुद्री विकास को 69,725 करोड़

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में जहाज निर्माण और समुद्री वहन क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी। यह पहल रोजगार सृजन और निवेश को प्रोत्साहन देने के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और आपूर्ति शृंखलाओं को लचीला बनाने में भी मददगार होगी। इस पैकेज को चार स्तंभों पर आधारित किया गया है। इसके तहत घरेलू जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने, दीर्घकालिक वित्तपोषण की सुविधा, नई एवं पुरानी जहाज निर्माण परियोजनाओं के विकास को प्रोत्साहन, तकनीकी क्षमताओं एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ नीतिगत सुधार भी लागू किए जाएंगे।

### एमबीबीएस और पीजी में सीटों को बढ़ाने पर मुहर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा केंद्रीय और राज्य सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों को सुदृढ़ और उन्नत करने के लिए 5,000 स्नातकोत्तर (पीजी) सीट बढ़ाने की योजना के तीसरे चरण को बुधवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मौजूदा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों को उन्नत करने के वास्ते 5,023 एमबीबीएस सीट बढ़ाने के लिए केंद्रीय योजना के विस्तार को भी मंजूरी दी गई। इस पहल से स्नातक चिकित्सा क्षमता में वृद्धि होगी, अतिरिक्त स्नातकोत्तर सीट सृजित करके विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी।

### सीएसआईआर की 2,277 करोड़ की योजना स्वीकृत

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरेट फेलोशिप के लिए 2,277 करोड़ रुपये की एक व्यापक योजना को मंजूरी दी और यात्रा एवं संगोष्ठी के माध्यम से ज्ञान को साझा करने को बढ़ावा दिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में, 15वें वित्त आयोग के चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 2,277 .397 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास को मंजूरी दी गई।

# लेह में प्रदर्शनकारियों-सुरक्षाकर्मियों में झड़प, 4 की मौत और 30 घायल

## राज्य का दर्जा मांग रहे लोगों ने भाजपा कार्यालय में लगाई आग

- स्थिति संभालने को पुलिस ने की फायरिंग, निषेधाज्ञा लागू

**लेह, एजेंसी**

लद्दाख के लेह शहर में बुधवार को लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) द्वारा प्रायोजित बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने हिंसा की, भाजपा कार्यालय में आग लगा दी तथा कई वाहनों पर हमला किया, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को गोलीबारी करनी पड़ी। लद्दाख की राजधानी लेह में पूर्ण बंद के बीच आग की लपटें और काला धुआं देखा जा सकता था। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाने के लिए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

अधिकारियों ने बताया कि झड़पों में चार लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस की गोलीबारी में चार लोग मारे गए। राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग के



लेह स्थित भाजपा कार्यालय में आग लगाए जाने के बाद निकलता धुंआ।

समर्थन में 10 सितंबर से 35 दिनों की भूख हड़ताल पर बैठे 15 लोगों में से दो की मंगलवार शाम हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद लद्दाख एपेक्स बॉडी (एलएबी) की युवा शाखा ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

संविधान की छठी अनुसूची शासन, राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियों, स्थानीय निकायों के प्रकार, वैकल्पिक न्यायिक तंत्र और स्वायत्त परिषदों के माध्यम से प्रयोग की जाने वाली वित्तीय शक्तियों के संदर्भ में विशेष प्रावधान करती है। छठी अनुसूची चार पूर्वोत्तर राज्यों त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और असम की जनजातीय आबादी के लिए है।

### सोनम वांगचुक ने हड़ताल वापस ली

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर जारी आंदोलन के हिंसक रूप लेने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 15 दिन से जारी अपनी भूख हड़ताल बुधवार को वापस ले ली। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा कार्यालय और कई वाहनों में आग लगा दी और सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। वांगचुक ने आंदोलन स्थल पर बड़ी संख्या में एकत्र अपने समर्थकों से कहा कि मैं लद्दाख के युवाओं से हिंसा तुरंत रोकने का अनुरोध करता हूं क्योंकि इससे हमारे उद्देश्य को नुकसान पहुंचता है तथा स्थिति और बिगड़ती है। हम लद्दाख और देश में अस्थिरता नहीं चाहते। झड़पें तेज हुईं तो वांगचुक ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें युवाओं से हिंसा रोकने की अपील की।

# छात्राओं का यौन उत्पीड़न, धर्मगुरु पर मामला दर्ज

- दिल्ली स्थित श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान का संचालक रहा है चैतन्यानंद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कभी प्रतिष्ठित धार्मिक संगठन से जुड़े रहे एक स्वयंभू धर्मगुरु पर यहां एक प्रबंधन संस्थान की कई छात्राओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी फरार है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी दक्षिण-पश्चिम दिल्ली स्थित श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान में संचालक था। पुलिस को संस्थान से नकली राजनयिक नंबर प्लेट वाली वोल्वो कार भी मिली, जिसका इस्तेमाल सरस्वती करता था। उसके खिलाफ 2009 में डिफेंस कॉलोनी थाने में धोखाधड़ी और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था, जबकि 2016 में वसंत कुंज थाने में छेड़छाड़ की एक और शिकायत दर्ज की गई थी। ताजा मामले में शिकायत चार अगस्त को वसंत कुंज उत्तर थाने में दर्ज की गई थी। पुलिस ने श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान में पीजीडीएम कर रही 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए। इनमें से 17 ने आरोप लगाया कि सरस्वती ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, अश्लील संदेश भेजे। संस्थान में कार्यरत तीन महिलाओं पर छात्राओं पर उसकी मांगें मानने के लिए दबाव डालने का आरोप है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और बाद में 16 पीड़ितों ने मजिस्ट्रेट के सामने गवाही दी।

### लुक आउट नोटिस जारी, पांच राज्यों में छापेमारी

दिल्ली पुलिस स्वामी चैतन्यानंद की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया गया है, ताकि वह देश छोड़कर भाग न सके। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में पुलिस की टीमें बाबा की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। यह कार्रवाई पीड़ित छात्राओं के गंभीर आरोपों के बाद शुरू की गई है। छात्राओं का कहना है कि चैतन्यानंद उन्हें नंबर कम करने और फेल करने की धमकी देकर अपने कमरे में बुलाता था। जगद्गुरु शंकराचार्य महासंस्थानम दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठम, श्रृंगेरी ने खुद को चैतन्यानंद सरस्वती से अलग कर लिया है। इससे पहले सरस्वती इसी पीठ से जुड़ा था।

# सीबीएसई कक्षा 10 12 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई अगले साल 17 फरवरी से कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए अस्थायी डेटशीट की घोषणा की। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला संस्करण 17 फरवरी से छह मार्च, 2026 तक जबकि दूसरा संस्करण 15 मई से एक जून तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से नौ अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी।

# नेक्सट जेन जीएसटी सुधार ने दी बाजार को ताकत : मुख्यमंत्री



लखनऊ के हजरतगंज में बुधवार को एक दुकान पर स्टिकर लगाते मुख्यमंत्री योगी।

- योगी बोले, जीवन रक्षक 33 दवाएं जीएसटी मुक्त, नोटबुक-पेंसिल पर शून्य कर
- ज्यादातर घरेलू सामान पर कर घटाकर किया गया शून्य या पांच प्रतिशत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** जीएसटी सुधार से सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश के व्यापारियों, ग्राहकों को मिलने जा रहा है। इस घोषणा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि नवरात्रि के पहले दिन से लागू हुए नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार ने बाजार में नई ऊर्जा भर दी है। योगी ने बताया कि जीवन रक्षक 33 दवाएं जीएसटी से मुक्त कर दी गई हैं, वहीं नोटबुक-पेंसिल पर जीएसटी शून्य हो जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई भी सस्ती हुई है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घटे जीएसटी दरों से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस सुधार ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या पांच प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। जीएसटी सुधार से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए।

### देश का जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ रुपये पहुंचा

मुख्यमंत्री के अनुसार, यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस सुधार से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन सात लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से 1.15 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच चुका है।

# निवेश, नवाचार और संस्कृति के महाकुंभ का आज होगा आगाज

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे यूपीआईटीएस की शुरुआत
- 2500 से अधिक प्रदर्शक, 500 विदेशी खरीदार आने की उम्मीद

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के तीसरे संस्करण की शुरुआत करेंगे। 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे यूपीआईटीएस में उत्तर प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार क्षमताओं का भव्य प्रदर्शन होगा। इस मेगा आयोजन का उद्देश्य केवल निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर स्थापित करना और युवाओं, उद्यमियों व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए फ्यूचर-रेडी प्लेटफॉर्म तैयार करना भी है।

इस बार 2500 से अधिक प्रदर्शक, 500 विदेशी खरीदार और 5 लाख से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) पवेलियन 343 स्टॉल्स के माध्यम से हर जिले के सिग्नेचर प्रोडक्ट्स को पेश करेगा। भदोही का कालीन, फिरोजाबाद का ग्लासवर्क, मुरादाबाद का मेटलवेयर और सहारनपुर की नक्काशी जैसे उत्पाद लोकल से ग्लोबल की यात्रा को नई दिशा देंगे। यूपीआईटीएस में न केवल व्यापार का मंच होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी जीवंत प्रदर्शन करेगा। आगंतुक भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू लोक परंपराओं के रंगीन प्रदर्शन के साथ सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत का भी आनंद लेंगे।

### रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग से मिलेंगे नए अवसर

इस बार रूस आयोजन के साथ बतौर पार्टनर कंट्री सम्मिलित हो रहा है। 26 सितंबर को रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और रूस के उद्योगपतियों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों, शिक्षा क्षेत्र और सरकारी नीति-निर्माताओं के लिए साझा मंच उपलब्ध होगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीकी साझेदारी और संयुक्त उपक्रमों को प्रोत्साहित करने का यह अवसर उत्तर प्रदेश के उद्योगों और कारोबारियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा।

# उसी दिन सुनवाई तब, जब मामला फांसी का हो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मामले तत्काल सूचीबद्ध करने की अपीलों पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने बुधवार को कहा कि वह उस समय तक किसी मामले को उसी दिन तत्काल सूचीबद्ध करने का आदेश नहीं देंगे, जब तक कि किसी को फांसी न दी जा रही हो। इसके साथ ही उन्होंने पूछा कि क्या कोई न्यायाधीशों की स्थिति समझता है और यह जानता है कि वे कितने घंटे काम करते हैं तथा कितने घंटे सो पाते हैं।

न्यायमूर्ति कांत उस पीठ का नेतृत्व कर रहे थे, जो तत्काल सुनवाई के लिए मामलों को



सूचीबद्ध करने पर विचार कर रही थी। पीठ में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह भी शामिल थे। सीजेआई बीआर गवई आमतौर पर ऐसे मामलों की सुनवाई करते हैं। वह पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ में बैठते हैं। उनके उपलब्ध न होने पर दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश मामलों को सूचीबद्ध करने पर सुनवाई करते हैं। न्यायमूर्ति कांत ने यह टिप्पणी उस समय की, जब अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने उल्लेख किया कि राजस्थान में एक आवासीय मकान की आज नीलामी होगी और इसलिए मामले को आज ही सूचीबद्ध किया जाए। इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि जब तक किसी को फांसी नहीं होने वाली हो, मैं किसी भी मामले को उसी दिन सूचीबद्ध नहीं करूंगा।

# ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता सोनू सूद

- सट्टेबाजी एप मामले में एजेंसी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद प्रतिबंधित ऑनलाइन एप 1एक्सबेट से जुडे. धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का विशेष दल अभिनेता से पूछताछ कर रहा है और यह पूछताछ सात-आठ घंटों तक चल सकती है। इसी मामले में कल पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और गंदी बात वेब सीरिज की अभिनेत्री अन्वेशी जैन से भी पूछताछ की गई थी। एजेंसी ने अब तक पूछताछ के लिए कई मशहूर हस्तियों को तलब किया है। एजेंसी ने बंगाली अभिनेता अंकुश हजारा से पूछताछ की थी।

**ऐतिहासिक शोध** — आईआईटी रुड़की ने किया अमृता विश्व विद्यापीठम एवं स्वीडन के उप्साला विवि के साथ अध्ययन


# केदारनाथ-रामेश्वर तक 8 शिवालय एक ही अक्ष रेखा पर स्थित

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

- पुरातन सभ्यताओं को रही है प्रकृति और स्थायित्व की गहरी समझ

**अमृत विचार :** प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक विश्लेषण को जोड़ते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी)रुड़की के शोधकर्ताओं ने अमृता विश्व विद्यापीठम (भारत) एवं उप्साला विश्वविद्यालय (स्वीडन) के सहयोग से ऐतिहासिक अध्ययन किया है। इसमें पाया गया कि देश भर के आठ प्रमुख शिव मंदिरों का स्थान न केवल गहन आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि जल, ऊर्जा और खाद्य उत्पादकता के उच्च केंद्रों से भी मेल खाता है।

ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज कम्युनिकेशंस (नेचर पोर्टफोलियो) में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, केदारनाथ (उत्तराखंड) से लेकर रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ये मंदिर 79 पूर्वी




देशांतर रेखा के आसपास स्थित शिव शक्ति अक्ष रेखा पर पाए गए। उपग्रह डेटा और पर्यावरणीय विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि यह संरेखण जल संसाधन उपलब्धता, कृषि उपज और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से समृद्ध क्षेत्रों में हैं।

मुख्य अन्वेषक प्रो. के.एस. काशीविश्वनाथन (डब्ल्यूआरडीएम विभाग, आईआईटी रुड़की) ने कहा कि यह शोध दर्शाता है कि प्राचीन भारतीय सभ्यताओं को प्रकृति एवं स्थायित्व की गहरी समझ रही होगी, जिसने मंदिर निर्माण के स्थान चयन में मार्गदर्शन दिया। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा कि यह अध्ययन इस बात का प्रमाण है कि प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

### आस्था स्थल ही नहीं, पंचभूत के प्रतीक

अध्ययन में बताया गया कि ये मंदिर केवल आस्था स्थल ही नहीं बल्कि पंचतत्वों (पंचभूत) के प्रतीक और संसाधन नियोजन के सभ्यतागत संकेतक भी रहे होंगे। प्रमुख लेखक भाबेश दास ने कहा कि प्राचीन मंदिर निर्माता पर्यावरण योजनाकार भी थे, जिनके निर्णय भूमि, जल और ऊर्जा संसाधनों की गहरी समझ से प्रेरित थे।

### विरासत और जलवायु के बीच बने सेतु

सह-अन्वेषक प्रो. थंगा राज चेलिया ने इसे एक उल्लेखनीय अंत:विषय सहयोग बताया, जो विरासत और जलवायु लचीलेपन के बीच सेतु का काम करता है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार, यह निष्कर्ष दर्शाते हैं कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर में रणनीतिक पर्यावरणीय अंतर्दृष्टि निहित है, जिसे आज सतत विकास और जलवायु चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए पुन: लागू किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जापान टूरिज्म एक्सपो में भागीदारी करेगा यूपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जापान के टोकोनामे शहर में गुरुवार से शुरू होने वाले जापान टूरिज्म एक्सपो 2025 में प्रदेश की बौद्ध विरासत, प्रमुख तीर्थ स्थल, व्यंजन और हस्तशिल्प आदि दिखेंगे। यूपी पर्यटन, पवेलियन एक्सपो में आगंतुकों को राज्य की सांस्कृतिक विविधिता और धार्मिक विरासत से अवगत कराएगा। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को जारी बयान में दी। उन्होंने बताया कि टोकोनामे शहर स्थित आइची स्काई एक्सपो में 25 से 28 सितंबर तक आयोजित होगा। जापान में बौद्ध धर्मावलंबी बहुतायत हैं। ऐसे आयोजनों से प्रदेश की आध्यात्मिक पर्यटन को विशिष्ट पहचान मिलेगी। इस आयोजन में उप्र.से वरिष्ठ अधिकारी और पर्यटन उद्योग के साझेदार आदि का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा।

### निजीकरण की गोपनीय योजना का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों का आरोप है कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन, केंद्रीय विद्युत मंत्रालय और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के साथ मिलकर ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण की गोपनीय योजना तैयार कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि निकट भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की तैयारी शुरू की जाएगी। संघर्ष समिति ने जानकारी साझा की कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन के निदेशक जनरल आलोक कुमार ने 9 सितंबर देश के सभी ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों को एक पत्र भेजा है। इस बीच ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने कहा कि फेडरेशन और नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स इस मामले को केंद्रीय विद्युत मंत्री के सामने शीघ्र रखेगी।

### पीडीए की जनचेतना पूरे देश में फैली : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र. से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के 'पीड़ित, दुखी, अपमानित' समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नयी आवाज़ बन गयी है। जो लोग जहां भी संख्या में कम हैं, वो भी जान गये हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी। सपा प्रमुख ने जारी बयान में कहा कि पीडीए उन अंतिम लोगों के स्वाभिमान–स्वमान के नवजागरण का नाम है, जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है। इसीलिए 'जो पीड़ित वो पीडीए' के सैद्धांतिक सूत्र से एक–सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे।

# सरकारी अस्पतालों में अपग्रेड हुई सेवाएं : ब्रजेश पाठक

## 500 करोड़ की लागत वाली 84 स्वास्थ्य इकाइयों का उप मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का कहना है कि वर्ष 2017 के बाद से हमारी सरकार ने सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीनें स्थापित कर अपग्रेड किया है। चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी अस्पतालों में मैन पावर की संख्या बढ़ी है।

उप मुख्यमंत्री बुधवार को इंदिरा नगर स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (ट्रेनिंग सेंटर) में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 500 करोड़ रुपये मूल्य की 84 नवीन स्वास्थ्य इकाइयों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



लखनऊ में लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

**इन जिलों में हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण :** लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, गाजीपुर, कौशाम्बी, बस्ती, मुजफ्फर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, गोंडा, बागपथ, बलरामपुर, हाथरस, बदायूं, जालौन, एटा, मऊ, बलिया, भदोही, कानपुर नगर, मिर्जापुर, श्रावस्ती, बहराइच, रामपुर, बिजनौर, संभल, चंदौसी, कुशीनगर, महाराजगंज, अमरोहा, गाजीपुर, फतेहपुर, संतकबीर नगर, प्रतापगढ़, सीतापुर, आजमगढ़, जालौन, ललितपुर, हमीरपुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी, सुल्तानपुर, उन्नाव, कानपुर देहात, बांदा, सिद्धार्थ नगर, शामली, हापुड़, रायबरेली, जौनपुर, मथुरा, मैनपुरी।

### 31 अस्पतालों में स्थापित होंगे आधुनिक उपकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों को उच्चीकृत किया जा रहा है, उक्त क्रम में ही प्रदेश के 31 अस्पतालों को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। इसके लिए 10.74 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# स्तूपनुमा भवन बनाकर रखे जाएं बुद्ध के अवशेष

- कपिलवस्तु के पिपरहवा में भवन बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सिद्धार्थनगर स्थित पिपरहवा (कपिलवस्तु) में भगवान बुद्ध की अस्थि मंजूषा एवं अन्य अवशेषों को संरक्षित करने के लिए एक स्तूपनुमा भवन बनाए जाने का अनुरोध किया है। साथ ही अवगत कराया कि इस कार्य के लिए भूमि उपलब्ध है।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि पिपरहवा वही स्थान है, जहां 1898 में ब्रिटिश इंजीनियर क्लैक्स्टन पेप्पे को उत्खनन के दौरान बुद्ध के अवशेष, बहुमूल्य रत्न एवं पालि भाषा में लिखी स्वर्ण पटिका प्राप्त हुई थी। यह रत्न भंडार हाल ही में हांगकांग की नीलामी से भारत लाया गया है। उन्होंने कहा कि यहां स्तूपनुमा भवन बनने से न केवल देश-विदेश से बौद्ध श्रद्धालु आकर्षित होंगे बल्कि स्थानीय पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। बुद्ध कपिलवस्तु में पले-बढ़े और अपने जीवन के पहले 29 वर्ष यहीं रहे।

# दीवाली से पहले ही मिलेगा छात्रवृत्ति का तोहफा

## फरवरी-मार्च की जगह अब सितंबर माह में ही होगा वितरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी करेंगे 4 लाख से अधिक छात्र छात्राओं को लाभान्वित

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने इस वर्ष एक नयी पहल करते हुए छात्रवृत्ति समय से पहले देने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी की जाएगी।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पूर्व में छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च माह में दी जाती थी, जबकि अब इसे नवरात्र और सितंबर माह में वितरित किया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राएं इसका लाभ समय पर उठा सकें। यह छात्र-छात्राओं के लिए एक तरह से दीपावली का गिफ्ट भी होगा।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक हो जाएगी। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि छात्रों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्गदर्शन लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर व्यापक रणनीति बनाई। यही कारण है कि इस बार छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों तक नवरात्र के पावन अवसर पर पहुंचेगा।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव गोंड और अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी मौजूद रहेंगे।

### मानसून की विदाई की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश से मानसून अब धीरे-धीरे विदा होने की ओर है। बिहार से सटे कुछ जिलों में बुधवार को हल्की बूंदाबांदी हुई है। लखनऊ में दो दिन बाद बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। राजधानी में आज का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया है कि दक्षिण पश्चिम मानसून की बुधवार से वापसी की शुरुआत हो गई है। यानी कि प्रदेश के पश्चिमी भाग से मानसून वापस जा चुका है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून ने 17 सितंबर की अपनी सामान्य तिथि के सापेक्ष तीन दिन पूर्व 14 सितंबर से पश्चिमी राजस्थान से वापसी शुरू कर दी थी। बुधवार को पंजाब, हरियाणा,चंडीगढ़, गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों समेत उत्तर प्रदेश के भी कुछ हिस्सों से मानसून वापस लौट गया है, लेकिन बिहार से सटे जिलों में बुधवार को बूंदाबांदी हुई है।

# शिशु बुद्धि से जीएसटी सुधार नहीं समझा जा सकता : सुधांशु त्रिवेदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- यह कदम किसी तात्कालिक राजनीति निर्णय का नतीजा नहीं बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टि का हिस्सा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने जीएसटी रिफार्म फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए विपक्ष पर यह कह कर कटाक्ष किया कि इस बदलाव को समझने के लिए शिशु बुद्धि से काम नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी जैसी कुशाग्र बुद्धि चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कदम किसी तात्कालिक राजनीति निर्णय का नतीजा नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टि का हिस्सा है।


लखनऊ में पत्रकारों को जानकारी देते भाजपा प्रक्ता व सांसद सुधांशु त्रिवेदी।

बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म को अमल में लाकर आम उपभोक्ताओं मध्यमवर्गी लोगों, व्यापारियों और राष्ट्र के हितों को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और आमजन का हितैषी बनाना है। त्रिवेदी ने जीएसटी स्लैब में किए गए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि नए स्लैब लागू होने के बाद आम जनता को जरूरी सामान पर बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सीमेंट और लोहे-स्टील पर टैक्स की दरों को कम करने के फैसले से घर बनाने की लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर गाड़ियों पर भी जीएसटी की दरों को कम किया गया है। उन्होंने कहा कि होटल उद्योग में भी टैक्स की दरों में काफी राहत दी गई है।

### विपक्षी नेताओं को भी देखा गाड़ियां टीवी, फ्रिज खरीदते : ब्रजेश पाठक


लखनऊ की आलमबाग बाजार में एक दुकान पर व्यापारी से जीसटी सुधार को लेकर संवाद करते सुधांशु त्रिवेदी, ब्रजेश पाठक व आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत बुधवार को राज्यसभा सांसद, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ चंदर नगर मार्केट आलमबाग में पदयात्रा करके व्यापारियों व उपभोक्ताओं से संपर्क व संवाद किया। दुकानों में जाकर जीएसटी लाभ के स्टीकर लगाए और व्यापारियों को गुलाब भेंट दिया। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए सभी से आह्वान किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि मैंने कल से ढेर सारे विपक्षी नेताओं को देखा है गाड़ियों के शोरूम में गाड़ियां खरीदते हुए, टीवी, फ्रिज खरीदते हुए, वह भी प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दे रहे हैं। व्यापारियों से संपर्क के दौरान मानसिंह, महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अभिषेक खरे, विनायक पांडे, पीयूष दीवान, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, महेंद्र राजपूत, मानस बाहरी, रूपा देवी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकसित भारत बनने में एनीमिया बड़ा अवरोध : अमित घोष

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 46 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के एनीमिक होने पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जब हम 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की बात करते हैं तो एनीमिया इसमें बड़ा अवरोधक है। इस समस्या को खत्म करने के लिए तीन प्रतिशत दर प्रतिवर्ष कम करने का लक्ष्य रखा गया है, उसे प्राप्त करने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे।

प्रमुख सचिव बुधवार को हजरतगंज स्थित होटल में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, केजीएमयू व सेंटर ऑफ एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में प्रमुख सचिव महिला व बाल विकास लीना जौहरी, केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, क्वीनमैरी अस्पताल की विभागाध्यक्ष डॉ अंजू अग्रवाल और आईसीडीएस विभाग की उपनिदेशक अनुपमा सानडिल्य ने भी एनीमिया के संबंध में अपने विचार रखे।

### एनिमिया पर वार, मिलकर करेंगे 12 के पार

एनीमिया प्रदेशव्यापी जटिल समस्या से पार पाने के लिए एक प्लेटफार्म पर जमा हुए विभागों के प्रमुख व विशेषज्ञों ने मंथन किया और नतीजे पर पहुंचे कि महिला शिक्षक, महिला प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नेतृत्व क्षमता बढ़ाकर समुदाय में एनीमिया के प्रति महिलाओं को सजग किया जाए। शपथ ली गई कि मिलकर करेंगे हीमोग्लोबिन 12 के पार।

# सरकार को सुझाव देने में ग्रामीण आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विकसित यूपी अभियान**

- ग्रामीण इलाकों से सर्वाधिक 4.70 लाख सुझाव, नगरीय क्षेत्रों से 1.30 लाख
- 6 लाख लोगों ने साझा किए सुझाव, 31–60 आयु वर्ग आगे

**अमृत विचार :** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान में सरकार को सुझाव देने में ग्रामीण आगे हैं, जबकि इनके मुकाबले शहरी फिलहाल पीछे हैं। ग्रामीण इलाकों से अब तक सर्वाधिक 4.70 लाख और नगरीय क्षेत्रों से 1.30 लाख सुझाव मिले हैं। लगभग 6 लाख प्रदेशवासियों ने अपने-अपने सुझाव साझा किए हैं जिनमें 31–60 आयु वर्ग वाले ज्यादा हैं।

दरअसल, विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के तहत बुधवार 24 सितंबर तक लगभग 6 लाख प्रदेशवासियों ने अपने सुझाव साझा किए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 4.70 लाख तो वहीं नगरीय क्षेत्रों से लगभग 1.30 लाख प्रदेशवासी जुड़ चुके हैं। सर्वाधिक 3.20 लाख सुझाव 31-60 आयु वर्ग के लोगों द्वारा दिए गए हैं, जबकि लगभग 2.40 लाख सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों ने दिए हैं। यही नहीं करीब 40 हजार सुझाव सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से प्राप्त हुए है।

मालूम हो कि अभियान के तहत सभी 75 जिलों में विकास हेतु रोड मैप पर चर्चा कर फीडबैक प्राप्त किया जा रहा है। सर्वाधिक सुझाव शिक्षा क्षेत्र, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र, स्वास्थ्य क्षेत्र, समाज कल्याण, कृषि क्षेत्र, आईटी एंड टेक 14,700, इंडस्ट्री 15,182 तथा सुरक्षा से सम्बंधित विषयों पर प्राप्त हुए हैं। महाराजगंज से लगभग 62 हजार फीडबैक के साथ प्रथम, लगभग 30 हजार फीडबैक के साथ कानपुर देहात द्वितीय और 22 हजार से अधिक फीडबैक के साथ संभल तृतीय स्थान पर है। इसके अतिरिक्त प्रयागराज, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, गोरखपुर, सहारनपुर, शामली, एटा, मेरठ, फर्रुखाबाद, मैनपुरी आदि जनपदों से 4 लाख से ज्यादा फीडबैक प्राप्त हुए हैं।

### योगी ने यूपी ट्रेड शो की तैयारी का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा स्थित इण्डिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल व प्रदर्शनी से लेकर देशी-विदेशी आगन्तुकों के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी की सहभागिता के दृष्टिगत सुरक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

# गिरिजा शंकर अध्यक्ष, गिरीश मिश्र बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव चारबाग बस स्टेशन, लखनऊ में हुआ। प्रदेश भर की 200 से अधिक प्राथमिक इकाइयों, 20 क्षेत्रीय इकाइयों और विशिष्ट इकाइयों के प्रतिनिधियों ने इस चुनाव में हिस्सा लिया। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी चुनाव अधिकारी घनश्याम यादव महासचिव, उप्र राज्य निगम कर्मचारी महासंघ ने की।

सभा में गिरिजा शंकर तिवारी को लगातार दूसरी बार प्रांतीय अध्यक्ष और गिरीश चंद्र मिश्र को 12वीं बार प्रांतीय महामंत्री पद पर निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर निगम महासंघ के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में रविन्द्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविन्द कुरील, गुलजार अहमद, महेश कुमार राय, सुरेश चन्द्र पांडेय उपाध्यक्ष, संजय कुमार राणा अपर महामंत्री, चन्द्र हंस, सुरेश चन्द्र मिश्र, विवेकानंद सिन्हा, सतीश कुमार उप महामंत्री, बीके शुक्ल कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र सिंह संगठन मंत्री और वेदरत्न वर्मा प्रचार व सांस्कृतिक मंत्री शामिल हैं। साथ ही 42 सदस्यीय कार्यकारिणी भी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनी गई। घनश्याम यादव ने बताया कि चुनाव में प्रतिनिधियों का जोश व भागीदारी उल्लेखनीय रही और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई।


उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के चुनाव में विजयी सदस्य।

- रोडवेज परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में महामंत्री 12वीं बार निर्विरोध निर्वाचित

# जीएसटी में सुधार से स्वदेशी उद्योग को मिलेगा बढ़ावा : रालोद


लखनऊ में व्यापारियों से संवाद करते रालोद महासचिव अनिल दुबे व अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी करने का निर्णय एक देश-एक कर की नीति को मजबूती प्रदान करता है और देश की कर प्रणाली को और सरल एवं पारदर्शी बनाता है। इससे स्वदेशी उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। यह बात रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने बुधवार को रालोद प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कही। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के नेतृत्व में पदयात्रा निकालकर व्यापारियों को जीएसटी कम होने के फायदे बताए गए और उनकी राय व सुझाव भी लिए गए।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे 10 अक्टूबर तक करें पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव ने डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों को यह कार्य 10 अक्टूबर तक हर हाल में पूरा करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वे के कार्य में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मैनपावर लगाई जा सकती है और लेखपालों का सहयोग भी लिया जाए। साथ ही, सर्वे के साथ-साथ सत्यापन (वेरीफिकेशन) के कार्य में भी प्रगति सुनिश्चित की जाए।

**अफसोसजनक** | मुकदमा लड़कर अभ्यर्थियों ने लिया था उत्तर कुंजी देखने का अधिकार

# लोकसेवा आयोग की चक्की में पिस रहे प्रतियोगी छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तरप्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) के खिलाफ अभ्यर्थियों का आंदोलन फिर से सुगबुगाने लगा है। प्रतियोगी छात्रों ने ज्ञापन देकर दो दिन में समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मामला प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम जारी करने के पहले उत्तर कुंजी जारी करने को लेकर है। जिससे छात्र अपने उत्तरों का मिलान कर सके। दशक भर पहले आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में 150 प्रश्न सामान्य अध्ययन के हुआ करते थे। जिसमें कई प्रश्नों के उत्तर विकल्प विवादित या गलत होने का आरोप अभ्यर्थी लगाते थे। कई बार किसी प्रश्न का उत्तर आयोग जिसे सही मानता, उसे प्रतियोगी छात्र या पुस्तकें सही नहीं मानती थी। लेकिन परिणाम आयोग अपने अनुसार जारी कर देता था। इसे लेकर प्रतियोगी छात्रों ने आंदोलन शुरु कर दिया था और न्यायालय की शरण में जाना पड़ा था।

इसी मामले को लेकर न्यायालय ने आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष को तलब भी किया था। याचिकाकर्ता रहे अवनीश पाण्डेय बताते हैं कि इसके बाद आयोग ने न्यायालय से बचने के लिए 7 सदस्यों की कमेटी बनाई। अगस्त 2014 को निर्णय के अनुसार प्रारंभिक परीक्षाओं के बाद यथाशीघ्र चारों ए, बी, सी व डी सीरीज की उत्तर कुंजी जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्ति ली जाएगी। आपत्ति दर्ज किये गए उत्तरों के साथ ही शत-प्रतिशत उत्तरों के परीक्षण हेतु दो अलग एक्सपर्ट कमेटी से आख्या प्राप्त की जायेगी। दोनों आख्या समितियों में अंतर होने पर तीसरी एक्सपर्ट कमेटी गठित कर विवादित प्रश्नों पर अंतिम निर्णय प्राप्त किया जाएगा। इसके बाद संशोधित उत्तर कुंजी प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित करते समय ही जारी किया जाएगा। इसके बाद भी आयोग उत्तर कुंजी नहीं जारी किया।

### तीन वर्ष जारी हुई उत्तर कुंजी

न्यायालय में हलफनामा देकर भी आयोग अपनी बात से मुकर गया था। हमलोग ने कंपटीशन देने वाले छात्रों का संगठन प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति बनाया और फिर से न्यायालय गए। जिसके बाद पीसीएस 2015, 2016, 2017 की उत्तर कुंजी जारी हुई। सभी में प्रश्नों के गलत उत्तर रखे जाने के कारण उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा परिणाम संशोधित करने का आदेश दिया गया। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने उक्त निर्णय पर रोक लगा दी थी।

### आयोग ने प्रस्ताव ही बदल दिया

आयोग ने वर्ष 2018, 2019, 2020 की पीसीएस परीक्षा में उत्तर कुंजी जारी नहीं किया। उच्च न्यायालय में याचिका कर्ता रहे अवनीश पाण्डेय बताते हैं कि इसके बाद हम फिर से न्यायालय गए। आयोग द्वारा जो हलफनामा लगाया गया उसमें उल्लिखित है कि उक्त प्रस्ताव बदल दिया गया है। अब अंतिम परिणाम जारी करने के बाद उत्तर कुंजी जारी की जायेगी। इस संबंध में आयोग के सूत्रों का कहना है कि सभी परीक्षाओं के न्यायालय जाने के कारण प्रस्ताव बदलने का निर्णय लिया गया।

अमृत विचार www.amritvichar.com






# 13,797 परिवारों ने मांगे आशियाने, 4502 की हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नगर पंचायतों व पालिका क्षेत्र के निवासियों को दिए जाते पीएम आवास
- दिवाली के करीब मिल सकती है पहली किस्त, जिम्मेदार करते हैं जांच
- अब तक 1432 परिवार ही मिले हैं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पात्र

**अमृत विचार।** जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की ओर से नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाता है। जनपद से कुल 13,797 परिवारों ने आशियाने मांगे हैं जिसमें 4502 आवेदकों की ही अब तक जांच हो सकी है जिसमें 1432 ही पात्र मिले हैं।

डूडा कार्यालय की ओर से बताया जा रहा है कि वर्ष 2025-26 के तहत जांच में पात्र मिले आवेदनकर्ताओं को लाभ देने के लिए डीपीआर भेजा गया है। दिवाली के करीब लाभार्थियों को पहली किस्त मिल सकती है। डूडा के अवर अभियंता अवधेश कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन होते हैं। उसकी सूची संबंधित नगर पालिका और नगर पंचायतों को जांच के लिए भेजी जाती है। साथ ही राजस्व विभाग से भी जांच कराई जाती है। इसके बाद डूडा के अधीन काम करने वाले सर्वेयर जियो टैगिंग व जांच करते हैं। फाइनल सूची में पात्र मिले आवेदकों को ही लाभ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यालय से कुल 10,615 आवेदकों की जांच के लिए सूची संबंधित निकायों व तहसीलों में भेजी गई है जिसमें 4502 की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। इसमें 1432 पात्र व 3070 अपात्र मिले हैं।

### आवास के लिए इस तरह आए ऑनलाइन आवेदन

| नगर निकाय | कुल आवेदन | जांच को गए आवेदन | हुई जांच |
|---|---|---|---|
| छिबरामऊ | 3171 | 2376 | 1190 |
| गुरसहायगंज | 1556 | 1078 | 175 |
| कन्नौज | 4148 | 3392 | 1810 |
| समधन | 1703 | 1321 | 121 |
| सौरिख | 572 | 476 | 191 |
| सिकंदरपुर | 1082 | 891 | 340 |
| तालग्राम | 897 | 622 | 622 |
| तिर्वागंज | 668 | 459 | 59 |

### अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को मिला डूडा पीओ का प्रभार

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट में तैनात अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम को परियोजना अधिकारी डूडा का भी अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है। अब तक पीओ डूडा गिरीश चंद्र वर्मा का तबादला लखनऊ मुख्यालय के लिए हो गया है, उनके स्थान पर विभागीय अधिकारी की तैनाती नहीं हुई है। इस वजह से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को डूडा पीओ का भी प्रभार दिया गया है। पहले वह तिर्वा तहसील में एसडीएम न्यायिक थे लेकिन दो दिन पहले ही कन्नौज तहसील का एसडीएम न्यायिक बनाया।

# मकदूमापुर में धमाकों का आरोपी किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/मानीमऊ

**अमृत विचार।** मानीमऊ में बंम धमाके के आरोपी मोहम्मद हसन को पुलिस ने गिरप्तार कर लिया है।

मंगलवार को सुबह के समय मानीमऊ क्षेत्र के मकदूमापुर में मोहम्मद हसन के मकान में तेज धमाके हुए थे। धमाकों से एक बकरे की मौत के अलावा निकट के मकानों की दीवारों में दरार पड़ने के साथ ही खिड़कियों के शीशे टूट गये थे। लोग दहशत में आ गये थे। घटना के बाद मकान मालिक मोहम्मद हसन मौके से फरार हो गया था। पुलिस को मौके से आतिशबाजी बनाने की बारूद व बनी हुई आतिशबाजी बरामद हुई थी। इसके अलावा कुछ दैमार पटाके मकान की छत पर सूखते मिले थे। मामले में फरार आरोपी को मानीमऊ चौकी प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से आतिशबाजी बरामद की गई है। आतिशबाजी की फैक्ट्री अवैध रुप से चलने की बात सामने आई है। इस मामले में आरोपी ने कोतवाली में बताया कि उसके बीती दीपावली के बचे हुए पटाके धूप में सूखने के लिये रखे थे। शौचालय की छत पर बकरे के चढ़ जाने से ईट नीचे गिरी। इससे कई दैमार पटाके एक साथ फूट गये। एक साथ फूटने से तेज धमाका हुआ। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

### तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

**बीज मंत्र...ऐं श्रीं शक्तयै नमः।**

# हत्या, लूटपाट के आरोपी ससुर व दामाद पर 25-25 हजार का इनाम

## शहर के मोहल्ला कुतलूपुर में लूट व हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला कुतलूपुर में महिला की हत्या के बाद लूट के आरोपी ससुर-दामाद की गिरफ्तारी न होने पर एसपी ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। एसपी ने पांच टीमों को खोजने के लिये लगाया है। लुटेरे महिला की हत्या करने के बाद अलमारी से पांच लाख रुपये नकद व 10 लाख रुपये के जेवरात लूट ले गये।



सुनीता के घर में पुत्रियों से घटना के संबंध में जानकारी लेते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

- टीमें पंजाब समेत कई प्रांतों में कर रहीं आरोपियों की खोज
- पांच लाख नकद व 10 लाख के जेवरात लूट ले गये बदमाश

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुतलूपुर में बैंक कर्मी अरविंद श्रीवास्तव की पत्नी सुनीता की हत्या कर बेटी कोमल को बंधक बनाने के बाद लूटपाट करने वाले राजमिस्त्री जसवंत उर्फ पंकज चौहान निवासी जनपद बलरामपुर के थाना तुलसीपुर के गांव नथाई प्रेमनगर व उसके दामाद सूरज कश्यप थाना फतेहपुर चौरासी के हाफिजाबाद, हाल निवासी लखनऊ पर एसपी ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। इनकी गिरफ्तारी के लिये एसपी के निर्देश पर पांच टीमें लगातार पंजाब, समेत कई अन्य प्रदेशों में लगातार छापेमारी कर रहीं हैं। एसपी की मानें तो पुलिस को इन दोनों की गिरफ्तारी में सफलता मिलने वाली थी कि ऐन वक्त पर दोनों फरार हो गये। यह दोनों तिर्वा में किराये के मकान में रहते थे। यहीं से यह टायल व पत्थर बिक्री करने वाली दुकानों से संपर्क कर कहीं न कहीं काम तलाश लेते थे। इसी तरह की टायल के एक दुकानदार ने सुनीता को जसवंत से काम करने के लिये दिया था। जसवंत स्थानीय लेबरों को साथ लगा कर काम करता था कभी कभी उसकी दामाद भी काम कराने आ जाता था। 22 सितंबर को घटना के दिन यह दोनों अलग अलग मकान में पहुंचे। इसके बाद कम मसाला तैयार किया। बताया जाता है कि इन दोनों ने पहले से ही लूट की योजना बना ली थी। इसीलिये केवल दो ही टायल लगाये। इसके बाद 12 बजे के करीव सुनीता को नीचे बुलाया।

इसके बाद उनको बंधक बना लिया। सुनीता काफी देर तक दोनों बदमाशों से भिड़ती रही। इसके बाद वह हार गई। इस पर बदमाशों ने उनके हांथ व पैर एक साथ बांध दिये। मुंह में कपडा ठूस दिया जिससे वह बोल न सकें। इस के बाद मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंच कर बेटी को बंधक बनाया और अलमारी की चाबी लेने के बाद पांच लाख रुपये की नकदी व करीब 10 लाख रुपये के जेवरात लूट कर फरार हो गये। पडोसियों की माने तो घटना को अंजाम देने के बाद दोनों ससुर व दामाद ने जाते समय गेट के बाहर निकलते समय तेज आवाज में कहा कि आंटी गेट बंद कर ले अब वह दो दिन काम पर नहीं आयेंगे।

मकान की दूसरी मजिल पर बंधक सुनीता की पुत्री कोमल ने किसी तरह हांथ व पैर खोल कर मोहल्ले के लोगों को घटना के संबंध में जानकारी दी नहीं तो दोनों बैंक में नौकरी करने वाली पुत्री दिव्या के आने पर ही घटना की जानकारी होती।

### योगी सरकार अपराधियों को देगी कड़ी सजा: असीम

**कन्नौज।** समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण शहर में हुई लूट व महिला की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मिले। अश्वासन दिया कि अपराधी बख्शे नहीं जायेंगे। शहर के मोहल्ला कुतलूपुर में महिला की हत्या व लूट के मामले में जानकारी पर समाज कल्याणमंत्री असीम अरुण पीड़ित परिजनों से मिले। इस दौरान उन्होंने घटना के संबंध में पुत्रियों से जानकारी ली और आश्वासन दिया कि योगी सरकार लूट व हत्या करने वालों को नहीं बख्शेगी। उन्होंने महिला की हत्या और लूटपाट की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा पुलिस ने मामले को बहुत गंभीरता से लिया है, अपराधियों को सख़्त से सख़्त सज़ा दिलाई जाएगी। अपराधियों के साथ ऐसा न्याय होगा कि उनकी सात पीढ़ियां भी किसी के ऊपर आंख उठाने से पहले दस बार सोचेंगी। इस मामले में कड़ी जांच की जा रही है।

# योजना के लाभार्थियों का गृह प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अंगीकार अभियान और आवास माह कार्यक्रम 31 अक्टूबर तक मनाया जा रहा
- भारत सरकार की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मिशन निदेशक ने डीएम/ डूडा अध्यक्ष को पत्र भेजा है। भारत सरकार की ओर से अंगीकार अभियान- 2025 आवास माह कार्यक्रम किया जाएगा। इसी के तहत गृह प्रवेश हो रहे हैं।

डूडा कार्यालय की ओर से बताया गया है कि नगर निकायों में लोगों को शहरी आवास योजना- 2.0 के बारे में जागरूक किया जा रहा है। अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का चयन करने पर जोर दिया गया है। 04 सितंबर से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम किए जाएंगे। भारत सरकार की अन्य योजनाओं पीएम सूर्यघर, मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा योजना से भी पात्रों को लाभान्वित किया जाएगा। इसी के तहत अंगीकार 2025 अभियान चल रहा है। 17 सितंबर को पीएमएवाई-यू आवास दिवस भी बनाया गया है। डूडा के जेई अवधेश कुमार ने बताया कि इसी क्रम में कन्नौज नगर पालिका परिषद क्षेत्र में रंगियनपुर्वा सरायमीरा निवासी वानेश्वर की पत्नी कमला को वर्ष 2022-23 के तहत आवास दिया गया है बुधवार को उनके यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम हुआ।



रंगियनपुर्वा सरायमीरा निवासी प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी वानेश्वर की पत्नी कमला के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

इसी तरह तिर्वा नगर पंचायत के मोहल्ला गांधीनगर में ताराचंद्र की पत्नी किरन को वर्ष 2023-24 के तहत लाभ मिला है। एक दिन पहले उनके यहां भी गृह प्रवेश कराया गया। सभी नगर निकायों में इस तरह के आयोजन होंगे। प्रभारी पीओ डूडा अविनाश गौतम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास मेला शहरी दो चरणों में होगा। पहला चरण 17 से 27 सितंबर तक और दूसरा चरण 15 से 31 अक्टूबर तक चलेगा।

# जीएसटी सुधारों पर विधायक ने व्यापारियों से किया संवाद

**छिबरामऊ।** भारत सरकार द्वारा नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से लागू जीएसटी सुधारों के मद्देनजर विधायक अर्चना पांडेय ने व्यापारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने नगर की कई दुकानों का दौरा कर व्यापारियों से जीएसटी में दी गई छूट को ग्राहकों तक पहुंचाने की अपील की। विधायक ने कहा जीएसटी सुधार सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो व्यापार को आसान बनाने और आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए उठाया गया है। इन छूटों से न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि ग्राहकों को भी सस्ते दामों पर सामान उपलब्ध होगा। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे कदम उठाएगी। व्यापारियों ने विधायक के इस कदम की सराहना की।

### पुलिस ने पकड़ी 600 डीएपी खाद की खाली बोरियां

**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोहकमपुर पुलिया के पास मंगलवार शाम थाना प्रभारी राधेश्याम पुलिस फोर्स के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान ब्रेजा गाड़ी को रोका गया। जांच में गाड़ी से 600 डीएपी खाद की नई खाली बोरियां बरामद हुईं। इसकी सूचना तुरंत कृषि विभाग अधिकारी संत लाल गुप्ता को दी गई। वे मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

## न्यूज ब्रीफ

### विजय द्विवेदी सपा के मुख्य जिला प्रवक्ता

**कन्नौज।** सपा के राष्ट्रीय अद्यक्ष अखिलेशयादव ने कन्नौज जिले के भदौसी गांव निवासी बरिष्ट सपा नेता विजय द्विवेदी को सपा का जिला मुख्य प्रवक्ता नामित किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के निजी सचिव गंगा राम ने दी है।

### साइकिल से पूर्णागिरि रवाना हुए युवक

**छिबरामऊ।** नगर में विशुनगढ़ रोड मोहल्ला ग्रेसीगंज से जय मां पूर्णागिरि धाम की विशाल 28वीं साइकिल एवं रथ यात्रा इसके अध्यक्ष एवं देवसेना के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सभासद अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में 55 साइकिल यात्री दिव्य एवं भव्य रथ के साथ नगर भ्रमण करते हुए सौरिख रोड स्थित मां सिद्ध पीठ कालका देवी मंदिर पर पहुंचे। इन यात्रियों ने नगर के अन्य श्रद्धालुओं के साथ कालिका देवी मंदिर में पूजा अर्चना की, उसके बाद देवी दर्शन के लिए निकले। यहां पर विधायक अर्चना पांडेय ने माल्यार्पण करके सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। साइकिल यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एएसपी अजय कुमार, सीओ सुरेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने जानकारी ली।

### शुरू की वोटर पंजीकरण की मुहिम

**छिबरामऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी स्नातक निर्वाचन में मतदाता पंजीकरण को लेकर कमर कस ली है। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे के कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के कार्यकर्ताओं को वोटर पंजीकरण की जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ड-टू-वार्ड जाकर स्नातक मतदाताओं की पहचान करने और उनके वोट बनवाने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्नातक निर्वाचन में पार्टी का लक्ष्य अधिक से अधिक मतदाता जोड़ना है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने मतदाताओं की जानकारी जुटाने और उनके वोट पंजीकृत कराने की अपील की।



हवन पूजन के साथ श्री रामलीला का शुभारंभ करते कमेटी के पदाधिकारी।

### श्रीराम लीला कमेटी का हवन पूजन के साथ शुभारंभ

**सौरिख, कन्नौज।** श्रीराम लीला नाटक कमेटी पुरातन सौरिख के तत्वाधान में श्रीराम जी की पावन लीलाओं का मंचन हवन पूजन के साथ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने श्री गणेश वन्दना एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व श्री रामलीला रंगमंच द्वारा कमेटी में अपना प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग योगदान करने वाले एवं दिवंगत हो चुके सहयोगियों को श्रृद्धा सुमन अर्पित कर याद किया।

# मकान के क्षतिग्रस्त होने पर दी मदद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर में मकबरे की दीवार गिरने से मकान हुये छतिग्रस्त पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दो लाख रुपये पीडितों के लिये भेजे। सपा जिलाध्यक्ष ने पीडितों के यहां पहुंच कर चार परिवारों को 50-50 हजार रुपये सौंपे।

शहर के अजयपाल मोहल्ले में बीते दिन बारिश में मकबरे की दीवार ढहने से नुकसान उठाने वालों की सपा सुप्रीमों व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने मदद की है। पीड़ितों को 50 - 50 हजार की मदद कुल दो लाख रुपये भेजी। इन रुपये को सपा के जिलाध्यक्ष कलीम खां की अगुवाई में सपाई लेकर पीड़ितों के घर पहुंचे। जिसकी बाइक क्षतिग्रस्त हुई उन्हें भी मदद दी गई। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान एवं सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन बोले मकबरे की दीवार ढहने से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए थे। इन्होंने सरकार से भी मांग की थी।



पीडितों को सहायता धनराशि देने के बाद मौजूद पीड़ित व सपाई।

# 35 शिक्षकों व अनुदेशकों का वेतन, मानदेय काटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अधिकारियों व जिला समन्वयक के निरीक्षण में परिषदीय स्कूलों से मिले थे गायब
- सबसे अधिक 16 शिक्षामित्र व 13 सहायक अध्यापकों पर हुई कार्रवाई, मांगा जवाब

**अमृत विचार।** अधिकारियों व जिला समन्वयकों के निरीक्षण में गायब मिले परिषदीय स्कूलों के 35 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों का मानदेय व वेतन काट लिया गया है।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि 16 शिक्षामित्र, 13 सहायक अध्यापक और 06 अनुदेशक निरीक्षण में गैरहाजिर मिले हैं जिन पर कार्रवाई के आदेश जारी हो गए हैं।

उन्होंने जारी किए पत्र में कहा है कि उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के हांसापुर विद्यालय के संगम शुक्ल, निस्तौली की नित्या, जयचंद्र कुमार, खैरनगर द्वितीय में वंदना मौर्य, पुरसा के संजय सिंह, सराय भीम के गौरव सिंह भदौरिया, सुमिता यादव, इंदुइयागंज की ललिता सोलंकी, पूनम, रीमा, तेरामल्लू की प्रेमलता, त्रिलोकपुर की संध्या राजपूत, गोरखपुर उत्तरी की अनुराधा व अनुराग रमन, सहजापुर में ममता सिंह, छिबरामऊ में सरोज कुमार, बर्छज्जापुर की हसीना बाना, गोरखपुर दक्षिणी से रोहित कुमार, रामगंज की शीला देवी, रसूलाबाद की संतोषी द्विवेदी, बद्धापुर्वा के अनुरुद्ध प्रताप सिंह, किसई जगदीशपुर की एकता मिश्रा, बलनपुर की अर्चना सिंह, ठठिया की सरोजनी देवी व रीना बाथम, सौरिख की कुसुमलता, पदारथपुर की माला तिवारी, लाख के राधाकृष्ण, गुंबदपुर से सुनील कुमार, भरौली की निशा मिश्रा, विजय कुमार व सुखराज सिंह व खैरनगर द्वितीय से ललिता देवी पर कार्रवाई हुई है।

कैंप | तीनों तहसील क्षेत्रों में लगाया गया कैंप, 1532 मरीजों की जांच कर दिया उपचार

# 10वें आयुर्वेद दिवस पर मरीजों की जांच कर दी दवा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- आयुर्वेद दिवस सदर तहसील तिर्वा व छिबरामऊ में मनाया गया

**अमृत विचार।** 10वां आयुर्वेद दिवस मंगलवार को सदर तहसील, तिर्वा व छिबरामऊ में मनाया गया। इस मौके पर जिला आयुष समिति की ओर से स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक डाक्टरों ने कैंप में मरीजों की जांच कर उपचार दिया।

10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर समस्त तहसीलों सहित प्रत्येक राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय में बड़े पैमाने पर वृहद स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इसमें आमजन को आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। सदर तहसील में आयोजित कैंप का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अप्रित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश गौतम व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजू ने जानकारी दी। सदर तहसील में होम्योपैथिक डा. संदीप कटियार, आलोक कुमार, सूर्य प्रसाद चतुर्वेदी, सतेंद्र कुमार सक्सेना, ने 125 मरीजों की जांच कर उपचार दिया। इसी तरह तहसील छिबरामऊ में विधायक अर्चना पांडेय व तहसील तिर्वा में मां अन्नापूर्णा मंदिर परिसर में उप जिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविरों का शुभारंभ किया। इन शिविरों के माध्यम से जनपद स्तर पर आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा की उपलब्धता को जन-जन तक पहुंचाने की अभूतपूर्व पहल की गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव ने बताया कि शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियो की जांच, परामर्श एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। उक्त तीनों स्वास्थ्य शिविरों में 992 रोगियों एवं प्रत्येक राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय में 540 रोगियो सहित कुल 1532 रोगियों को परामर्श एवं निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं। इस दौरान जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



सदर तहसील में स्वास्थ्य कैंप में दवा लेते मरीज। अमृत विचार

### दुष्कर्म के आरोपी ने दी धमकी

**कन्नौज।** ठगी व बलात्कार के मामले में दर्ज मुकदमें को वापस कराने के लिये आरोपी गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र की महिला को धमकी दे रहा है।

आरोप लगाया है कि ठठिया थाना क्षेत्र के गांव सिखवापुर निवासी आरोपी ने महिला से पट्टा दिलाने के नाम पर 9500 रुपये ठग लिये थे। इसी के संबंध में महिला को बुलाकर उसके साथ बलात्कार किया था। मामले का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मुकदमें को वापस लेने के लिये आरोपी उस को लगातार धमकी दे रहा है। कह रहा है कि यदि मुकदमा वापस न लिया तो उसकी हत्या कर देगा। महिला ने एसपी को बताया कि आरोपी सजायाफ्ता है। वह 10 वर्ष की सजा काट चुका है।



## न्यूज ब्रीफ

### 50 शैय्या मैटरनिटी विंग का शुभारंभ

**छिबरामऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू हुए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत राजकीय महिला चिकित्सालय में 50 शैया मैटरनिटी विंग का विधायक अर्चना पांडेय ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को पोषाहार वितरित किया। उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद कमियों को शीघ्र दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। यह विशेष अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके तहत जनता को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल, गंभीर

**कायमगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी धर्मपाल (45) अपनी बाइक से कायमगंज आ रहा था तभी रास्ते में गांव बरझाला के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर वाहन चालक मौका देख वहां से फरार हो गया। आस-पास मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### नहीं रहे लोधी समाज के संरक्षक, श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद।** विद्युत विभाग के पूर्व अधिकारी व ब्लाक मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सुल्तानगर के पूर्व प्रधान रहे लोधी महासभा के संरक्षक समाजसेवी आरबी सिंह का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर लोधी समाज के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज के प्रति ऐसे समर्पित व्यक्तित्व की कमी हमेशा खलेगी। अखिल भारतीय लोध महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष परशुराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश चंद्र राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, भाजपा जिला मंत्री डा धर्मेन्द्र राजपूत, पंकज राजपूत एडवोकेट, समाजसेवी पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर वर्मा लल्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जौली राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# मबई रिहायक में बुखार से मासूम की मौत, कई बीमार

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीड़ितों की जांच कर दवा दी

संवाददाता जलालाबाद

**अमृत विचार।** बीते दो सप्ताह से ग्राम मबई रिहायक में ग्रामीण बुखार से पीड़ित है। जबकि एक और मौत से ग्रामीण सकते में हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में डेरा जमाये है। बुखार से पीड़ितों को जांच कर दवा वितरित की जा रही है।


अंशिका।

बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मबई रिहायक में एक और मौत से ग्रामीण भयभीत है। जबकि मवई निवासी हरिओम सक्सेना ने बताया कि उसकी पुत्री अंशिका (04 माह) को दो-तीन दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि एमओआईसी मनोज कुमार के निर्देशन में लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप लगाकर बुखार से पीड़ितों का इलाज कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग टीम के डॉ. संदीप कुमार कोली ने बुधवार को कैंप लगाकर बुखार से पीड़ित 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। टीम के द्वारा ब्लड सैंपल के नमूने भी लिए गए। एमओआईसी मनोज कुमार ने बताया कि लगातार मबई रिहायक में कैंप लगाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि अपने आसपास गंदगी व जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने दें। बासी खाना न खायें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। इस दौरान पुनीत यादव, शोभित यादव, गौरव, रीना बाथम, सविता देवी आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोगों की रोकथाम को बैठक

**गुरसहायगंज।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर पालिका कार्यालय में बैठक कर पालिका कर्मियों को संचारी रोगों की जानकारी दी |बुधवार को स्वास्थ्य विभाग टीम के डॉक्टर जितेंद्र बैरवा, यूनिसेफ ब्लॉक मोबिलाइजर नसीबा खान ने नगर पालिका कर्मियों को वर्षा के बाद मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के आवश्यक जानकारियां दी। डॉ. जितेंद्र बेरवा ने कहा कि आगामी 05 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी अभियान चलाया जाएगा पालिका द्वारा रोस्टर के अनुसार प्रत्येक वार्ड में विशेष सफाई अभियान फॉगिंग कराई जाएगी।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**सौरिख।** थाना क्षेत्र के ग्राम रौसेन में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक विवाहिता का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। मृतका की पहचान अर्चना पत्नी अनुज कुमार उर्फ रवि के रूप में हुई है। उसकी शादी लगभग सात वर्ष पूर्व हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई।

बताया जाता है कि अर्चना की शादी 7 वर्ष पूर्व हुई है। पांच वर्षीय बेटी आर्या स्कूल से लौटकर घर पहुंची तो उसने अपनी मां को फांसी पर लटका देखा। बच्ची के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी इकट्ठा हो गए। गांव के चौकीदार ने थाना सौरिख पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव क़ो कब्जे में लिया। मृतका के पिता जगपाल सिंह निवासी उरिहनखेड़ा जिला उन्नाव ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। कहा कि कई वर्ष से उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल पक्ष दहेज और अन्य बातों को लेकर दबाव डालते थे। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पीएमश्री यूपीएस में हुआ मीना मेला उत्सव और बाल संसद

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

- गुगरापुर ब्लाक प्रमुख ने फीता काटकर किया शुभारंभ
- मिशन शक्ति व मीना का तोता रहा आकर्षण का केंद्र


मीना मेला का फीता काटकर शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख गुगरापुर संदीप चतुर्वेदी।

**अमृत विचार।** मीना के जन्म दिवस पर मीना मेला उत्सव बाद सांसद व शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व मीना मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया।

बुधवार को पीएमश्री उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में मीना मेला व बाल संसद शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और मीना मेला का फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मीना के जन्म दिवस पर छात्राओं द्वारा विधिक एवं कानूनी, पावर एंजेल, बाल, गणित ट्रिक, विज्ञान व खेल स्टाल लगाए गए। इसका बाहर से आए गणमान्य व्यक्तियों में बीईओ छिबरामऊ आनंद द्विवेदी, रोहित तिवारी, शैलेंद्र प्रताप, विश्वनाथ शर्मा, उदित शुक्ला, संजीव कटियार, विकास कुमारी दीक्षित, श्याम प्रताप सिंह भदौरिया ने कक्षा कक्ष में जाकर आईसीटी स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, शिक्षक कार्य, खेलकूद सामग्री, टेबल टेनिस आदि का अवलोकन कर छात्राओं का उत्साह वर्धनकिया। जबकि मिशन नारी शक्ति की झांकियों के अलावा मोनिका सक्सेना ने आकर्षक रंगोली, अतुल दीक्षित के दिखाए गए जादू की सराहना की गई।

मीना से संबंधित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें छात्रों के सही उत्तर देने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना, रामकिशोर सिंह, नीरज कुमार यादव, ऋषि कुमार, लोकेश कुमार, अनिल कुमार, अनामिका पांडे, सुदेश कुमार, अभय कुमार, दीपा त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# सदर इंस्पेक्टर को 4 को कोर्ट में हाजिर होने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हाईकोर्ट में लंबित वादों में आख्या न आने व उसकी वजह से प्रक्रिया का तामीला न कराने के आरोप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के खिलाफ प्रकीर्ण वाद अंतर्गत धारा-388 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दर्ज किया है। साथ ही 04 अक्टूबर को पक्ष रखने के लिए तलब किया गया है।

सीजेएम श्रद्धा भारतीय ने जारी किए आदेश में कहा है कि 18 सितंबर को कन्नौज कोतवाली के इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह के खिलाफ न्यायालय ने एक नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया है कि 39 वादों की जो सूची उच्च न्यायालय की आख्या से संबंधित है में थाना से आख्या न मिलने की वजह से हाईकोर्ट से संबंधित पत्रावलियों में प्रोसेस का तामीला नहीं कराया जा सका है। इसको लेकर इंस्पेक्टर से व्यक्तिगत उपस्थित होकर स्पष्टीकरण मांगा गया लेकिन पैरोकार जुबेर मलिक एवं रवि व सीजेएम न्यायालय के रीडर/ मुंसरिम /लिपिकगण की आख्या के बाद पता चला है कि संबंधित इंस्पेक्टर ने 24 सितंबर तक स्पष्टीकरण नहीं दिया है जो कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा को दर्शाता है।

इंस्पेक्टर का यह कृत्य न्यायालय अवमानना की श्रेणी में भी आता है। उनके खिलाफ वाद दर्ज करते हुए सुनवाई की तारीख 04 अक्टूबर मुकर्रर की गई है। साथ ही लिपिक को आदेशित किया गया है कि संबंधित इंस्पेक्टर के संबंध में प्रोसेस निर्गत किया जाए। साथ ही आदेश की प्रति जनपद न्यायाधीश कन्नौज, डीजीपी व एसपी को तत्काल भेजा जाए।

# गुरसहायगंज में टैबलेट पाकर खिले छात्र, छात्राओं के चेहरे

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** बुधवार को चौधरी जयवीर सिंह महिला शिक्षण संस्थान मिश्रापुर सराय प्रयाग में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के तहत टेबलेट वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि छिबरामऊ पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे व कॉलेज के संस्थापक जयवीर सिंह यादव एडवोकेट ने टेबलेट वितरित किए। संस्थापक जयवीर सिंह यादव एडवोकेट ने बच्चों को टैबलेट के फायदे बताए। बच्चों का टीचर स्टाफ द्वारा मार्गदर्शन किया गया। बच्चे टैबलेट पाकर बहुत प्रसन्न दिखाई दिए। इस अवसर पर प्रबंधक प्रशांत सिंह, मुख्य व्यवस्थापक राहुल भदौरिया, आलोक यादव, अगम कुमार दुबे, राजेंद्र सिंह, संजीव मोहन शर्मा, आशीष, दीपक, शैलेश, सौरभ आदि रहे।



छात्रा को टेबलेट देते संस्थापक जयवीर सिंह यादव। अमृत विचार

**मां भगवती महाविद्यालय में टैबलेट वितरित हुए: छिबरामऊ।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मां भगवती महाविद्यालय में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि टेबलेट वितरण योजना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान युग तकनीक का है और सरकार इस योजना के माध्यम से छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। टेबलेट छात्रों को डिजिटल दुनियाkrजानकारी प्राप्त करने में भी मदद करेंगे।

# प्रधानाध्यापक को सस्पेंड किया सहायक अध्यापक को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 22 सितंबर को डीएम से मिले थे महज 22 विद्यार्थी व 09 शिक्षक
- बेसिक शिक्षाधिकारी को भी 39 छात्र-छात्राएं कक्षा में दिखे

अमृत विचार। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निरीक्षण के एक दिन बाद ही बीएसए संदीप कुमार प्राथमिक स्कूल उमर्दा पहुंचे। जिलाधिकारी को जहां पंजीकृत 122 बच्चों के सापेक्ष 22 मिले थे तो बेसिक शिक्षा अधिकारी को 39 विद्यार्थी ही मिले। कमियों के चलते प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सहायक अध्यापक को नोटिस जारी कर जवाब-तलब हुआ है।

जिलाधिकारी ने 22 सितंबर को विद्यालय का निरीक्षण किया था। कम विद्यार्थी व उसके सापेक्ष अधिक शिक्षक मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई थी। शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहतर नहीं थी। उसके अगले दिन बीएसए ने उमर्दा के उसी विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने जारी किए पत्र में कहा है कि कंपोजिट ग्रांट, स्पोर्टस ग्रांट, मिड-डे मील पंजिका, शिक्षक डायरी निरीक्षण के दौरान नहीं मिली।

प्रधानाध्यापक ज्ञानेंद्र कुमार शिक्षण कार्य करते नहीं मिले। इस पर नाराजगी जताई गई। बताया गया है कि करीब 02 वर्ष पहले विद्यालय की 122 मीटर चाहरदीवारी बनाए जाने के निर्देश दिए थे अब तक 61 मीटर ही बाउंड्रीवॉल बन सकी है। अन्य कमियों को देखते हुए प्रधानाध्यापक को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। साथ ही सहायक अध्यापक अनुरुद्ध कुमार की शिक्षक डायरी न बनी होने, मोबाइल में निपुण एप लक्ष्य न मिलने पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक उत्तर न आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सत्तारूढ़ दल को भारी पड़ेगी पीडीए की उपेक्षा: डॉ. जितेन्द्र

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की पीडीए की उपेक्षा आने वाले चुनाव में भारी पड़ेगी।

वरिष्ठ सपा नेता व समाजसेवी अमृतपुर के सेक्टर बरखिरिया के बूथ उनासी में बुधवार को पीडीए जन-चैपाल को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा बाढ़ ने अमृतपुर सहित जिले के कई अन्य क्षेत्रों में काफी नुकसान किया है। आठ सालों से भाजपा की सरकार है, लेकिन अमृतपुर क्षेत्र में बाढ़ के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा हमारे वरिष्ठ नेता आजम खान का उत्पीड़न किया गयाअन्त में सत्य की जीत हुई। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की उपेक्षा भाजपा को भारी पड़ेगी। आयोजन में जनता के बीच जाकर पीडीए को सशक्त बनाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।



पीडीए पंचायत को सम्बोधित करते सपा प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव।

# अनाज चुराने गए युवक ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पुलिस द्वारा पकड़े जाने से भयभीत युवक विजेंद्र शाक्य ने फांसी लगाकर जान दे दी।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम आरमपुर निवासी 32 वर्षीय विजेंद्र शाक्य पुत्र राधेश्याम ने मंगलवार रात करीब आठ बजे फांसी पर लटक गया। बजरिया चैकी इंचार्ज लछिमन सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया गया कि विजेंद्र मजदूरी करता था। बीती शाम गांव में तेरहवीं का कार्यक्रम था। गांव के राजेंद्र शाक्य के परिजन कार्यक्रम में गए थे। इसी दौरान राजेंद्र निगरानी करने के लिए घर पहुंचे तो उन्होंने विजेंद्र को घर से गेहूं चुराते पकड़ लिया। विजेंद्र वृद्ध राजेंद्र को धक्का देकर भाग गया। राजेंद्र के मेन गेट में कुंडी लगी थी।

चोरी की जानकारी होने पर गांव वाले भी एकत्र हो गए। राजेद्र के घर से कई बार गेहूं की एवं सरसों चोरी हो चुकी है। चोरी की सूचना मिलने पर मेडिकल चौकी के सिपाही विपिन गौतम एवं सिपाही सुरेश कुमार ने विजेंद्र के घर की तलाशी ली। उस समय विजेंद्र घर पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने राजेंद्र के घर जाकर जांच पड़ताल की। पुलिस के चले जाने के बाद ही विजेंद्र ने रस्सी से फांसी लगायी।

# दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों को दी सांत्वना

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार। कंम्पिल थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा के साथ कंप्यूटर सेंटर पर दूसरे समुदाय के युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था।

बुधवार को भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य पीड़िता के घर पहुंचीं। पीड़ित परिवार से बंद कमरे में आधा घंटे तक बातचीत की और उन्होंने कहा कि आरोपियों पर कठोर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा कि बीते दिन आजम खान की रिहाई हुई तो अखिलेश यादव ने कहा की यदि सपा सरकार बनी तो आजम खान पर लगे सभी मुकदमे खत्म किए जाएंगे, जिससे अखिलेश यादव की मानसिकता क्या है, साफ झलक रही है। उन्होंने कहा कि पीड़िता पर आरोपी धर्मांतरण का दबाव बना रहे थे। यह बहुत ही संवेदनशील मामला है, उन्होंने कहा कि यह लव जिहाद का मामला है। राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने अपील की कि यदि किसी भी लड़की के साथ ऐसा मामला इस गिरोह ने किया है तो वह निकल कर आगे आएं और अपनी पीड़ा बताए जिससे कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।


पीड़िता के घर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य व अन्य।

- पीड़िता के परिजनों से मिलीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा कस्बा अमृतपुर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कई स्थानों पर महिलाओं को एकत्रित कर जागरूक किया।

थानाध्यक्ष मोनू शाक्या ने कहा कि महिलाएं हमेशा से ही देश के विकास में अपना योगदान देती रही हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में पीछे नहीं रहतीं। आज महिलाएं अपनी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अंतरिक्ष में भी उन्होंने अपनी जगह बनाई है। ट्रेन हो एयरोप्लेन आर्मी, पुलिस, शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में भी महिलाओं ने पूरा योगदान दिया है। इसलिए अब महिलाओं को स्वयं के अंदर ऊर्जा पैदा करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षा अति आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक मां अपनी बेटी को पूर्ण रूप से शिक्षित करें और उसे समाज के बारे में जानकारी दें। अधिकतर महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं और वह खुदकुशी जैसे आत्मघाती कदम उठा लेती हैं। महिलाओं को मजबूत और सशक्त होना चाहिए। किसी भी हाल में खुदकुशी ना करें।

सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कॉलेज, पूजा स्थलों तिराहों, चैराहे पर अगर कहीं किसी बहन बेटी के साथ में कोई व्यक्ति गलत हरकत या इशारे करता है उसे परेशान करता है फब्तियां कसता है या सोशल मीडिया पर उसे बदनाम करने का प्रयास करता है तो ऐसी स्थिति में महिलाएं आत्म ग्लानि को छोड़कर कानून का सहारा लें।

आयोजन | मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुआ आयोजन

# 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रमों का समापन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दसवें आयुर्वेद दिवस के एक सप्ताह के उत्सव के समापन दिवस पर, फर्रुखाबाद के मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में समापन समारोह का आयोजन किया गया। आयुर्वेद दिवस 2025 का मुख्य थीम 'आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लैनेट' था। पूरे सप्ताह विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन समारोह के दौरान, सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन अनुष्ठान और भगवान धन्वंतरी की वंदना से हुई। डॉ. अरुण पाण्डेय ने तब सप्ताह भर के कार्यक्रमों के मुख्य बिंदुओं को साझा किया। तत्पश्चात शिक्षकों ने आयुर्वेद दिवस पर अपने विचार साझा किया और इस क्रम में महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर नीतू श्री ने 'संगछध्वं संवदध्वं' के सिद्धांत का पालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने दायित्व निर्वहन पर जोर दिया। योग प्रशिक्षक डॉ. कविता नेगी के मार्गदर्शन में 2023 बैच के छात्रों द्वारा एक आकर्षक योग नृत्य प्रदर्शन किया गया।



समापन अवसर पर प्रशस्ति पत्र के साथ भावी चिकित्सक। अमृत विचार

पोस्टर प्रस्तुतिकरण के लिए प्रथम पुरस्कार हृतिक हलदार, गोपाल गुप्ता, प्रिंस बोस, रमन कुमार और वंश विक्रम राठौर को प्रदान किया गया। रील-मेकिंग प्रतियोगिता में, 2019 बैच की रूपाली ने शीर्ष स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 2023 बैच के राज पांडे, नवीन कुमार और अनुराग प्रजापति द्वारा साझा किया गया। राज पांडे ने पिक-एंड-स्पीक इवेंट में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का शीर्ष सम्मान 2022 बैच की निधि और सुमैरा फातिमा को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ पावर पॉइंट प्रस्तुति पुरस्कार 2019 बैच की रूपाली, 2021 बैच से अमित और सौरभ ने सर्वश्रेष्ठ पावरपॉइंट प्रस्तुति पुरस्कार प्राप्त किया।

2022 बैच से अंकित दुबे को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार मिला। 2023 बैच के लिए, आकांक्षा भदौरिया को उत्कृष्ट पीपीटी प्रस्तुति के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। 2024 बैच से सतीश को सर्वश्रेष्ठ पीपीटी प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रीता सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अवैध खनन में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज में खनन माफिया ने पुलिस चौकी इंचार्ज पर ट्रैक्टर-ट्राली चढ़ाने का प्रयास किया। फैजाबाद चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार सिंह ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना उस समय हुई जब चौकी इंचार्ज अपने साथी नितिन कुमार के साथ आईजीआरएस और बैंक चेकिंग के लिए गांव धमंगवा पहुंचे थे। वहां वे ग्राम प्रधान सुधीर के बेटे अमन से पूछताछ कर रहे थे। इसी दौरान एक मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली आई। पुलिस ने जब परमिशन और नंबर प्लेट की जानकारी मांगी तो ट्रैक्टर चालक सुरेश, उसके बेटे भानु, सुधांशु और भतीजे विशाल ने ट्रैक्टर नहीं रोका। चौकी इंचार्ज ने जब ट्रैक्टर रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर और उनके साथी पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया।

आरोपी ट्रैक्टर को एक प्लाट में ले गए और मिट्टी पलटने लगे। पुलिस द्वारा रोकने पर चारों आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हो गए। यह घटना प्रशासन के उस दावे की पोल खोलती है जिसमें कहा जा रहा था कि क्षेत्र में अवैध खनन नहीं हो रहा है। मामले पर क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजीव कुमार द्विवेदी ने बताया कि चौकी इंचार्ज गांव धमगमा में गए हुए थे। जहां पर एक ट्रैक्टर बिना नंबर के मिट्टी ला रहा था जिसे रोका गया, लेकिन ट्रैक्टर न रोक कर चढ़ाने का प्रयास किया गया। ट्रैक्टर पर सवार लोगों द्वारा चौकी इंचार्ज से मिसबिहेव किया गया।

# उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिया जाए

## जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने मातहतों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता बुधवार को जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में हुई। बैठक में उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिया जाए। निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहने पाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को लेकर एलडीएम को गति बढ़ाई जाने हेतु निर्देश दिए साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडीओपी को लेकर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एजुकेशन लोन पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे बच्चों को पढ़ाई में सहायता मिलेगी एवं जनपद की रैंक में भी सुधार आएगा। सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 21 उद्यमी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्री प्रोमोशन प्राथमिकता पर है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई जैसी छोटी-छोटी इकाइयों पर ध्यान दिया जाए, उन्हें 5 लाख तक की सब्सिडी प्राप्त कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी उद्यमी इंडस्ट्री लगाना चाहते हैं उनको शासन स्तर द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए एवं अच्छे बिजनेस प्लान वालों को भी सभी सरकारी विभागों द्वारा सहायता प्राप्त कराई जायेगी। उन्होंने बिजली विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एलडीएम, संस्कृत पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, विद्युत विभाग, बैंकर्स, समस्त उद्यमियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबी कूद स्पर्धा में बसवारा, खो-खो में बाहुरी विद्यालय का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बढ़पुरा ब्लॉक क्षेत्र की संकुल स्तरीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जैतपुरा और बाहुरी में आयोजित की कई। प्राथमिक स्तर और जूनियर स्तर खो-खो प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय बाहुरी के बालक और बालिकाओं की टीम विजेता घोषित हुई।

व्यायाम शिक्षक अजयपाल सिंह ने बताया कि लंबी कूद जूनियर बालक वर्ग में विपिन कम्पोजिट विद्यालय बसवारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और बालिकाओं में उच्च प्राथमिक विद्यालय बाहुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की लम्बी कूद में आदित्य प्राथमिक विद्यालय धमना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और बालिकाओं में मुस्कान प्राथमिक विद्यालय धमना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में रघु प्राथमिक विद्यालय बाहुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में कृष्णा प्राथमिक विद्यालय धमना पार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और देवांश प्राथमिक विद्यालय विधूपुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की 50 मीटर दौड़ में पायल प्राथमिक विद्यालय बाहुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में मानवी प्राथमिक विद्यालय धमना कछार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में मुस्कान प्राथमिक विद्यालय धमना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अंश और 200 मीटर दौड़ में रुद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय बाहुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका की 100 व 200 मीटर दौड़ में प्रान्सी उच्च प्राथमिक विद्यालय बाहुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बाहुरी संकुल के सभी संकुल शिक्षक और अध्यापक और अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।


लम्बी कूद प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बुखार के बाद इंस्पेक्टर की मौत

**कानपुर।** मूलरूप से इटावा के भरथना डांडी कटेहरा निवासी 39 वर्षीय इंस्पेक्टर वरुण प्रताप सिंह की बुखार के बाद अस्पताल में मौत हो गई। वे 2010 बैच के थे। परिवार में पत्नी रूबी और दो बच्चे हैं। पिता रामशरण सिंह ने बताया कि वरुण मौजूदा समय पुलिस लाइन में तैनात थे। इससे पूर्व वह सचेंडी, नौबस्ता और महाराजपुर में भी तैनात रहे। कुछ दिनों से उन्हें बुखार आ रहा था। अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट न होने पर विसरा रखा गया है। पुलिस लाइन में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद परिजन शव इटावा ले गए।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**इकदिल।** थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत जखोली के समीप पास डाउन लाइन पर बुधवारकी सुबह ट्रेन से कट कर युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक प्रथमदृष्टया मामला हादसा लगा रहा है। आशंका है कि रेललाइन पार करने के दौरान युवक ट्रेन की चपेट में आने या फिर चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। युवक लाल शर्ट और पैंट पहने हुए है उम्र करीब 30 वर्ष है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल हुए ग्राम हरचन्द्रपुर निवासी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संजीव कुमार 45 वर्ष पुत्र मेहरबान निवासी ग्राम हरचन्द्रपुर सिविल लाइन विगत दिवस सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, उसे जिला अस्पताल से पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना सिविल लाइन पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### स्वच्छता पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई

**इटावा।** जायंट्स सेवा समर्पण सप्ताह के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत ज्ञान मंदिर स्कूल फ्रेंड्स कालोनी में छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर पोस्टर बनवाकर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं को स्वयं की सफाई के प्रति भी जागरूक किया गया। छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों को भी सरलता से समझाया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आई छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। ज्ञान मंदिर की प्रधानाचार्य ऋतु यादव ने अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना का पटका पहनाकर सम्मान किया। फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित, डीओएफ विमल शर्मा, संगीता अग्रवाल, रीना राठौर, प्रतिभा सिंह, अलका अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

### स्वरचित कविता में सत्यदेव अव्वल

**बकेवर।** जनता कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सस्वर गायन एवं स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश किशोर त्रिपाठी ने की। प्रतियोगिता के प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने बताया कि प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी गायन व साहित्यिक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. नवीन अवस्थी एवं डॉ. योगेश शुक्ला प्रमुख रहे। स्पर्धा में प्रथम सत्यदेव एमएससी कृषि, द्वितीय प्रिया तिवारी बीएससी गणित, तृतीय जानवी तिवारी बीएससी गणित ने प्राप्त किया।

### नगर पालिका ने हटाया अतिक्रमण

**इटावा।** नगर पालिका ने बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क पर अतिक्रमण करने वाले लोगों का सामान जब्त किया गया तथा कुछ लोगों पर जुर्माना भी वसूला। बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में नगर पालिका ने राजा गंज चौराहे से लेकर कबाड़ी अतिक्रमण अभियान चलाया। आरआई नगर पालिका प्रदीप शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले लोगों से करीब 29 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

# जिला अस्पताल के इमरजेंसी में लिखी जा रहीं बाहर की दवाएं!

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में अनियमितता सामने आई है। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर पर एक महिला तीमारदार ने अस्पताल के बाहर मेडिकल से दवा, इंजेक्शन मंगवाने का आरोप लगाया है।

लखना निवासी निशा अपनी सास का टूटा हाथ लेकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में आई। महिला का आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने मरीज को टांके लगाने के बाद भर्ती करने से मना कर दिया और सुबह एक्सरे कराने की बात कही। महिला ने डॉक्टर से गुजारिश की, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बाहर से इंजेक्शन लिख दिए, जिनकी कीमत लगभग 650 रुपये है। निशा का कहना है कि ये दवा जिला अस्पताल में उपलब्ध थीं, इसके बावजूद डॉक्टर ने बाहर से दवा खरीदने को कहा। जब महिला इंजेक्शन लेकर आई तो ओटी में मौजूद वार्ड बॉय ने उन्हें स्टेरलाइज ड्रम में रख दिया। महिला ने इसकी शिकायत सीएमएस से की। इस सम्बंध में सीएमएस परितोष शुक्ला ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच कराई जाएगी यदि डॉक्टर दोषी पाए गए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि संबंधित डॉक्टर ने कुछ दिन पूर्व ही सिविल लाइन थाना पुलिस पर उन्हें जबरन उठा ले जाने और परेशान करने का गंभीर आरोप लगाया था।

# केंद्र व राज्य सरकार महिला उत्थान के हर संभव प्रयास कर रही : पूनम द्विवेदी

संवाददाता, महेवा (इटावा)

**अमृत विचार।** महेवा ब्लॉक में बुधवार को पोषण पंचायत एवं मिशन शक्ति फेज पांच के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी थीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मी कांत त्रिपाठी की देखरेख तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा पांडेय के संयोजन में हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूनम द्विवेदी ने कहा केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र की तीन आंगनबाड़ी क्षेत्र की महिला लाभार्थियों की गोद भराई तथा तीन नौनिहालों का अन्न प्रासन किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ब्रजबिहारी त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया, महिला थाना प्रभारी निर्मला कुमारी ने भी महिलाओं को जागरूक करते हुए मिशन शक्ति के बारे में बताया। संचालन राजू दुबे ने किया।


गोद भराई कार्यक्रम में फल भेंट करतीं महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी व अन्य।

- महिला आयोग की सदस्य ने गोदभराई कार्यक्रम में लिया भाग

# कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार अपना सकते छात्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना का बुधवार को विकास भवन में शुभारंभ प्रोत्साहन एवं सिलेबस किट वितरण के साथ किया गया।

कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सरकार का उद्देश्य बेहतर कंप्यूटर ज्ञान के साथ लिपिक वर्ग व समीक्षा अधिकारी जैसी परीक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही इन कोर्स के बल पर छात्र-छात्राएं स्वरोजगारों के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर ए एंड ए कंप्यूट्रॉनिक्स के प्रबंधक राहुल दुबे, शमशी इंस्टीट्यूट के प्रबंधक मोहम्मद तारिक शमशी समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी रहे।


छात्रा को प्रोत्साहन किट प्रदान करतीं विधायक सरिता भदौरिया।

# जीआईसी में लगी नव प्रवर्तन प्रदर्शनी, अधिकारियों ने देखी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिला विज्ञान क्लब इटावा के माध्यम से जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के आशा सभागार में बुधवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नित्य निरंतर हम नए-नए उपकरणों एवं संसाधनों का प्रयोग करते जा रहे हैं, जिससे आम जीवन की कार्यशैली बदल रही है। असंगठित क्षेत्र में हुए नवाचार को इस प्रदर्शनी से नया प्लेटफार्म मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप कृषि निदेशक आर एन सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नए विचार और नई तकनीकी का ऐसा संगम जो मानव जीवन की यात्रा को सरल बना सके ऐसे नवाचार कर हम अपने प्रदेश और देश को विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में डॉ. एनके शर्मा डीन कृषि इंजीनियर कॉलेज, महेंद्र सिंह प्राचार्य के के पीजी, श्याम लाल प्राचार्य पंचायत राज महाविद्यालय ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रदर्शनी का मूल्यांकन किया। नव प्रवर्तन प्रदर्शनी के आयोजन में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य डॉक्टर दीपक कुमार सक्सेना, डॉक्टर मुकेश यादव, बी के पाल, पूर्णिमा, सूरज सिंह, हिमांशु यादव, कुलदीप, सुरजीत का सहयोग रहा।


नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का अवलोकन करते अधिकारी। अमृत विचार

### राम बारात का पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**बसरेहर।** कस्बा बसरेहर की ऐतिहासिक रामलीला में मंगलवार को भव्य राम बारात का आयोजन किया गया। कस्बे की गलियां और मुख्य मार्ग से रामलला की बारात के स्वागत में सजे-धजे नजर आए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने इस ऐतिहासिक दृश्य को यादगार बना दिया। जगह-जगह फूलों की वर्षा और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया।

राम बारात में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और माता सीता का स्वरूप धरे कलाकारों ने जब मंचन किया तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कलाकारों ने जब झांकी सजाई तो छोटे-बड़े सभी ने तालियों और जयकारों से उनका उत्साह बढ़ाया। समिति अध्यक्ष अनिल यादव, प्रबंधक अवनीश कुमार, उपाध्यक्ष पदम तिवारी, रोहित यादव (एड.), अमर पोरवाल, कपिल पोरवाल, सतीश बाबू यादव, भूवनेश पोरवाल मौजूद रहे।

# नारी सशक्तिकरण और रक्तदान के लिए किया जागरूक, बताया महत्व

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

**अमृत विचार।** लॉर्ड मदर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बुधवार को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम द्वारा नारी सशक्तिकरण और रक्तदान जागरूकता कार्यशाला की गई।

कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार मीना ने रक्तदान के महत्व और लाभों के बारे में बताया। कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण कार्य है जो किसी की जान बचा सकता है। डॉ. अर्पित सिंह, प्रियंका पाल और अवध किशोर ने भी अपने विचार साझा किए। विद्यालय के उप प्रबंधक डॉ. मोरिस ने कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह, कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र सैम और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने का आग्रह किया।



कार्यक्रम में मौजूद स्कूल का स्टाफ व अन्य। अमृत विचार

### इस्लामिया में लगा सोपान शिविर

**इटावा।** जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश और जिला सचिव रविंद्र यादव के निर्देशन तथा प्रधानाचार्य गुफरान अहमद के सहयोग से डॉ. सुनील कुमार सिंह जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स एवं शशि प्रभा के नेतृत्व में इस्लामिया इंटर कॉलेज में तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इस्लामियां इंटर कॉलेज, कर्मक्षेत्र इंटर कॉलेज तथा आर्यकन्या इंटर कॉलेज इटावा के स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया।

बोले, राज्यमंत्री | गांव, गरीब और किसान कल्याण को समर्पित है सरकार

# प्रभारी मंत्री ने सुनीं समस्याएं, लगाई झाड़ू

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ को सीधे जनता तक पहुंचाने व ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम ऐरी रमपुरा डकोर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। गंगवार ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के उपरांत आज आपके गांव में जूनियर हाई स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार हो गया है। अब शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं आपको गांव में ही मिलेंगी। यह प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों के लोग बिना कठिनाई के बुनियादी सेवाओं से लाभान्वित हों। कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 लाभार्थियों को मकान की चाबियां वितरित की और आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए।

उन्होंने आंगनबाड़ी विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया और लाभार्थियों को आशीर्वाद दिया। साथ ही कार्यक्रम में लगाए गए विकासपरक विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। जन चौपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, भाजपा जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।


शहर के डूडा कॉलोनी में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाते मंत्री संजय सिंह व अन्य।

### बोले मंत्री, स्वच्छता से ही स्वास्थ्य व विकास

**उरई :** स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शहर की डूडा कॉलोनी में विशेष सफाई अभियान एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, एमएलसी प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष उरई प्रतिनिधि विजय चौधरी के साथ झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। साथ ही विकास भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

### डंपर की टक्कर से ट्रक मिस्त्री की मौत

**कालपी।** जोल्हूपुर मोड़ के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में कमी नहीं हो पा रही है। बुधवार सुबह ट्रक में काम करते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने मिस्त्री को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल में ही मिस्त्री की मौत हो गई।

मनीगंज कस्बा कालपी निवासी 19 वर्षीय ट्रक मिस्त्री सुहेल मंसूरी पुत्र मोहम्मद नबी जोल्हूपुर मोड में ट्रक को सुधारने का काम करता है। बुधवार को करीब 11 बजे एक ट्रक को सुधार रहा था। इसी दौरान कालपी से उरई की ओर जा रहे डंपर सुहेल को रौंद दिया। सुहैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर ज्ञान भारती चौकी के इंचार्ज विपिन कुमार, सिपाही रणजीत सिंह, राहुल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे तथा मौके का जायजा लेकर नागरिकों को समझाया। पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी करके शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया। खबर जैसे ही मृतक के घर पहुंची तो परिजन बेहाल हो गए।

# शक्ति अभियान : बालिकाओं महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी की मौजूदगी में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान-5.0 चलाया गया।

नगर पालिका परिषद कालपी के सभागार में आयोजित मिशन शक्ति गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं के हितों के लिये शासन के द्वारा तमाम प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी समस्याओं के लिए जब भी आवश्यकता पड़ेगी मैं उसे तत्परता से निदान करने का प्रयास करूंगा। गोष्ठी में

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने बालिकाओं, छात्राओं, महिलाओं को जागरुक करते शासन की योजनाओं को बताया तथा जरूरत पड़ने पर विभिन्न सरकारी नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1067, के संबंध में तमाम प्रकार जानकारी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के दौरान अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं तथा बालिकाओं के अलावा सभासदगण तथा गमन नागरिक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक पर हमला, जान से मारने की धमकी

अछल्दा (औरैया)। कस्बे के ब्लॉक चौराहा निवासी आयुष उर्फ मोनू पुत्र स्व. संजीव कुमार के साथ चार युवकों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित आयुष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह फर्रुखाबाद पुलिस लाइन में अपने चाचा के साथ रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। 22 सितंबर की शाम करीब 6:30 बजे वह घर आया था और वाद शाह कैफे पर चाय पीने गया था। तभी दो बाइकों पर सवार नीषू पुत्र धीरेन्द्र (पप्पू), रिषि पुत्र धीरेन्द्र, रामू पुत्र जगतसिंह निवासी हनुमंतपुर और मोहन पुत्र गुड्डन निवासी बझेरा आए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने हाथ में पहना कड़ा निकालकर सिर पर वार किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों के पास अवैध हथियार भी थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

औरैया। अछल्दा-बहारपुरा मार्ग पर बुधवार दोपहर 3 बजे एक अज्ञात वाहन ने एक 45 वर्षीय युवक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के समय गश्त कर रहे चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक हेमेंद्र चौधरी वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत घायल युवक को अपनी निजी कार में बैठाया। उन्होंने युवक को सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया। सीएचसी में डॉक्टर अमरदीप चौधरी ने घायल का प्राथमिक उपचार किया।

### शराब के नशे में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अछल्दा (औरैया)। थाना अछल्दा क्षेत्र के ग्राम नगला झाल में रविवार रात पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक और उसके परिजनों ने गांव के ही एक परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान कुल्हाड़ी से हमला कर युवक के पिता को घायल कर दिया गया। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी चोटें आईं। धर्मेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 21 सितंबर की रात करीब 8 बजे गांव का ही राजीव कुमार शराब के नशे में उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर राजीव ने अपने परिवार के रामजी, विद्यावती और रामबहादुर के साथ मिलकर अचानक हमला कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# किसानों को समय से उन्नत बीजों की आपूर्ति की जाए: प्रतिभा शुक्ला

## राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की बिक्री का हो प्रबंध
- ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति हो सुनिश्चित



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला व सदर विधायक।

अमृत विचार। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार शत प्रतिशत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए साथ ही समय-समय पर जर्जर तारों को बदलने की कार्यवाही भी की जाए। खराब ट्रांसफार्मर को निर्धारित समय सीमा के अंदर बदलवाएं तथा विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में समय से विद्युत आपूर्ति कराई जाए, जिससे किसानों को फसल की सिंचाई में कोई असुविधा या परेशानी न हो। ये बातें जनपद प्रभारी/ राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मुख्यमंत्री की प्रमुख योजना में शामिल योजनाओं के अंतर्गत विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कहीं।

प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों को समय से उन्नत बीजों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा कृषि यंत्रों आदि की अनुदान की राशि को डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित किया जाए। जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में बताया गया कि जनपद में एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और डीएपी समुचित मात्रा में स्टॉक में है साथ ही यह भी बताया गया कि जनपद में सभी सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरकों आदि का वितरण नियम के अनुसार कराया जा रहा है। महिला सहायता समूह की समीक्षा करते हुए राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की बिक्री के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं साथ ही मुख्य विकास अधिकारी की देख रेख में स्वयं सहायता समूहों का गठन, उनके रिवाल्विंग फंड का स्थानांतरण तथा उनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की भी समीक्षा की जाए जिससे उनके स्वावलंबन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने जल निगम ग्रामीण की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि हर घर नल योजना के अंतर्गत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए साथ ही पानी की पाइप लाइन डालने के उपरांत काटी गई सड़क को पूर्ववत स्थिति में बनाया जाए। उन्होंने बताया कि अब पुरानी चार-स्तरीय व्यवस्था हटाकर सिर्फ 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दरें रखी गई हैं। इससे भ्रम, कानूनी झंझट और टैक्स भरने की मुश्किलें कम होंगी। दूध, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों के सामान जैसे जरूरी घरेलू सामान पर अब सिर्फ 5 प्रतिशत या शून्य कर लगेगा। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे। जनपद प्रभारी राज्यमंत्री ने कहा कि कॉपियों, पेंसिल, नक्शों और अन्य ज़रूरी छात्र सामग्री पर अब कोई कर नहीं लगेगा। विलासिता की वस्तुओं और लग्जरी सामान पर अब 40% कर लगाया गया है। इससे आम लोगो पर बोझ घटेगा।

इस अवसर पर कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत ट्रेड दर्जी से प्रशिक्षण प्राप्त कु. बेवी मिश्रा, कु. नेहा, अन्शू, सन्ध्या, कु. सोनम को सिलाई मशीन व किट तथा एक मृतक आश्रित को सफाई कर्मी पद पर नियुक्ति पत्र का वितरण राज्य मंत्री एवं सदर विधायक द्वारा किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान शामिल लोग। अमृत विचार

# सात दिनों से चल रहे सेवा समर्पण सप्ताह का समापन

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

अमृत विचार। जायंट्स ग्रुप आफ दिबियापुर सहेली ने गत सात दिनों से चल रहे सेवा समर्पण सप्ताह का समापन बुधवार को रामगढ़ रोड स्थित गायत्री आश्रम में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात आए हुए अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सहेली संस्था की सदस्यों ने आए हुए सभी अतिथियों को भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किये। वरिष्ठ समाजसेवी जीएन अग्रवाल ने स्वर्गीय आशा अग्रवाल की स्मृति में सहेली संस्था के माध्यम से सामाजिक कार्य करने की घोषणा करी। अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल ने सभी पूर्व अध्यक्षों को भेंट प्रदान कर सम्मानित किया कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी जीएन अग्रवाल, उषा पालीवाल, डॉक्टर हरी बाबू गुप्ता, डॉक्टर श्याम गुप्ता, कोऑर्डिनेटर पूनम पुरवार यूनिट डायरेक्टर प्रीति पोरवाल, अपर्णा सिंह यूनिट 4, फेडरेशन ऑफिसर रेनू सिंह, सहित अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, उपाध्यक्ष भारती पोरवाल, प्रशासनिक निदेशक दीपा गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीलम गुप्ता, मंजू मिश्रा, सहित सभी सहेलियां उपस्थिति रहीं। इसी क्रम में यूनिट डायरेक्टर प्रीति पोरवाल ने यूनिट 5 के अंतर्गत एक यूनिट कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया जिसमें उन्होंने अच्छे कार्यों के लिए दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये जिसमें सखी संगिनी ग्रुपकी अध्यक्ष चांदनी गुप्ता एवं सचिव किरण यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी पोरवाल, सहित अनेक पदाधिकारी भी पधारे। आउटस्टैंडिंग अध्यक्ष का पुरस्कार सहेली संस्था की अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल को दिया गया जबकि सखी संगिनी को एक्सीलेंट ग्रुप का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सपना गुप्ता ने किया। कहा कि उनकी संस्था समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पशु सेवा जैसे क्षेत्रों में आगे भी इसी प्रकार से निरंतर कार्य करती रहेगी।

# कलश यात्रा के साथ भागवत का शुभारंभ

संवाददाता, कंचौसी, औरैया



कलश यात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार। बुधवार को दर्शन सिंह स्मृति महाविद्यालय के प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन भक्तों ने गाजेबाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली।

कलश यात्रा में विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां कंचौसी नगर के लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। प्रख्यात कथावाचक आचार्य शांतनुजी महाराज ने सर्वप्रथम आयोजन स्थल पर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद पीले वस्त्र में सिर पर कलश लेकर मौजूद एक हजार आठ महिलाओं व कन्याओं को माथे पर तिलक लगाकर तथा गंगाजल छिड़ककर यात्रा के लिए प्रस्थान कराया। शोभायात्रा नहरपुल, किशोरारोड, क्रासिंग रोड, रेलवे स्टेशन रोड, औरैया रोड से होते हुए पुनः कथास्थल पर पहुंची। परीक्षित अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह (भोले) एवं उनकी पत्नी प्रेमशीला, गजेंद्र सिंह व पत्नी पूनम, आशीष सिंह रवि ादि शामिल रहे।

# टॉवर पर चढ़कर हंगामा करने में युवक गिरफ्तार

संवाददाता, अयाना, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के भासौन में घरेलू कलह के चलते युवक ने रविवार रात को मोबाइल टॉवर पर चढ़कर हंगामा किया था। दूसरे दिन सोमवार को दोबारा टॉवर पर चढ़कर हंगामा करने पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उसे टॉवर से उतारने के बाद गिरफ्तार किया है।

भासौन निवासी अंकुश राठौर रविवार रात नौ बजे के करीब घर से कुछ दूरी पर स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया था। दूसरी शादी व रुपयों की मांग करने को लेकर शोर मचाने लगा था। इस पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष अजय कुमार व फायर बिग्रेड की टीम ने परिजनों की मदद से उसे नीचे उतारने का प्रयास किया। करीब दो घंटे बाद 11 बजे परिजन की ओर से 20 हजार रुपये देने की बात कही। इसके बाद युवक टॉवर से नीचे उतर कर आया। इसके बाद सोवमार शाम को युवक दोबारा टॉवर पर चढ़ गया। युवक ने परिजन की ओर से 20 हजार रुपये न मिलने की बात कहते हुए दोबारा हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उसे रात 10 बजे के करीब टॉवर से उतरवाया।

थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि युवक पारिवारिक विवाद और शराब के नशे में दूसरी बार टॉवर पर चढ़ा था। उसने गांव के लोगों से भी अभद्रता की है। युवक के गांव में रुकने से अप्रिय घटना घटित होने की आशंका थी। इसके चलते उसे गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया। मंगलवार को उसे सदर एसडीएम की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे 14 दिन के लिए जेल भेजा गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

- परिजन पर कम रुपये देने का आरोप लगाया

> युवक शराब के नशे में टॉवर पर चढ़ गया था। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद उसे समझाकर सुरक्षित टॉवर से उतारा गया है। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की हरकत न करने के लिए जागरूक करने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।
> – अजय कुमार, अयाना थानाध्यक्ष

# श्री राम के जन्म पर पंडाल में खुशी की लहर

संवाददाता, फफूंद, औरैया



भगवान राम लक्ष्मण की आरती उतारते अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार। कस्बा स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव 155 वां गौरवशाली वर्ष के दूसरे दिन मंगलवार की रात्रि श्रीरामजन्म की लीलाओ का मंचन किया गया। भगवान श्री राम का जन्म होते ही पंडाल में जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।

कस्बा स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के 155 वां गौरवशाली वर्ष के दूसरे दिन मंगलवार की रात्रि श्री रामजन्म की लीलाओ का मंचन किया गया। मुख्य अथिति राममोहन शुक्ला व संजीव कुमार (गुड्डू) दुवे ने सयुक्त रूप से फीता काटकर लीला का शुभारम्भ किया।

- भगवान राम के जन्म पर पंडाल में मनाया गया जश्न

मुख्य अथिति ने भगवान राम के दरबार की आरती उतारी।और उन्होंने कहा कि 155 वां गौरवशाली वर्ष चल रही रामलीला आस पास के क्षेत्रो में प्रसिध्द है। पुरानी विरासत को बनाये रखने के रामलीला कमेटी के अध्यक्ष व कमेटी के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं।

मंचन के दौरान राम जन्म प्रसंग में दिखाया गया कि राजा दशरथ विचार कर रहे हैं कि हमारे घर में कोई पुत्र नहीं है। जिसके घर में पुत्र नहीं होता वह घर अशुभ माना जाता है। इस दुख को लेकर राजा दशरथ अपने गुरु वशिष्टजी के पास जाते हैं। वशिष्ट ऋषि उन्हें वरदान देते हैं और पुत्र के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ कराने को कहते हैं। यज्ञ से स्वयं अग्निदेव प्रकट होकर प्रसाद देते हैं। उस प्रसाद को बराबर मात्रा में बांटकर तीनों रानियों को दिया जाता है, जिससे उनके घर चार पुत्रों की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ पुत्र का नाम राम, दूसरे का भरत,तीसरे का लक्ष्मण ओर चौथे भाई का नाम शत्रुध्न रखते हैं। भगवान राम का जन्म होते ही रामलीला पंडाल में जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।

### पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

अयाना, औरैया। थाना क्षेत्र के जगतपुर निवासी पूनम यादव ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि पिता मलखान सिंह ने उसकी शादी 27 फरवरी 2017 को जगतपुर निवासी शिवप्रताप यादव के साथ की थी। शादी के बाद से पति, जेठ चंद्रप्रकाश, वेदप्रकाश, जेठानी लाली देवी, सास कमला उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगी। इस पर उसने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दो माह पहले पति ने कोर्ट में समझौता कर लिया। 21 सितंबर को आरोपियों ने दहेज में दो लाख रुपए और कार की मांग कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसे व बेटे युवराज को घर से निकाल दिया।

# श्री गोपाल वाटिका आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा एक अक्टूबर से

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। महावीरगंज श्री गोपाल वाटिका आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आगामी 1 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। भागवत कथा रसपान अंतरराष्ट्रीय कथावाचक आचार्य मनोज अवस्थी के मुखारविंद से श्रवण कराई जाएगी। यह जानकारी आयोजक मंडल द्वारा प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया को दी गई है। श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 7 अक्टूबर मंगलवार को सुदामा चरित्र के साथ संपन्न होगा।

श्रीमद् भागवत कथा आयोजक मंडल द्वारा महावीरगंज स्थित एक प्रतिष्ठान पर मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया गया कि आगामी 1 अक्टूबर बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। जिसमें परीक्षित के रूप में मीरा देवी एवं सुरेश चंद्र बरसइया रहेंगे। 2 अक्टूबर गुरुवार को प्रथम स्कंध भगवान के 24 अवतार एवं व्यास नारद संवाद। 3 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को सुखदेव जी आगमन ध्रुव चरित्र अजामिल एवं प्रहलाद कथा, 4 अक्टूबर शनिवार को गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन वामन एवं राम अवतार श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा होगी। 5 अक्टूबर रविवार को श्री कृष्ण बाल लीलाएं एवं गोवर्धन लीला, 6 अक्टूबर सोमवार को महाराज कंस वध, उद्धव गोपी संवाद एवं कृष्ण रुक्मणी विवाह, 7 अक्टूबर मंगलवार को सुदामा चरित्र, 9 योगेश्वर, 24 गुरु परीक्षित मोक्ष आदि की कथा के साथ विश्राम होगा। जबकि 8 अक्टूबर बुधवार को हवन पुर्णाहुति एवं भंडारा भोज आयोजित किया जाएगा। वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से सुरेश चंद्र बरसइया, संतोष वरसइया, राजकुमार बरसइया व सुशील बरसइया, आनंद बरसैया आदि मौजूद रहे।

महिला शक्ति सम्मेलन

## जिलाधिकारी के निर्देश पर मिशन शक्ति 5 .0 के तहत महिला शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत किया जागरूक

संवाददाता, बिधूना, औरैया




शिविर के दौरान लोगों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। विकास खंड क्षेत्र के गांव भटौली में बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के जागरूक किया गया। शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर स्वास्थ्य जांच और पेंशन आवेदन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग, आयुष, ग्राम विकास, महिला कल्याण, कृषि, उद्यान, खाद एवं रसद, समाज कल्याण, जल निगम, ग्रामीण विद्युत, पंचायती राज और आयुष्मान विभाग आदि द्वारा स्टाल लगाए गए। प्रशासन द्वारा इन स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों क्षेत्र महिलओं को शासन की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास पुष्टाहार के स्टालों पर ग्रामीणों की विशेष भीड़ देखने को मिली। वहीं, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बच्चों का मुंह मीठा करने के साथ गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक गोदभराई व किट वितरित की गईं। महिला शक्ति सम्मेलन में पुलिस विभाग ने भी शिरकत की। क्षेत्राधिकारी बिधूना पी पुनीत मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने महिला आरक्षियों के साथ सम्मेलन में महिलाओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े संदेश दिए। इस कार्यक्रम में एडीओ पंचायत नृपेंद्र यादव के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, पंचायत सचिव, अध्यापक, महिला पुलिसकर्मियों और बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने सहभागिता की।

### महिला शक्ति सम्मेलन का हुआ आयोजन

अछल्दा, औरैया। विकास खंड क्षेत्र में बुधवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत नल्हूपुर के बघुआ स्थित पीएचसी अस्पताल में महिला शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सतीश पाण्डेय और थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस दौरान सचिव अवनीश यादव भी मौजूद रहे। महिला शक्ति सम्मेलन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। थाना प्रभारी ने महिलाओं को सम्मेलन के उद्देश्य और महिला सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश सरकार ने महिला थाने स्थापित किए हैं तथा महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। नवरात्रि के दौरान मातृशक्ति को जागरूक करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बीडीओ ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित किया और विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश अभियान के तहत क्यू आर कोड के माध्यम से सुझाव देने की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में किशोरियों व नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती माताओं की गोद भराई की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, महिलाएं उपस्थित रहे।

### बिधूना में वर्ष 1966 से शुरू हुई रामलीला

बिधूना, औरैया। श्री रामलीला समिति बिधूना के तत्वाधान में रामलीला महोत्सव का इतिहास काफी पुराना है। यह रामलीला वर्ष 1966 से शुरू हुई थी और श्री रामलीला समिति के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय बहादुर सिंह सेंगर थे। श्री रामलीला समिति बिधूना के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता एलएस ने बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए बताया है कि इस बार रामलीला महोत्सव 5 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगा और इसमें देश के प्रमुख कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। उन्होंने बताया है कि इस बार रामलीला के मंच पर किसी प्रकार का डांस नहीं होगा। इस बार रामलीला मंचन के दौरान कई प्रमुख अधिकारियों के उपस्थित रहने का भी भरोसा दिया गया है।

# फफूंद-बाबरपुर मार्ग पर हो गए बड़े-बड़े गड्ढे

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- बच्चे स्कूल जाते एवं आते समय हादसों के शिकार हो रहे हैं

अमृत विचार। नगर फफूंद बाबरपुर मार्ग कस्बे की मुख्य सड़क मानी जाने वाली रोड की हालत लगातार खराब होती जा रही है। चौराहे से लेकर आगे तक जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। पास से तीन-तीन गेस्ट हाउस नारायण धाम गेस्ट हाउस, महादेव गेस्ट हाउस, निहारिका गेस्ट हाउस, सड़क की यह स्थिति हादसों को न्योता दे रही है।

आए दिन छोटे बड़े हादसों का खतरा बना रहता है। दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में फिसल कर घायल हो जाते हैं। वहीं बड़े वाहन गड्ढों में फंसने से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। रोजाना स्कूली बच्चों एवं आम जन इसी खतरनाक मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। दुकानदारों का कहना है एवं गेस्ट हाउस मालिकों ने बताया की धूल और कीचड़ से उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द से जल्द सुधार के लिए कदम नहीं उठाए गए तो बड़ा हादसा हो सकता है। रात के समय गड्ढे ठीक से नहीं दिखाई देते जिससे वाहन चालक उनसे टकरा जाते हैं। क्षेत्र के लोगों ने जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत करवाकर आम लोगों को समस्या से निजात दिलाने की मांग की ताकि लोग बिना किसी परेशानी से अपना सफर तय कर सकें और बच्चों का स्कूल भी जाने में कोई परेशानी न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य शिविर में 220 रजिस्ट्रेशन

**कुरारा।** स्थानीय सीएचसी में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 220 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। स्थानीय सीएचसी में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत बुधवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमे 220 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। साथ ही 38 लोगों का बीपी चेक किया गया। 35 लोगों की शुगर की जांच की गई व 6 लोगों की टीवी की स्क्रीनिंग की गई। जबकि 14 गर्भवती महिलाओं की एएनसी, 21 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए, 6 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए व 28 लोगों की काउंसलिंग की गई। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर दयानन्द मिश्रा, डॉ.अनिल कुशवाहा, योगेंद्र यादव, जितेन्द्र कुमार, सौरभ, विकास रहे।

### मामूली विवाद में फोड़ दिया महिला का सिर

**राठ।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ले में पानी के निकासी को लेकर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दो महिलाओं ने अपनी पड़ोसी गीता पत्नी जयसिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाल अमित कुमार ने बताया घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध विस्फोटक के साथ एक गिरफ्तार

**मुस्करा।** थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि मुखबिर खास के द्वारा सूचना मिली कि बीती शाम बसवारी गांव के तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति कई बड़े-बड़े गत्तों में सामान लिए खड़ा है। जिस पर संदेह होने के चलते उपनिरीक्षक अनिरुद्ध द्विवेदी, कांस्टेबल रोहित एवं प्रसून पाण्डेय को भेजा गया। जहां पुलिस ने उस व्यक्ति को रोक कर पूछताछ की। जिस पर मालूम चला कि व्यक्ति मुस्करा निवासी दिलीप पुत्र हरिशंकर गुप्ता है। और जब उसके गत्तों की तलाशी ली गई तो उसमें लगभग 70 किलो अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद हुए। जिसे पुलिस पकड़ कर थाने ले आई और दिलीप के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

### बुजुर्ग के साथ मारपीट कोतवाली में तहरीर

**राठ।** कस्बे के नवीन गल्ला मंडी के पास कबाड़ एकत्र करने वाली एक महिला ने एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित बुजुर्ग ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कस्बे के नवीन गल्ला मंडी के पास रहने वाले बुजुर्ग व्यक्ति सुकइंया पुत्र हरी ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि बुधवार को अपने घर के पास टहल रहा था। तभी उसी दौरान कबाड़ एकत्र करने वाली एक महिला उसे गालियां देने लगी। बताया कि जब अपने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त महिला ने उसकी जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया। उसने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण की जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव के पास एक लोडर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। महोबा जनपद के कुलपहाड़ कस्बे के रहने वाले संतोष कुशवाहा और उनके चचेरे भाई राजेश बाइक से कस्बा खेड़ा गाँव में दवा लेने जा रहे थे। गौहानी गाँव के पास एक तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों भाई सड़क पर गिर गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। संतोष की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### भूमि प्रबंधन समिति की बैठक 3 अक्टूबर को

**हमीरपुर।** उप जिलाधिकारी केडी शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सुमेरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अतरैया में राजस्व ग्राम की गाटा सं. 598 ग रकवा 13.561 हे. व गाटा संख्या 588 रकबा 6.337 हे. व गाटा सं. 386 रकबा 0.409 हे. व गाटा सं. 388 रकबा 0.409 हे. व गाटा संख्या 364 रकवा 0.736 हे. नवीन परती व गाटा सं. 598 क रकबा 27.313 हे. बंजर में पात्र व्यक्तियों को कृषि पट्टे आवंटन किए जाने के लिए भूमि प्रबंधक समिति की बैठक पंचायत भवन में 3 अक्टूबर को आहूत की गई है।

---

पुलिस और एसओजी का संयुक्त ऑपरेशन, एक आरोपी पहले ही हो चुका गिरफ्तार

# बाइक मिस्त्री के हमलावर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

- दोनों आरोपियों के पैर में लगी गोली, इलाज के लिए अस्पताल भेजे गए
- लाठी-डंडों और गोली से हमले में घायल बाइक मिस्त्री कानपुर के अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


मुठभेड़ के बाद आरोपियों को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बाइक मिस्त्री पर लाठी-डंडे से हमला करने के बाद हत्या के इरादे से गोली मारने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के एक पैर तो दूसरे आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है। एक आरोपी घटना के दूसरे दिन ही मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। उसके भी पैर में गोली लगी थी।

12 सितंबर की शाम मौदहा कस्बे के पुराने एचडीएफसी बैंक के पास रागौल निवासी अतीत प्रजापति पर बाबू, नीरज, दिलावर सहित दो अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इसी बीच हत्या के इरादे से गोली भी मारी गई थी, जो अतीत के कंधे में लगी थी। उसका अभी भी कानपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही तिन्दुही रोड पर कस्बे के छोटा कसौड़ा निवासी निहालउद्दीन की घेराबंदी कर मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। आरोपी के पैर में गोली लगी थी।

हमले के मुख्य आरोपी बाबू पुत्र रहमान और नीरज पुत्र नोखेलाल की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इनकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाली के साथ एसओजी को लगाया गया था। मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कपसा के निकट पहाड़ी पर बने मंदिर के आसपास दिखे हैं। इसके बाद कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक त्रिवेदी, उपनिरीक्षक विशांत खोखर सहित भारी संख्या में पुलिस और एसओजी प्रभारी सचिन शर्मा के साथ आरोपियों की घेराबंदी की गई।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी बाबू के दोनों पैरों में और आरोपी नीरज के एक पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने बताया कि मुठभेड़ में बाबू व नीरज को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पैरों में गोली लगी है। नामजद आरोपी दिलावर और एक अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## जिला कारागार की लोक अदालत में दो शिकायतें दर्ज

**हमीरपुर।** जिला कारागार में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 02 मामले प्रस्तुत हुए। लेकिन अपराध की प्रकृति, बंदी की जेल अवधि आदि को दृष्टिगत रखते हुए मामलों का निस्तारण नहीं हो सका।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय को उपरोक्त बंदियों को सरकारी अधिवक्ता के माध्यम से शीघ्र रिहाई के लिए प्रयास किये जाने के निर्देश दिए। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व सचिव ने जेल में कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की और जेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मानक के प्रतिकूल प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी की तथा उक्त समस्याओं के निवारण के लिए जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा व नवनियुक्त जेलर आनंद को आवश्यक निर्देश दिये। सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बंदियों को निःशुल्क रूप से विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।


विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

# जरूरतमंद किसानों को खाद उपलब्ध कराएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** राज्य मंत्री जलशक्ति विभाग उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण, सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की गड्ढामुक्ति, स्वास्थ्य व्यवस्था, कानून व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी उर्वरक वितरण केन्द्रों पर खाद की उपलब्धता रहे और प्रत्येक किसान को जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध कराई जाए। रोस्टर के मुताविक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। त्योहारों की दृष्टिगत ट्रॉसफॉर्मर बिना किसी विलम्ब प्रतिस्थापित किए जाएं। जनपद की चिकित्सा व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाए। डॉक्टर्स बाहर की दवा कदापि न लिखें। गौशालाओं में गोवंश का रख रखाव बेहतर ढंग से किया जाए। जनपद की कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद की विशेष उपलब्धियों के बारे में बताया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, एशपी डॉ.दीक्षा शर्मा, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी आदि रहे।


विवाहिता की आत्महत्या के मामले की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# शादी के पांच माह बाद ही विवाहिता ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मा का डेरा मोहल्ले में एक नवविवाहिता ने बुधवार को सुबह कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जानकारी होने पर कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नगर के मोहल्ला ब्रह्मा का डेरा निवासी अनुराग निषाद की पत्नी कौशिल्या (24) ने अज्ञात कारणों के चलते बुधवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे कमरे में लटके पंखे में साफी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर में सास ज्ञान ने पूजा पाठ करने के बाद कौशिल्या को फांसी पर लटका देखा तो चीख पुकार मचा दी। जिससे मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। परिजनों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। जिसमें मृतका कौशिल्या ने लिखा था कि उसका


कौशिल्या। अमृत विचार

- पुलिस ने बरामद किया सुसाइड नोट, दुनिया से जी भरने का जिक्र

इस दुनिया से जी भर गया है, उसके पति और ससुराल वालों को न परेशान किया जाए। पड़ोसियों के अनुसार मृतका का पति अनुराग लखनऊ में रहकर मजदूरी करता है। उसे इस घटना की सूचना दे दी गई है।

पड़ोसियों के अनुसार इस घटना के एक दिन पहले मृतका के मायके वाले उससे मिलकर गए थे। वहीं मृतका के पिता जगरूप निषाद निवासी कुंडा डोल थाना जसपुरा ने बताया कि बीते 11 अप्रैल 2025 को उसकी बेटी कौशिल्या निषाद की शादी ब्रम्हा का डेरा अनुराग निषाद से की थी।

## खेलते समय तालाब में डूबने से मासूम की मौत

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भमई गांव में खेलते समय चार वर्षीय मासूम तालाब में गिर गया, जिसकी डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

सिसोलर थानाक्षेत्र के ग्राम भमई निवासी राजा बाबू का चार वर्षीय पुत्र विपिन घर के निकट बने छोटे तालाब के किनारे भीठ में खेल रहा था। तभी खेलते खेलते वह तालाब के पानी में चला गया। जिसकी तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बच्चे के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक मासूम दो भाई एक बहन में दूसरे नंबर का था। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी ब्रजेश यादव ने बताया कि उनके पास मेमो आया था, जिसके बाद पुलिस को भेजा गया है पंचायतनामा भरने की कार्यवाही की जा रही है और पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# प्रभारी मंत्री ने गिनाए जीएसटी के फायदे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जीएसटी उत्सव के तहत जीएसटी की दरों में कमी के संदर्भ में ग्राहकों को लाभ देने के लिए व्यापारियों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की मौजूदगी में जल शक्ति मंत्री/ जिला प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने प्रेस वार्ता कर जीएसटी के सुधार के संबंध में जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि पूर्व से प्रचलित 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत में से 12 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत का स्लैब खत्म कर दिया गया है। इसके साथ ही 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब की लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं को 5 प्रतिशत के स्लैब में डाल दिया गया है। इससे आम जनमानस को काफी सहूलियत होगी, जिससे रोजमर्रा की कई वस्तुएं कम दामों पर खरीद सकेंगें। बताया कि जो



प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

जीएसटी के अंतर्गत कर की दरें कम हुई है, उनके अनुसार ग्राहकों को कम हुए कर दर का लाभ दिया जाये और उक्त संदर्भ में व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा।

इस कार्य में हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। 22 सितंबर से जीएसटी की नई व्यवस्था लागू की गई है। प्रेस वार्ता के बाद प्रभारी मंत्री ने सुभाष बाजार में व्यापारियों के बीच पहुंचकर जीएसटी में छूट के बारे में जागरूक किया एवं लोगों को सामान की खरीदारी पर छूट प्रदान करने की बात कही।

इस मौके में राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, चेयरमैन कुलदीप निषाद, आशीष पालीवाल, लालाराम निषाद, चेयरमैन आशारानी कबीर, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र कुमार गुप्ता, लक्ष्मीरतन साहू, इंद्र प्रकाश बाजपेई, अंकित गुप्ता आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करें किसान

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- खजुराहो से लखनऊ जाते वक्त सपा सांसद धर्मेंद्र यादव का सुमेरपुर में किया गया स्वागत

**अमृत विचार।** बीती रात मध्य प्रदेश से लौटकर लखनऊ जाते समय सपा सांसद धर्मेंद्र सिंह यादव का जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपाइयों ने हाईवे में फैक्ट्री एरिया के समीप जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से संक्षिप्त वार्ता के दौरान सपा सांसद ने खाद बीज के संकट पर कहा कि सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। अब आंदोलन का समय आ गया है। किसानों को सड़कों पर उतरकर अपने हक के लिए संघर्ष करना चाहिए। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पार्टी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के उपरांत वापस लखनऊ जाते समय सपा सांसद धर्मेंद्र सिंह यादव का सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में सपाइयों ने फैक्ट्री एरिया के समीप हाईवे में जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से संक्षिप्त वार्ता के दौरान उन्होंने पार्टी के कद्दावर नेता राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की जमानत पर हर्ष जताते हुए कहा कि उन्हें अदालत पर पूरा भरोसा है। इसके बाद प्रदेश में उपजे खाद बीज के संकट पर बोलते हुए कहा कि अब किसानों का धैर्य जवाब देने लगा है। किसानों को अपने हक के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करना चाहिए। भाजपा सरकार जुमले वाली सरकार है। किसानों की आमदनी दोगुना करने का जुमला झूठा है। 2027 में सपा की सरकार बनना तय है। सपा की सरकार बनते ही किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष वेदप्रकाश वर्मा ने उन्हें डा. अंबेडकर का चित्र भेंट किया। इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, नंदकिशोर शिवहरे, ओपी सोनकर, घनश्याम साहू, सोनिया सोनी, संजय यादव, विकास गुप्ता, नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज, अंकुर यादव, विवेक यादव, जगमोहन यादव, आलोक कबीर सहित सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।


गोदभराई करतीं महिला आयोग की सदस्य डॉ.अनीता गुप्ता। अमृत विचार

# मिशन शक्ति के तहत गोदभराई, अन्नप्राशन

संवाददाता, सुमेरपुर

- सरकार का उद्देश्य कुपोषण को दूर करना: डा.अनीता

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के तहत पोषण अभियान कार्यक्रम शक्ति पंच प्रवाह का आयोजन ब्लॉक सभागार में महिला आयोग की सदस्य डॉ. अनीता गुप्ता की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस मौके पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम कराए गए।

ब्लॉक सभागार में संपन्न हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत शक्ति पंच प्रवाह के अंतर्गत पोषण अभियान कार्यक्रम कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. अनीता गुप्ता ने मौजूद रहकर महिलाओं की समस्याओं को सुना और निस्तारण के आदेश पारित किये। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का उद्देश्य गर्भवती एवं जननी महिलाओं को स्वस्थ रखना है। इसी उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं को गोद भराई एवं नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराकर उनको स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने किया। कार्यक्रम में सीओ सदर राजेश कमल, बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति भिलवारे, सुपरवाइजर कामिनी पाल, शशिकांती आदि मौजूद रहीं।

### पड़ोसी के खिलाफ मारपीट की तहरीर

**बिवांर।** कस्बे के कुम्हार गड्ढा की रश्मि की ससुराल छतरपुर के गौरिहार में है। वह दो माह पहले मायके आई थी। फोन पड़ोसी के घर में चार्जिंग पर लगा दिया तो पड़ोसी उसके फोन से एक घंटे बात करता रहा। उलाहना देने पर पड़ोसी बाबू ने उसके पति के साथ मारपीट की। युवती ने थाने में तहरीर दी है।

**आवश्यकता है**

सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था **कुँ0 हरपाल सिंह चन्देल फाउंडेशन** में सदस्य बनने हेतु आवेदन आमंत्रित है इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए दिए गए ईमेल पर सम्पर्क कर सकते हैं।

khscfoundation2015@gmail- com

सांस्कृतिक कार्यक्रम

हर तरफ बह रही भक्ति की बयार, देवी मंदिरों में गूंज रहे जयकारे

# नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन सुबह से ही जिलेभर के देवी मंदिरों और पंडालों में देवी गीतों के स्वर गूंजने लगे। आस्था व भक्ति का संगम मंदिरों में देखने को मिला। भक्तों ने तीसरे दिन तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना कर मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत मांगी।

नवरात्रि के तीसरे दिन बुधवार को मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना हुई। महिलाएं सुबह से हाथ में आरती की थाल सजा कर शहर के प्रसिद्ध चौरा देवी मंदिर पहुंच गई। विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां की आरती उतारी। वहीं देवी पंडालों में सुबह शाम मां के भक्तों की भीड़ मां की पूजा करने के लिए जुट रही है। देर शाम शहर के देवदास मंदिर, गौरा देवी, किंग रोड, रहुनिया धर्मशाला, कालपी चौराहा, विवेक नगर, ग्वालटोली समेत 67 स्थानों में सजाए गए पंडाल में देवी भक्त आरती करते नजर आए। वहीं नगर के कांशीराम कालोनी स्थित देवी पंडाल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।


कांशीराम कालोनी में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### गरबा और डांडिया नृत्य की धूम

**मौदहा।** नवरात्र गरबा महोत्सव के तहत डांडिया नृत्य का आयोजन कस्बे के एक गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 10 समूहों में शामिल प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति दी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले समूहों को गरबा एवं डांडिया बेस्ट अवार्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। कस्बे के पांडव गेस्ट हाउस में बुधवार को महोत्सव में 10 समूहों में विभाजित प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। आरती के बाद नंदिनी संस्कृत श्लोक के बाद गरबा और डांडिया शुरू हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर और विशेष अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत व राठ विधायक मनीषा अनुरागी मौजूद रही। समारोह की आयोक पूर्व प्रधान ज्योत्सना सिंह व मनीषा साहू सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

## न्यूज ब्रीफ

### तालाब में मिला शव नहीं हो सकी शिनाख्त

**महोबा।** ढिकवारा गांव के भैरव तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से ग्रामीणों अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने शव को निकालकर जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस शिनाख्त के लिए लोगों से पूछताछ कर रही है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के ढिकवाहा गांव स्थित भैरव तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। ग्रामीणों ने सुबह तालाब में शव देखा। तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच के लिए जिले की फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, शव की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मिशन शक्ति में किया छात्राओं को जागरूक

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज के पांचवें चरण में साईं इंटर कालेज में जागरूक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में फॉर इम्पावरमेंट आफ वूमेन की जिला कोआडिनेटर प्रिया गुप्ता ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा, बाल विवाह की विस्तृत जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट रुचि द्विवेदी ने कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी के साथ मुख्यमंत्री सेवा योजना, निराश्रित पैंशन से अवगत कराया। किशोर न्याय बोर्ड की सदस्या कल्पना सोनी ने किशोरी किशोर के हित में न्याय पीठ की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी साझा की। बाल संरक्षण अधिकारी संगीता राजपूत ने महिला कल्याण की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर प्रियंका सिंह, रीता चौरसिया के अलावा प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### कुलपहाड़ पुलिस ने सात जुआरी पकड़े

**महोबा।** कुलपहाड़ पुलिस ने सात जुआरियों को गिरफ्तार कर 14090 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक कस्बे जुआ खेल रहे जगत सिंह निवासी बड़खेडा, सतीश कुमार निवासी नरईयापुरा जैतपुर व प्रमोद निवासी करारीपुरा जैतपुर को गिरफ्तार किया है। दूसरे छापे में कस्बे से ही नरेन्द्र अनुरागी, भागीरथ रैकवार निवासी करारीपुरा जैतपुर, गौतम सोनी निवासी सर्राफा बाजार जैतपुर, वारिस खान निवासी मोहल्ला बजरिया जैतपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# हत्या के बदले हत्या में 3 मौतें, दुश्मनी के घाव ताजा

## सदर कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में 50 साल से चली आ रही खूनी दुश्मनी, बदले की आग में तीसरी पीढ़ी भी उतरी

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, महोबा


बृजेंद्र राजपूत।

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में 50 साल से खूनी दुश्मनी चल रही है। हत्या के बदले हत्या की जंग में अब तक तीन मौतें हो चुकी हैं। अब तीसरी पीढ़ी भी बदले की आग में खूनी खेल में उतर आई है। सोमवार को अदालत से लौटते समय दुश्मन को अगवा कर हत्या किए जाने के बाद के खूनी दुश्मनी के घाव एक बार फिर ताजा हो गए हैं।

सदर कोतवाली के कालीपहाड़ी गांव के बृजेंद्र राजपूत को अगवा करने के बाद बेरहमी के साथ हत्या किए के बाद ग्रामीणों के बीच खूनी दुश्मनी की चर्चा आम है। बताते हैं कि बृजेंद्र राजपूत के बाबा सुंदरलाल की 5 दशक पहले गांव के ही जयपाल राजपूत के परिवार ने गांव में घेरकर लाठी-डंडों से हमला कर हत्या कर दी थी। तब सुंदरलाल का बेटा नत्थू राजपूत खून का घूंट पीकर शांत हो गया था, लेकिन मन में बदले की आग जल रही थी।

कुछ समय बीता तो नत्थू का बेटा बृजेंद्र राजपूत पैदा हुआ। बचपन से ही वह बाबा की हत्या की कहानी सुनता रहा। बड़ा होकर बाबा सुंदरलाल की हत्या का बदला लेने की ठानी। बदले की आग में जल रहे बृजेंद्र राजपूत ने वर्ष 2016 में दुश्मन जयपाल राजपूत की उसके ही दरवाजे पर जाकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में वह जेल गया और अदालत ने मुकदमे की सुनवाई के बाद बृजेंद्र को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 8 साल जेल में रहने के बाद 2024 में उसे हाईकोर्ट से जमानत मिल गई और वह जमानत पर जेल से बाहर आ गया। हत्या में उम्रकैद की सजा होने के बाद भी बृजेंद्र के जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद जयपाल का परिवार बदले की आग में जलने लगा। किसी भी कीमत पर पिता के हत्यारे से बदला लेने की साजिश रची। आखिर 22 सितंबर को जयपाल राजपूत के बेटे और भतीजों को मौका मिल ही गया। कोर्ट से लौटने के बाद जयपाल के परिवार वालों ने बृजेंद्र को दबोचा और गांव में उसी जगह कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी, जहां जयपाल को कुल्हाड़ी से काटा गया था। इस हत्याकांड के बाद पूरा गांव स्तब्ध है। आरोपी घर में ताला बंद कर फरार हैं।

### जान बचाने के लिए छोड़ा था गांव

- खूनी दुश्मनी होने और बेटे बृजेंद्र राजपूत के जयपाल की हत्या में जेल जाने के बाद नत्थू राजपूत ने गांव की सारी जमीन बेच दी थी और परिवार के साथ चरखारी कस्बे के धनुषधारी मोहल्ले में रहने लगा था। जब बृजेंद्र जमानत पर जेल से छूटा तो वह भी चरखारी वाले मकान में ही पहुंचा। वह हमेशा सतर्क रहता था। गांव का आना-जाना बिल्कुल छोड़ दिया था, जिससे दुश्मनों को कोई मौका नहीं मिल रहा था।

### दोस्ती ने दुश्मनों को दिलाया मौका

- सजायाफ्ता बृजेंद्र राजपूत दूसरे केस की तारीख में 22 सितंबर को कोर्ट पहुंचा था। तारीख से लौटते समय उसे कालीपहाड़ी गांव का एक दोस्त कचहरी में मिल गया। दोनों के बीच बातचीत हुई और फिर बृजेंद्र दोस्त के साथ कालीपहाड़ी पहुंच गया। गांव पहुंचने के बाद उसने दोस्त के साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद वह चरखारी जाने के लिए गांव से निकला था। बस यहीं उसके दुश्मनों को मौका मिल गया।

### पहले ट्रैक्टर में बांधकर घसीटा, फिर कुल्हाड़ी से काट डाला

- बताते हैं कि दोस्त के साथ बृजेंद्र राजपूत के गांव पहुंचने की भनक जयपाल के परिवार वालों को लग गई। वह बृजेंद्र के गांव से निकलने के इंतजार में घात लगाकर बैठ गए। जैसे ही बृजेंद्र चरखारी जाने के लिए गांव के बाहर निकला, जयपाल के परिवार वालों ने उसे घेर लिया और पहले उसकी लाठी-डंडों से पिटाई कर अधमरा कर दिया। फिर ट्रैक्टर में बांधकर घसीटते हुए अपने दरवाजे पर ले गए, जहां बेरहमी से कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। हत्या ठीक उसी जगह पर की गई, जहां उसने जयपाल को कुल्हाड़ी से काटा था। यह क्रूर मंजर देख गांव वाले सन्न रह गए।

### पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया

- बृजेंद्र राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता परशुराम उर्फ नत्थू राजपूत की तहरीर पर कालीपहाड़ी गांव के रहने वाले स्वर्गीय जयपाल राजपूत के तीन बेटों बब्लू, गोकरन और अरुण राजपूत के साथ परिवार के अर्जुन, पवन, महेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुट गई है। कोतवाली इंस्पेक्टर मनीष पांडेय का कहना है कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआती छानबीन में तीन लोगों के हत्या में शामिल होने की बात सामने आई है। जांच के साथ ही गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## रिक्रूट को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को मूक बधिर प्रशिक्षकों द्वारा सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

एसपी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल को सांकेतिक भाषा की बारीकियों से परिचित कराना और मूकबधिर नागरिकों से संवाद की क्षमता विकसित करना है, जिससे सहायता करने में किसी प्रकार की संचार बाधा न रहे। बताया गया कि यह प्रशिक्षण पुलिस कर्मियों को संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पुलिस जनसंपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। विशेष रूप से दिव्यांगजन को सुरक्षा एवं सहयोग देने में सुगमता होगी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया और समाज में समावेशिता एवं समानता का संदेश दिया।

# हाथों में तलवार लेकर गरबा संग डांडिया

कार्यालय संवाददाता, महोबा


देवी मां की भक्ति में सराबोर महिलाओं ने गरबा की धूम मचाई। अमृत विचार

- मां चंद्रिका उत्सव समिति के प्रोग्राम में पहुंचीं एएसपी वंदना सिंह

**अमृत विचार।** मां चंद्रिका उत्सव समिति की ओर से गरबा- डांडिया उत्सव का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज परिसर में आयोजित किया गया, जहां करीब 500 महिलाओं, युवतियों और बच्चियों ने भाग लेकर गरबा डांडिया नृत्य से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उत्सव में शामिल महिलाएं रंग बिरंगी पोशाक पहनकर गरबा और डांडिया नृत्य के जरिए मां की आराधना करते हुए उन्हें प्रसन्न करने में लगी रहीं।

कालेज परिसर में नवरात्र पर्व पर हुए गरबा डांडिया उत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने मां चंद्रिका माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलित की। 500 महिलाओं किशोरियों ने अलग-अलग समूह बनाकर मां भक्ति में लीन होकर ढोल नगाड़ों की धुन पर गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं महिलाओं द्वारा हाथों में तलवार लेकर किया गया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। उत्सव में महिलाओं और युवतियों ने तमाम फिल्मी गीतों डोली ला डाल रे बगार, केसरिया रंग लागे रे गरबा, नो सौ रुपया रोकड़ा सा, मेरे घर में गजानन गरबा, रुनझुन पधारे मेरी मां, हे राम रे सबसे बड़ा तेरा नाम रे आदि पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। इस भक्ति मय कार्यक्रम को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही।

उत्सव के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महोबा वीरभूमि है और बुंदेलखंड की महिलाएं वीरता का प्रतीक रही है। तलवारों संग गरबा का यह अद्भुत दृश्य समाज को यह संदेश देता है कि महिलाएं संस्कृति की संरक्षक होने के साथ साथ अपनी सुरक्षा की प्रहरी भी हैं। कार्यक्रम में पुलिस ने भी मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का भी संदेश दिया। मां चंद्रिका उत्सव समिति की महिलाओं ने बताया कि पिछले एक पखवाड़ा से युवतियों, महिलाओं और बच्चों को गरबा और डांडिया का प्रशिक्षण दिया गया था, जिससे उत्सव को भव्य स्वरुप दिया जा सके। उत्सव में भाग ले रही निष्ठा ने कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेकर यह संदेश दे रही हैं कि महिलाएं अपने सम्मान की रक्षा के लिए कभी भी तलवार उठा सकती हैं। मिशन शक्ति 5.0 के तहत यह आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने का प्रयास है।

## आपदा से बचाव के दिए गए टिप्स

**चरखारी।** एनडीआरएफ के साथ एसडीएम और तहसीलदार ने तहसील में आपदा से बचाव के टिप्स दिए। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एनडीआरएफ के प्लाटून कमांडर सभाजीत यादव ने लेखपालों, किसानों, अधिवक्ताओं को आकाशीय बिजली, बाढ़, भूस्खलन, तालाब में डूबने, अग्निकांड आदि की घटनाएं से बचाव एवं राहत की जानकारी दी। उपजिलाधिरी धीरेंद्र कुमार ने कहा कि एनडीआरएफ के जवान निस्वार्थ और समर्पण की भावना से काम करते हैं। दैवीय आपदा में किसान सर्प दंश से ज्यादा प्रकोप में आते हैं इससे उपचार एवं बचाव करें। सीओ दीपक दुबे ने आपातकालीन सेवा की जानकारी दी। तहसीलदार रामानंद मिश्रा ने कहा कि दैवीय आपदा को रोक नहीं सकते, लेकिन कम कर सकते हैं।


विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक करते सभापति। अमृत विचार

# मुनादी कराकर ही मत्स्य पालन की कराएं नीलामी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- विकास भवन सभागार में बैठक के दौरान सभापित ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ के सभापति वीरू साहनी की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय आधिकारिओं एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। सभापति ने मत्स्य योजनाओं की समीक्षा के साथ लाभार्थियों से वार्ता करते हुए ग्राम सभाओं के तालाबों के पट्टा आवंटन की जानकारी ली।

बैठक में सभापति ने निर्देश दिए कि मत्स्य पालकों को पट्टा आवंटन किए जाएं और जो भी 0.2 हेक्टेयर से बड़े तालाब हैं, उनका पट्टा मछुआ समुदाय को आवंटित किए जाएं। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि मत्स्य पालकों के जो भी केसीसी हेतु आवेदन बैंकों में प्रेषित किया जा रहे हैं, उन फार्म को स्वीकृत कराया जाए। सभापित ने मत्स्यजीवी सहकारी समितियों की समीक्षा करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में दो हेक्टेयर सबसे बड़े खाली तालाबों का पट्टा लेने और सदस्यों को देने के निर्देश दिए। सभापति ने सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश देते हुए कहा कि कैंप लगाकर मत्स्य पालकों को बीमा की जानकारी दी जाए तथा सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर मत्स्य पालकों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्रुप बनाकर समिति के सदस्यों को सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा तालाबों की नीलामी की सूचना समाचार पत्र में दी जाए और मुनादी कराकर भी किसानों को अवगत कराया जाए। बैठक में सभापति ने मत्स्य पालकों की समस्याओं को बारी बारी से सुना और सभी समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मत्स्य पालक को योजना का लाभ देने से वंचित न रखा जाए और ज्यादा से ज्यादा मछुआ समुदाय के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाए। कहा कि मत्स्य पालकों को मछली पालन क्षेत्र में ट्रेनिंग देकर किसानों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाए एवं सभी मत्स्य पालकों के शत प्रतिशत बीमा कराये जाए। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, सीडीओ बलराम कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य आदि मौजूद रहे।

# खाद किल्लत की जांच कराने की उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में डीएपी खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने चरखारी एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग उठाई है।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम धीरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि साधन सहकारी समिति गुढ़ा के उपकेन्द्र जरौली में एक ट्रक खाद डंप है, लेकिन सचिव एवं जिम्मेदार लोग किसानों को खाद वितरित नहीं कर रहे हैं, इससे किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। किसान खाद के लिए परेशन है। बताया कि खाद समय से उपलब्ध न हो पाने से किसानों की तिलहन व दलहन की बुवाई कार्य प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्टाक एवं स्टोर की जांच कराते हुए खाद का वितरण कराए जाने की मांग की है। किसान खाद पाने के लिए समितियों में डेरा जमाए हुए हैं, इसके बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रही है, जिससे किसानों में खासा आक्रोश पनप रहा है। समितियों में विवाद हो रहा है।

# नवरात्र पर शहर में चलाया गया सफाई अभियान

संवाददाता कार्यालय, महोबा


मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में सफाई करते कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्र पर्व पर शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए रोज सुबह-शाम सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कर्मियों ने शहर की मुख्य सड़कें, बाजार, मंदिरों व दुर्गा पंडालों के आसपास की सड़कों में झाड़ू लगाकर कूड़ा एकत्र किया और ट्रेक्टर व कूड़ा वाहन से डिस्पोज करने के लिए शहर के बाहर तक पहुंचाया।

नवरात्र पर्व को लेकर हुई बैठक में डीएम गजल भारद्वाज ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के आदेश पर बुधवार को सफाई नायक रामसेवक और भूपेंद्र की देखरेख में सफाई कर्मचारियों ने शहर में सफाई अभियान चलाते हुए बड़ी चंद्रिका मंदिर सड़क, मैन बाजार, तहसील चौराहा, गांधीनगर, कोतवाली रोड के अलावा उन जगहों की भी सफाई की गई जहां दुर्गा प्रतिमाओं के पंडाल स्थापित किए गए हैं। वहीं गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई नालियों में कचरा भरा होने से नालियां चोक हो गई थी, उन नालियों की सफाई कर पानी की निकासी का रास्ता साफ किया गया। नगर के बड़ी चंद्रिका माता मिंदर, छोटी चंद्रिका माता मंदिर, शारदा देवी मंदिर, विंधवासिनी मंदिर के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे नौ दिन तक नियमित रूप से सुबह शाम मंदिरों में पूजा अर्चना, जल अर्पित और आरती करने जाते हैं, जिससे सड़कों पर भक्तों का आना जाना लगा रहता। देवी भक्तों को सहूलियत देने के लिए नगर क्षेत्र में सफाई की जा रही है।

**नवरात्र का तीसरा दिन** | सुबह की पहली आरती में भक्तों की उमड़ी भीड़, मां के जयकारों और भजन-कीर्तन से शहर का वातावरण भक्तिमय

# मां भगवती के दरबार में हाजिरी लगाकर मांगी सुख-समृद्धि

संवाददाता कार्यालय, महोबा


देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। अमृत विचार


मां भगवती के पूजा पंडाल में भक्तों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को सुबह पांच बजे से ही देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में आरती पूजा अर्चना करने के लिए मां के भक्त पहुंच गए। सुबह शाम मंदिरों में मां दुर्गा के जयकारे सुनाई दे रहे हैं वहीं महिला भक्तों के गाए जाने वाले मां के भजनों ने शहर का माहौल भक्ति मय बना दिया। मंदिरों व घरों में मां चंद्रघंटा से संबंधित कथा का भी बखान किया। महिलाओं ने कथा का श्रवण करने के साथ साथ पूजा की और दुर्गा चालीसा पढ़ दुर्गा मां से अपने परिवार की सुख शांति के लिए प्रार्थनाएं भी की।

तड़के सुबह मंदिर के द्वार खुलते ही मां का श्रृंगार किया गया, जिसके बाद सूरज की पहली किरण के साथ पहली आरती की गई। नवरात्र पर्व को लेकर शहर में हवन और भोज आदि का आयोजन भी किए जा रहे है। ऐतिहासिक बडी चंद्रिका और छोटी चंद्रिका मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में पुजारियों ने विधि विधान के साथ मां की पूजा की तो वहीं भक्तों ने माता के दर्शन किए। मंदिर के सेवादार भी मां के दर्शन करवाने में भक्तों की सहायता करते रहे। मां के दर्शन के लिए भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमडी, जिससे मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। मंदिरों में सुबह शाम महिला भक्त भजन कीर्तन कर रही है वहीं पंडाल समितियों के तत्वावधान में सत्संग कार्यक्रमों का भी आयोजन किए जा रहे हैं, जिससे महिला देर रात तक मां को प्रसन्न करने के लिए धार्मिक गीत व नृत्य आयोजित कर अपनी भक्ति पेश कर रही हैं। शहर में बनाए गए देवी पंडालों में शाम के समय होने वाली आरती में पुरुषों के साथ साथ महिलाओं की खासी भीड़ उमड़ रही है। नगर के देवी पड़ालों में मां दुर्गा, मां काली, शारदा माता सहित देवी के नौ स्वरूपों को समितियें ने विराजमान किया है, जिसके दर्शन और पूजा अर्चना के लिए प्रत्येक पंडालों में भक्त पहूंचकर सुख सवृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं। उधर शहर के सराफा बाजार स्थित शारदा माता मंदिर में भी भक्त नंगे पैर हाथों में पूजा की थाल लेकर दर्शन करने पहुंच रही साथ ही महिला भक्त श्रद्धा भाव के साथ भजन कीर्तन भी कर रही है। शहर के मोहल्ला नयापुरा नैकाना के देवी पंडाल में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई, जहां भक्त पूजा अर्चन कर प्रार्थनाएं कर रहे हैं।

### मां चंद्रघंटा की आराधना के साथ पूजा-अर्चना

- **बेलाताल।** कस्बे में एक दर्जन स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की सुबह शाम हो रही आरती वंदना में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है और आरती के बाद लगाए जा रहे जयकारों की गूंज से कस्बे का वातावरण भक्ति मय हो गया है। शारदीय नवरात्र पर कस्बे के मोहल्ला खतकयाना, बजरिया, मडियापुरा, मस्तयानापुरा, चमन चौराहा, करारीपुरा सहित एक दर्जन स्थानों पर देवी की प्रतिमाओं को समितियों ने विराजमान किया। पंडालो की सुंदर और आकर्षित सजावत के लिए लगाई गई बिजली की रंगीन झालरों की रोशनी से नगर जगमगा रहा है। कस्बे के देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में सुबह शाम भक्ति भाव से भक्त पूजा अर्चना कर रहे हैं। पंडालों में विराजमान देवी के नौ स्वरुपों के दर्शन के लिए कस्बे के अलावा ग्रामीण अंचलों के भक्त भी पहुंच रहे है। भक्तों की आवाजाही के चलते सारा दिन और देर रात तक सड़कों पर भीड़ दिखाई दे रही है। पंडालों पर रात्रि जागरण के अलावा भजन कीर्तन के आयोजन भी किए जा रहे हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज जनपद-फर्रूखाबाद**

पत्रांक-291/न0पं0क0/निविदा/कुटेशन सूचना/2025-26 दिनाक 23/09/2025

**निविदा/कुटेशन सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन) 20 के अन्तर्गत नगर पंचायत, कमालगंज द्वारा कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु सक्षम प्रशिक्षण पार्टनर (एजेन्सी/सस्थान/एनजीओ) से सीलबन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। इस कार्य में निकाय के स्तर पर मास्टर ट्रेनर, सफाई कर्मचारी, सफाई मित्रों एवं एस0बी0पी0एस0 सदस्यका प्रशिक्षण, घर-घर और वार्ड स्तर पर नागरिकों को गीला-सूखा कचरा का पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग का प्रशिक्षण शामिल होगा। पात्रता हेतु केवल वही एजेन्सी/संस्थान/एनजीओ आवेदन कर सकते है। जिनके पास स्वच्छता या प्रशिक्षण कार्य का पूर्व अनुभव हो। निविदा/कुटेशन के प्रशिक्षण प्लान भी उपलब्ध कराना होगा। निविदा जमा करने की तिथि 24/09/2025 पूर्वान्ह 11 बजे से तिथि 3/10/25 अपरान्ह 12 बजे तक होगी। जो उसी तिथि 3/10/25 को दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। इच्छुक अभ्यार्थी अपनी निविदा/कुटेशन नगर पंचायत, कमालगंज, जनपद-फर्रूखाबाद के कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा/कुटेशन सम्बन्धी कोई भी नियम एवं शर्ते नगर पंचायत, कमालगंज कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत् कमालगंज

**राजबेटी, अध्यक्ष**
नगर पंचायत् कमालगंज

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भरथना (इटावा)**

पत्रांक: 265/ न.पा.परि0भरथना /2025-26 दिनांक: 23/09/2025

**डोर-टू-डोर सोर्स सेग्रिगेशन के लिये ट्रेनिंग पार्टनर हेतु दर आमंत्रण सूचना**

समस्त हितबद्ध पक्षकरों / व्यक्तियों / संस्थानों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, भरथना 'इटावा) सीमान्तर्गत 25 वार्डो में विकेन्द्रीयकरण अवधारणा के माध्यम से घर-घर में सोर्स सेग्रिगेशन पर प्रशिक्षण तथा गीले एवं सूखे कूड़े का विकेन्द्रीयकरण अवधारणा के अनुसार प्रोसेसिंग कराये जाने हेतु ट्रेनिंग पार्टनर का चयन किया जाना है। जो नगर पालिका परिषद, भरथना के समस्त आवासीय परिसरों में निवास करने वाले व्यक्तियों को सोर्स सेग्रिगेशन हेतु प्रशिक्षित करके आम नागरिकों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। जिसके लिये नगर पालिका परिषद, भरथना में इच्छुक फर्मो/ व्यक्तियों / संस्थानों से दिनांक: 30-09-2025 को अपरान्ह 12: 00 बजे तक अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, भरथना को सम्बोधित बन्द लिफाफों में अपनी दरें / प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है। कार्य से सम्बन्धित अन्य जानकारी एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सशर्त आवेदन / दरें स्वीकार नहीं की जायेगी। दरों / प्रस्ताव में किसी भी प्रकार की ओवर राइटिंग / कटिंग स्वीकार नहीं होगी। धन की उपलब्धता के अनुसार भुगतान सम्भव होगा। दरों को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित है। दरें समान होने की स्थिति में अनुभवी फर्मो / व्यक्तियों / संस्थानों को वरीयता दी जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
न0पा0परि0 भरथना
(इटावा)

**अध्यक्ष**
न0पा0परि0 भरथना
(इटावा)

न्यूज ब्रीफ

### सुलह करा परिवारों को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र में दो परिवारों में सुलह कराई गई। शिवगणेश अग्रहरि निवासी कर्वी ने एसपी को प्रार्थनापत्र दिया कि दामाद अभिलेश अग्रहरि पुत्र हरिदेव अग्रहरि निवासी बेथाना बबेरू (बांदा) उसकी पुत्री अंजना के साथ मारपीट, गालीगलौज करता है। इसी प्रकार गया प्रसाद निवासी ग्राम इटवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट हालमुकाम मालवीय नगर थाना मुट्ठीगंज (प्रयागराज) ने शिकायत की कि काफी समय से पत्नी रेखा देवी पुत्री अमृत लाल जायसवाल निवासी ग्राम कसहाई अलग रह रही है। रेखा ने मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी गीता देवी, मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी सोनिका द्विवेदी ने दोनों मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया।

### संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थानांतर्गत नयागांव पुरवा में 23 वर्षीया विवाहिता रोहिणी देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता नंदकिशोर निवासी रायपुरवा माफी चौकी शिवरामपुर ने आरोप लगाया कि बेटी की ससुरालीजनों ने दहेज के लिए हत्या की है। ससुर ने सभी आरोपों को नकारते हुए कहा कि उन्हें बहू-बेटी के किसी झगड़े की जानकारी नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ग्रामीणों को बताईं सरकार की योजनाएं

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत ऐंचवारा में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम ने जागरूकता कार्यक्रम का किया। इसमें सेमरदहा और चर के ग्रामीण भी मौजूद रहे। जेंडर स्पेशलिस्ट मीनू सिंह ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुनील शुक्ला, उपासना पटेल, प्रिया माथुर, अरविंद कुमार मौजूद रहे।

### 90 दिनों तक चलेगा जागरूकता अभियान


**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को बैठक में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 90 दिन तक विभिन्न कार्यक्रमों से महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग सितंबर से दिसंबर तक विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक, कन्या पूजन आदि होंगे। कन्या जन्मोत्सव, बाल विवाह को ना, चैंपियंस का सम्मान, स्वच्छता संवाद, शक्ति संवाद, ग्राम चौपाल आदि का आयोजन कर लोगों को महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# उपेक्षित है चंदेलकालीन प्राचीन 64 योगिनी मंदिर

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र में भी प्राचीन देवी मंदिरों में आस्थावानों की भीड़ जुट रही है। यहां पर देररात तक पूजापाठ का सिलसिला चलता रहता है। तहसील अंतर्गत रामनगर ब्लाक मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर स्थित लौरी गांव की पहाड़ की चोटी पर प्रसिद्ध कालका देवी के प्राचीन मंदिर में भी क्षेत्र तथा क्षेत्र के बाहर के लोग पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं। चंदेलकालीन प्राचीन 64 योगिनी मंदिर की उपेक्षा देखकर श्रद्धालु मायूस होते हैं।

मंदिर में देवी कालका की प्राचीन मूर्ति विराजमान है। बुजुर्गों की मानें तो मंदिर को चंदेलकाल का माना जाता है। परिसर में एक दर्जन से भी अधिक मूर्तियां स्थापित हैं। माना जाता है कि मंदिर जिले का एकमात्र चौसठ योगिनी मंदिर है। मंदिर की ऐतिहासिकता परिसर में बिखरे ध्वंसावशेष से साफ पता चलती है। लोग बताते हैं कि मंदिर में योगिनी की चौंसठ मूर्तियां थीं। इनकी बेहतरीन नक्काशी और प्राचीनता को तस्करों का ग्रहण लग गया और बीते दशकों में चरणबद्ध तरीके से मूर्तियां चोरी हो गईं। कुछ मूर्तियों को खंडित कर दिया गया। तीन मूर्तियां ही अपने मूल स्वरूप में हैं। लेकिन अब भी लोगों को इस मंदिर में पूरी श्रद्धा और भक्ति है और यहा भारी संख्या में पहुंचते हैं।


दिल्ली संग्रहालय में रखी योगिनी मूर्ति।


रैपुरा थाने में स्थापित योगिनी मूर्ति।


मंदिर में स्थापित प्राचीन शिवलिंग।


मंदिर परिसर में खंडित मूर्तियां। अमृत विचार

- नवरात्र में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु होते मायूस

### क्या होती हैं योगिनियां

जानकारों की मानें तो योगिनी पंथ का विकास छठी से 10वीं शताब्दी के बीच हुआ था। इसका उल्लेख स्कंद पुराण व अग्नि पुराण में है। योगिनी देवी व दैत्य का मिश्रण हैं। ऐसा माना जाता है कि यह देवी अपने भक्तों को विजयी होने का आशीर्वाद देते हुए उन्हें चमत्कारिक शक्तियां प्रदान करतीं हैं।

### चोरी भी हो चुकीं हैं दो मूर्तियां

- जानकारी के मुताबिक एक 400 किलोग्राम की मूर्ति को फ्रांस में कला संग्रहकर्ता रॉबर्ट स्क्रिम्फ ने रख लिया था। उसकी पत्नी मार्टिन स्क्रिम्फ ने वर्ष 2008 में इसको भारतीय दूतावास को दान में दे दिया था। इसका प्रदर्शन फरवरी 2013 में राष्ट्रीय संग्रहालय में किया गया था। बलुवा पत्थर की यह मूर्ति भैंस के सिर वाली महिला वृषानना योगिनी की है, जो एक पत्थर के पाट पर बैठी है। बाएं हाथ में डंडा व दाहिने में एक फल है। इनका वाहन हंस है जो फल पर चोंच मार रहा है। सुंदर महिला के जैसे शरीर वाली इस मूर्ति में देवी चिंतन मुद्रा में है और उनकी आंखें बंद हैं। एक अन्य मूर्ति 40 साल पहले 1980 में चोरी हो गई थी। अक्टूबर, 2021 में लंदन में भारतीय उच्चायोग को इंग्लिश कंट्री गार्डन में योगिनी की मूर्ति होने की जानकारी मिली थी। इसे 2022 के दौरान भारत लाया गया।

### सुंदर कलाकारी का उदाहरण है मंदिर : संतोष कुमार



- इतिहासकार प्रो. डॉ. संतोष कुमार चतुर्वेदी बताते हैं कि चंदेलकालीन यह प्रसिद्ध मंदिर उपेक्षित है। इसके साथ करीब 10 किमी की दूरी पर लौरी का किला लगभग चार किमी की परिधि में है। किले में सुंदर नक्काशी है। उत्तरी हिस्से में प्राकृतिक गुफा में प्राचीन शिवलिंग है। गुफा के बाहरी भाग में चट्टान पर हाथी की सूंड को शानदार तरीके से उकेरा गया है। यहां प्राचीन हथिया तालाब के बीच में हाथी की पाषाण प्रतिमा है। पूर्वी भाग में 64 योगिनी मंदिर है। अब मंदिर में करीब आधा दर्जन मूर्तियां हैं, जो खंडित हैं।

### एक मूर्ति रैपुरा थाने में स्थापित

- एक अन्य मूर्ति अभी भी रैपुरा थाने में स्थापित है। स्थानीय लोग बताते हैं कि काफी समय पहले इस मूर्ति को तस्कर चोरी करके ले जा रहे थे लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते इसे प्राप्त कर लिया गया और विधिविधान से थाने के परिसर में स्थापित कर दिया गया।

## धूमधाम से निकली प्रभु की बारात, जगह जगह हुई पुष्पवर्षा

**राजापुर (चित्रकूट)।** तुलसीतीर्थ में मंगलवार को गाजे बाजे तथा डीजे की धुन के साथ भव्य बारात निकाली गई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

राजापुर के रामप्रसाद सोनी तथा परिवार के सदस्यों ने वैवाहिक कार्य करते हुए राम कलेवा के साथ भगवान श्रीराम सहित अनुजों के स्वरूपों की पूजा अर्चना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पैपुजी की। मंगलवार की शाम रामलीला भवन से तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, कार्यवाहक अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल, सुनील मिश्रा, सतीश मिश्र, दीपक जायसवाल आदि ने राम बारात निकाली। बारात सराफा बाजार, यमुना रोड तथा गुर्रा मंदिर होते हुए रामप्रसाद सोनी (जनक जी) के निवास पहुंची। सुनीता सोनी, दीपक पत्नी अर्चना, प्रदीप पत्नी नेहा, कुलदीप पत्नी जिज्ञासा ने वैवाहिक रीति संपन्न कीं और विदाई की।

# खाद की मारामारी से किसान हलकान

## गाहुर सहकारी समिति में हंगामा, रात से लाइन में लगे रहे किसानों को नहीं मिल पाई खाद

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** खाद की उपलब्धता के चाहे जितने दावे किए जाएं पर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान करती है। बुधवार को प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति गाहुर में किसान एक -एक बोरी खाद के लिए हलाकान नजर आए। पुरुषों के साथ महिलाएं और छात्र भी लाइन में लगे रहे।

सहकारी समिति गाहुर के आगे खाद के लिए किसान रात से ही लाइन लगाकर डट जाते हैं। बुधवार को भी जब किसानों को खाद मिलने में हीलाहवाली और देरी का सामना करना पड़ा तो इन लोगों ने जमकर हंगामा किया। समय से समिति का ताला न खुलने पर किसानों ने जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया।


सहकारी समिति के सामने खाद के लिए लाइन पर लगे किसान। अमृत विचार


महिलाएं भी खाद लेने के लिए रहीं परेशान। अमृत विचार

### गांव-मजरों को बंटे खाद : प्रभाकर



कोटवा माफी निवासी प्रभाकर सिंह ने आरोप लगाया कि जिनको पहले खाद मिल जाती है लाइन पर फिर वही लोग खड़े हो जाते हैं। अलग- अलग गांव मजरों के किसानों को अगर बुलाकर खाद बांटी जाए तो ऐसे हालात नहीं बनेंगे।

### लाचार और बेबस हो चुका है किसान : शिवभूषण



- समाज सेवी शिवभूषण शुक्ला ने भी किसानों को बेबस लाचार बताते हुए शासन-प्रशासन पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बड़ी बड़ी बातें तो की जाती हैं पर हकीकत में नजर नहीं आतीं। ऐसे में किस पर विश्वास किया जाए। जनप्रतिनिधियों को भी इससे मतलब नहीं कि क्या दिक्कत है, ये भी कोरे वादे करते हैं।

### दिव्यांग हूं पर कोई सुनवाई नहीं : अरुण



- गाहुर निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह दिव्यांग हैं और गंभीर बीमारी से पीड़ित। कई दिन से खाद लेने आ रहे हैं पर रोजाना मायूस लौटना पड़ रहा है। बताया कि उनको तीन बोरी खाद की आवश्यकता है। प्रार्थनापत्र तक दे चुके हैं पर कोई नहीं सुनता। उन्होंने कहा कि रोज रोज उनसे आते भी नहीं बनता।

### शराब आसानी से मिलती खाद नहीं : आकाश



- समाजसेवी आकाश द्विवेदी ने कहा कि अगर शराब की बात की जाए तो उसकी कमी बिल्कुल भी नहीं होती। वह आसानी से मिल जाती है। पर किसान के खाद के लिए नहीं मिल पाती है। इसका जिम्मेदार कौन है। प्रशासन को इस ओर देखना होगा। जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना होगा।

### स्कूल में पेपर, लेने आया खाद : अनुराग



- छात्र अनुराग सिंह ने दावा किया कि उसके सामने ट्रक से खाद उतर रही थी। बगल में ट्रैक्टर लगा हुआ था। ऐसे में खाद की कालाबाजारी से इंकार नहीं किया जा सकता। बताया कि स्कूल में पेपर चल रहा है। रात नौ बजे से लाइन में एक बोरी खाद के लिए खड़ा हूं लेकिन संभावना कम दिखाई पड़ रही है। ऐसा लगता है कि पेपर छूट जाएगा।

### खाद की कोई कमी नहीं : सचिव



- सहकारी समिति के सचिव श्रीराम मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुसार एलाटमेंट होता है। आज ही पांच सौ किसानों को टोकन दिया गया है। कुछ लोग तो बचेंगे ही। आरोप तो लगता ही है। कालाबाजारी के आरोप भी गलत हैं। बाकायदा सत्यापन के बाद वितरण होता है। किसान को यह आशंका रहती है कि खाद न मिलेगी इसीलिए मारामारी है।

## हादसे में दो किशोरों की मौत

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** बुधवार शाम छह बजे सिंघनिया तालाब के पास बाइक और स्कूटी की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार रामू (20) पुत्र लक्ष्मी वर्मा और राहुल (18) पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी खोह और स्कूटी सवार साजन (24) पुत्र मुनि और राज (19) पुत्र संजय निवासी कलवारा बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर सीओ राजकमल, एसओ अनुपमा तिवारी, कांस्टेबिल बहोरन यादव, शुभम द्विवेदी, एसआई अरमान आलम, राजेश कुमार यादव, जंगबहादुर तोमर मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से तुरंत जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। अस्पताल में चिकित्सकों ने राज और राहुल को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस की तत्परता की लोगों ने सराहना की।

नवरात्रि, धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
बम्पर धमाका लोन एवं एक्सचेंज मेला
डाउन पेमेंट 19999*/- मात्र या एक्सचेंज ऑफर 0* डाउन पेमेंट पर
लोन की बेहतरीन सुविधाएं
- Low Down Payment
- कम ब्याज दर पर फाइनेंस
- No Cost EMI का विकल्प उपलब्ध
आसान फाइनेंस सुविधा
1 चार्ज पर 130 से 200 किमी रेंज
बैटरी की गारण्टी 3 वर्ष व 5 वर्ष तक
पुराना ई-रिक्शा लाओ नया ई-रिक्शा ले जाओ, बेहतरीन वैल्यू के साथ
MAYURI
के. आर. इण्टरप्राइजेज
Mob: 7398886766, 7398615366, 8318583760
पता - विकास नगर कपसेठी प्रयागराज रोड, कर्वी, चित्रकूट
बैटरियों पर फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र का नाम Raja से बदलकर Harsh Rajput कर दिया है। उसे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Jeevan Lal S/O Sri Shyam Lal, R/O Village & Post-Bhitauli Kalan, Nababganj, District - Barabanki 225003

**सूचना**
मैं, सान्या पत्नी श्री गिरीश कुकरेजा 91 रतन लाल नगर, कानपुर - 208022, यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम सान्या से बदलकर सान्या सिंघानी कर लिया है। यह नाम परिवर्तन सभी आगामी कार्यों और दस्तावेज़ों में प्रभावी रहेगा।

**सूचना**
मैने अपना नाम HASAN BANO से बदलकर HASAN VANI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-RAHAMAT ULLAH ग्राम-गोल्हीपुर जिला-बलरामपुर (उ0प्र0)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD ARSHI से बदलकर MOHAMMAD ARSHI KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAMMAL AHMAD ADD-356/225/433, ASHOK NAGAR NEAR DHANIYA MEHRI PUL RAJAJIPURAM DIST-LUCKNOW-226017 (U.P)

**सूचना**
मैं कृष्ण कुमार यादव पुत्र स्व0 सरदार सिंह निवासी-555ज/80, मेंहदी खेड़ा, मानकनगर, लखनऊ, मेरी पुत्री का सही नाम हनी यादव (HONEY YADAV) है। पुत्री के अंग्रेजी नाम में त्रुटिवश हनी यादव (HUNNEY YADAV) हो गया है जो कि गलत है। पुत्री के अंग्रेजी नाम की स्पेलिंग में (HUNNEY YADAV) की जगह (HONEY YADAV) लिखा जाये जो कि सत्य एवं सही है।

**सूचना**
विदयानिवास बनाम सरकार ग्राम-बभनगांव, परगना- बुढ़ापायर तहसील - मनकापुर, जनपद-गोण्डा धारा - 80 (2) उ0प्र0 राजस्व सहिंता 2006 गाटा सं0-397/0.3060 हे0 में से 0.0180हे0 की धारा-80 (2) यू0पी0आर0सी0 घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो न्यायालय उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।
उपजिलाधिकारी
मनकापुर जनपद गोंडा

**सूचना**
मैं, संदीप पांडेय, पुत्र श्री रामचंद्र पांडेय निवासी ग्राम देनवा, पोस्ट गोसाईगंज, तहसील जयसिंहपुर, जनपद सुल्तानपुर,. मेरा पुत्र अथर्व पांडेय का जन्म दिनांक 09/09/2016 है। यह जन्मतिथि उसके जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड में अंकित है और सत्य एवं सही है। किन्तु स्थानांतर प्रमाण पत्र कक्षा चार (4) की (TC) में भूलवश उसकी जन्मतिथि 09/09/2015 अंकित हो गई है, जो कि गलत है। अतः मेरे पुत्र अथर्व पांडेय की सही जन्मतिथि 09/09/2016 मानी जाए और विद्यालय के अभिलेखों में उसी के अनुसार दर्ज की जाए।

**सूचना**
मैं आयुष अग्रवाल पुत्र आशीष अग्रवाल निवासी 41/146 रामरतन बाजपेयी रोड नरही लखनऊ, मेरी हाईस्कूल मार्कशीट / सार्टिफिकेट अनुक्रमांक- 23222899 मेरे नाम की स्पेलिंग AYUSH AGRAWAL अंकित है जबकि वास्तविक स्पेलिंग AYUSH AGARWAL तथा माता व पिता के भी SHRUTI AGRAWAL व पिता में ASHISH AGRAWAL के स्थान पर सही स्पेलिंग SHRUTI AGARWAL व ASHISH AGARWAL अंकित किया जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड वर्ष- 2020, जिसका अनुक्रमांक- 5170920 है, जिसका अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। साथ ही स्थानांतरण प्रमाण पत्र भी कही खो गया है। हिमांशी रंजन पुत्री राकेश रंजन ग्राम व पोस्ट- बरवारीपुर, कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर।

**सूचना**
मैं महफूज़ अहमद पुत्र श्री मुनीर अहमद निवासी-485/250, लकड़मण्डी, बब्बू वाली गली, डालीगंज, फिश मार्केट के पास, निराला नगर, लखनऊ - 226020, उ0प्र0 का हूँ मेरे पासपोर्ट सं0 M 9110501, उक्त पासपोर्ट में मेरी जन्म तिथि 29.12.1991 अंकित है। जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरी जन्म तिथि 31.12.1987 अंकित है।

# एक्सईएन पर तानाशाही का आरोप, धरना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- अधिशासी अभियंता बोले, शासनादेश के विरुद्ध काम नहीं किया

**अमृत विचार।** अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड पर भेदभावपूर्ण, तानाशाही और तुगलकी फरमान जारी करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की अगुवाई में अभियंताओं ने कार्य बहिष्कार किया। सिंचाई निर्माण खंड कार्यालय परिसर पर धरने दिया। उधर, एक्सईएन शिवेश कुमार सिंह ने आरोपों को निराधार बताया।

संघ के जिला सचिव हिमांशु ने बताया कि सहायक अभियंता बसंतलाल और सुदर्शन प्रसाद यहां तबादले पर आए हैं। सुदर्शन को प्रथम और बसंतलाल की चतुर्थ उपखंड में तैनाती की गई। जब उन्होंने पदभार ग्रहण किया तो पता चला कि जिस क्षेत्र में उनको भेजा गया है, वे क्षेत्र ही उपखंड से हटा दिए गए हैं। यह मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री की पारदर्शिता से काम करने की मंशा के विपरीत काम है। बताया कि यह शासनादेश में भी नहीं है और इसके बाद भी अधिशासी अभियंता शिवेश सिंह ने यहां से प्रस्ताव बनाकर भेजा और इसे मुख्य अभियंता झांसी से पास करा लिया। अभियंताओं का कहना है कि इस तरह की कार्यशैली से काम करने में दिक्कत हो रही है। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता अभिषेक मिश्र ने की। इस मौके पर बसंत लाल, सुदर्शन प्रसाद, दिलीप कुमार, अमित नारायण, रवि शर्मा, जयप्रकाश, नितेश मिश्रा, आशीष मौर्य, सर्वजीत कुमार, राहुल सिंह, अजय, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, देवेंद्र शुक्ल, राधेश्याम, शरद यादव ने प्रदर्शन किया।

### एक दिन की प्रधानाध्यापिकाएं बनीं छात्राएं

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति के तहत कस्तूरबा गांधी विद्यालय सहित अन्य स्कूलों में छात्राओं को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनाया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्रा मनोरमा, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन कंपोजिट विद्यालय में परी, उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरी में शालू, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहाड़ी में काजल, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर में स्वाती, कंपोजिट विद्यालय नया बाजार कर्वी में अंजू ने एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनकर व्यवस्थाएं देखीं।


प्रधानाध्यापिका बनी छात्रा के साथ बीएसए।

शरदोत्सव | लखबीर सिंह लक्खा सहित अन्य कलाकारों के होंगे कार्यक्रम

# नानाजी देशमुख के जन्मदिवस पर तीन दिन रहेगी धूम

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के जन्मदिन पर शरद पूर्णिमा से तीन दिन तक धूमधाम रहेगी। इस दौरान शरदोत्सव में प्रख्यात भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा सहित अन्य कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे।

राष्ट्रीय स्तर के इस सांस्कृतिक आयोजन का चित्रकूट क्षेत्र के लोगों को बड़े बेसब्री से इंतजार रहता है। इस वर्ष शरदोत्सव छह अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक रहेगा। आयोजन को लेकर उद्यमिता विद्यापीठ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संत-महंतों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि एक लंबे अर्से से राष्ट्रऋषि नानाजी के जन्मोत्सव पर शरदोत्सव का आयोजन दीनदयाल शोध संस्थान करता आ रहा है। कुछ वर्षों से शरदोत्सव का स्वरूप राष्ट्रीय स्तर का हो गया है। इसमें संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजन होते आ रहे हैं। महाजन ने कहा कि नानाजी का जीवन हमेशा सार्वजनिक रहा है और उनके काम भी आम जनमानस के लिये रहे हैं, इसलिए शरदोत्सव का आयोजक मंडल में चित्रकूट क्षेत्र के सभी नागरिक रहेंगे। दीनदयाल शोध संस्थान की जो भी भूमिका होगी वह पूर्ण निष्ठा से निभाई जाएगी। सभी कार्यक्रम दीनदयाल परिसर में प्रतिदिन शाम सात बजे से किए जाएंगे। इस दौरान श्रीरामराजा सरकार श्रीराम के छत्तीस गुणों का चित्र कथन व संकट मोचन श्रीहनुमान चालीसा आधारित प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा।



शरदोत्सव के संबंध में बैठक करते संत-महंत, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि आदि।

### कार्यक्रम एक नजर में

- 6 अक्टूबर- भक्ति गायन पवन तिवारी एवं साथी, टीकमगढ़ एवं श्रीलीला/महारास नाट्य प्रस्तुति निर्देशन- संजय महाजन एवं साथी, बड़वाह की प्रस्तुति।
- 7 अक्टूबर- भक्ति गायन आकृति मेहरा एवं साथी, भोपाल तथा सुगम संगीत लखबीर सिंह लक्खा एवं साथी की प्रस्तुति।
- 8 अक्टूबर- सुगम संगीत / भाव कथांजलि धवल चांदवड़कर, हृषिकेश रानाडे, रसिका गनू, डॉ. श्रद्धा जगताप, रसिका गावड़े कथक नृत्य डॉ. निवेदिता पंड्या, इंदौर की प्रस्तुतियां।

### किसानों को पर्याप्त उपलब्ध कराई जाए उर्वरक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निदान किया जाएगा। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस के मौके पर हुई बैठक में उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि रबी की बुआई के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व अन्य किसानों ने अन्ना प्रथा, विद्युत, सिंचाई एवं उर्वरक आदि की दिक्कतें बताईं। किसानों को बताया कि 3-4 गौशालाओं को छोडकर शेष में गोवंश संरक्षित कर लिए गए हैं।

# सरकार का ऐतिहासिक कदम

जातिगत भेदभाव भारतीय समाज की सबसे जटिल और पुरानी समस्याओं में से एक रहा है। संविधान ने समानता का अधिकार देकर सभी नागरिकों को एक समान दर्जा प्रदान किया, लेकिन व्यवहारिक जीवन में जाति का उल्लेख, भेदभाव और उससे उपजे तनाव लगातार मौजूद रहे। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में योगी सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए यह निर्देश जारी किया है कि अब पुलिस दस्तावेजों, सरकारी कार्यवाहियों, एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो, शव परीक्षण रिपोर्ट, तलाशी मेमो या किसी भी तरह के आधिकारिक दस्तावेजों में जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं, राजनीतिक रैलियों, सार्वजनिक मंचों और शिकायतों में भी जाति का नाम जोड़ना प्रतिबंधित होगा। यह कदम केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है, बल्कि समाज में जातिगत विषमता को मिटाने की दिशा में एक ठोस पहल है। जाति का उल्लेख कई बार कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल असर डालता है। किसी अपराध के आरोपी या पीड़ित की जाति लिखे जाने से सामाजिक तनाव भड़क सकता है। पुलिस रिकॉर्ड्स में जाति अंकित करने से एक वर्ग विशेष की छवि हमेशा के लिए अपराध से जुड़ जाती है, जिससे सामाजिक न्याय की मूल भावना को ठेस पहुंचती है। सरकार का यह निर्णय इस कुप्रथा को समाप्त करने और सभी नागरिकों को समान दर्जा देने का प्रयास है। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाली जाति-आधारित नारेबाजी और भड़काऊ संदेशों पर भी सख्त निगरानी रखने की बात कही गई है।

इस फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब समाज को धीरे-धीरे जाति की जकड़न से बाहर लाने की जमीन तैयार होगी। जब किसी सरकारी दस्तावेज में जाति अंकित नहीं होगी, तो धीरे-धीरे लोगों की सोच से भी यह भेदभाव मिटने लगेगा। प्रशासनिक स्तर पर यह एक साहसी कदम है, क्योंकि इससे न केवल पुलिस और प्रशासनिक कार्यवाहियों में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि नागरिकों में यह संदेश जाएगा कि राज्य सबको समान दृष्टि से देखता है। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि केवल दस्तावेजों से जाति हटाने भर से सामाजिक समरसता स्थापित हो जाएगी।

राजनीतिक दलों को भी इस कदम से सबक लेना होगा। चुनावी रैलियों और भाषणों में जाति-आधारित गोलबंदी हमारी लोकतांत्रिक संस्कृति पर धब्बा है। यदि ऐसे उल्लेख समाप्त होंगे तो राजनीति का ध्यान असल मुद्दों-रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की ओर जाएगा। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इसे स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि यह निर्णय जातिगत भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। यह सही भी है, क्योंकि जब तक जाति की दीवारें बरकरार हैं, तब तक वास्तविक समानता संभव नहीं है। आखिरकार, यह निर्णय केवल प्रशासनिक आदेश नहीं बल्कि सामाजिक सुधार की ओर बढ़ता हुआ संदेश है। यदि इसे सख्ती से लागू किया गया और राजनीतिक-सामाजिक संगठनों ने भी सहयोग किया, तो आने वाले वर्षों में भारतीय समाज जातिगत बंधनों से बहुत हद तक मुक्त हो सकता है।

## प्रसंगवश

# बदलता समाज और खत्म होता बचपन

आधुनिकता के इस युग में दुनिया जैसे-जैसे विज्ञान और टेक्नोलॉजी के बूते स्मार्ट होती जा रही है, वैसे-वैसे वह अपना कुछ खोती भी जा रही है ! आधुनिकता की चकाचौंध में हम क्या खो रहे हैं, इसका आभास भी नहीं है। भारत सहित दुनिया भर में मासूम बच्चे, जो ठीक से बोल भी नहीं पाते, वह स्मार्ट फोन आपरेट करना सीख जाते हैं। वह स्मार्ट फोन से क्या-कुछ सीख रहे हैं, इसका माता-पिता को आभास भी नहीं है। आधुनिक दौर का यह बचपन स्मार्ट फोन की तरह दिनों-दिन अपडेट हो रहा है। यह बच्चे माता-पिता की कल्पना से भी आगे की बात करने लगा है। इन बच्चों के कार्य-व्यवहार को जब करीब से देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि इनका बचपन समय से पहले ही चला गया है। यह अपनी उम्र से कहीं अधिक बड़ों जैसा व्यवहार करते नजर आते हैं।



अरविंद रावल

लेखक

बचपन मानव जीवन का सबसे सुंदर और सर्वोतम दौर होता है। न कोई फिक्र न कोई चिंता और न कोई जिम्मेदारी। बचपन सदा मस्तमौला होता है और बचपन में जीवन निर्माण का खाका तैयार होता है, जिसमें भविष्य गढ़ा जाता है। समाज जैसे-जैसे बदलता जा रहा है, उसका असर भी बच्चों पर पड़ रहा है। इन सबके बीच बचपन गुम हो रहा है। आज मानव के पास अथाह दौलत और शोहरत है। बड़ी-बड़ी इमारतें हैं और इन इमारतों में आधुनिक विलासिता की वह सारी चीजें मौजूद हैं, जिनके बूते जीवन ऐशो-आराम से जिया जा सकता है ! इन इमारतों के दरवाजों में बच्चों को एक तरह से कैद कर दिया गया है। ज्यादातर बच्चों के हाथों में स्मार्ट मोबाइल थमा दिया गया है। मोबाइल से यह बच्चे वह सब कुछ सीख रहे हैं, जो उनकी उम्र के लिहाज से काफी बुरा है। यहां तक कि बच्चों की पहुंच अश्लील सामग्री तक हो जा रही है। इससे बच्चों का मन-मस्तिष्क दूषित हो रहा है। कच्ची उम्र में उन्हें यह सब कुछ बर्बादी की तरफ ले जा रहा है। खराब बात यह है कि मां-बाप को इसका अंदाजा भी नहीं है कि उनका बच्चा मोबाइल पर कैसी सामग्री देख रहा है?

अपने देश में बच्चों के लिए कोई रीति-नियम नहीं बचा है। न कोई सामाजिक मानक ही तय किए गए हैं। कोविड में आन लाइन क्लासेज के जरिए एक बार जब स्कूली बच्चों के हाथ मोबाइल लगा तो वह फिर उनसे नहीं छूटा। बात सिर्फ अश्लील सामग्री तक ही नहीं है, अब ज्यादातर बच्चे स्कूल की किताबों की जगह यूट्यूब से पढ़ना पसंद कर रहे हैं। यूट्यूब पर मौजूद कोर्स की हर सामग्री अपडेटेड या सही हो, यह जरूरी नहीं है। वहां से पढ़ा बच्चा जब एग्जाम में गलत जवाब लिखकर आता है और मार्क्स कम आते हैं तो मां-बाप जान ही नहीं पाते कि कमी कहां पर रह गई। वह यही कहते मिलते हैं कि उनके बच्चे ने बहुत मेहनत से पढ़ाई की थी, जाने कैसे उसके नंबर कम आए हैं!

नई पीढ़ी में नैतिकता हो, वह भविष्य में समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें, इसकी जिम्मेदारी समाज के साथ ही मां-बाप की भी है। मासूम अपने बचपन को इंज्वाय कर सकें और वह अपनी उम्र के हिसाब से धीरे-धीरे ज्ञान अर्जित करें, यह बहुत आवश्यक है, क्योंकि जिस तरह से मस्तिष्क का विकास होता है, उसी तरह की जानकारी भी उनके दिमाग में जानी चाहिए। कच्ची उम्र में बड़ों की बातें सीख जाना उनके लिए खतरनाक है और यह उन्हें गलत दिशा में ले जाएगा। ऐसी कई सारी घटनाएं हो चुकी हैं, जहां बच्चों ने मोबाइल देखकर क्राइम करना सीखा। बच्चों का भविष्य सुंदर हो और वह अपने बचपन को बेहतर जी सकें, यह जिम्मेदारी सभी की है।



प्रतिबद्धता के क्षण में, ब्रह्मांड आपकी सहायता करने के लिए षड़यंत्र रचता है।
–जोहान वोल्फगैंग वॉन गोएथे, जर्मन दार्शनिक

# 'ब्रेन ड्रेन' को 'ब्रेन गेन' में बदलने का अवसर





डॉ. शिवम भारद्वाज

असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए विश्वविद्यालय

किसी भी राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी भौतिक संपत्तियों या प्राकृतिक संसाधनों से नहीं, बल्कि उसकी मानव संसाधन क्षमता से भी निर्धारित होती है। विशेषकर तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में यह अकाट्य सत्य रूप में प्रकट होता है। अमेरिका ने पिछले तीन-चार दशकों में जिस गति से स्वयं को वैश्विक तकनीकी केंद्र के रूप में स्थापित किया है, उसमें विदेशी प्रतिभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने सिलिकॉन वैली की सफलता में अहम योगदान दिया है। यही कारण है कि H-1B वीजा को अमेरिका और भारत के बीच एक सेतु के रूप में देखा जाता है।

प्रतिवर्ष हजारों भारतीय इस वीजा के माध्यम से अमेरिका जाते हैं, अपनी जिंदगी संवारते हैं और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं, लेकिन अब बड़ा अवरोध खड़ा हो गया है। ट्रंप ने घोषणा की कि नए H-1B वीजा आवेदकों से $100,000 का एकमुश्त शुल्क लिया जाएगा। यह राशि इतनी अधिक है कि अधिकांश पेशेवरों के लिए अमेरिका की राह मुश्किल होने वाली है। यह निर्णय केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रतिभा प्रवाह को रोकने की एक कोशिश है, हालांकि यह नीति केवल नए आवेदकों पर लागू होती है, मौजूदा वीजा धारकों पर नहीं। फिर भी प्रश्न यह है कि इसके दूरगामी परिणाम क्या होंगे? अमेरिका और भारत दोनों के लिए इसका क्या अर्थ होगा? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या यह नीति अमेरिका के लिए आत्मघाती साबित होगी और भारत के लिए अवसर का द्वार खोलेगी?

कई रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिका में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित (STEM) पेशेवरों की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध नौकरियों के सापेक्ष उपलब्धता सीमित है। इस कमी को अब तक विदेशी प्रतिभा पूरी करती रही है। भारतीय पेशेवर अकेले H-1B वीजा धारकों का 70% से अधिक हिस्सा रखते हैं, लेकिन अब $100,000 की बाधा के चलते तमाम योग्य पेशेवर अमेरिका जाने का सपना छोड़ देंगे। आईटी दिग्गजों के लिए भी चिंता यही है कि उन्हें काम करने के लिए सही लोग नहीं मिलेंगे अथवा खर्चा बहुत ज्यादा बढ़ने वाला है। अध्ययनों से साबित हुआ है कि विदेशी प्रतिभा स्थानीय नौकरियां छीनती नहीं, बल्कि पैदा करती हैं। इसके बावजूद ट्रंप प्रशासन की यह नीति घरेलू श्रमिकों को खुश करने के नाम पर विदेशी प्रतिभा के दरवाजे लगभग बंद कर रही है। इसका परिणाम होगा धीमी नवाचार गति, उत्पादन में गिरावट और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ना।

अब बात भारत की। सबसे बड़ा नुकसान भारतीय पेशेवरों को होगा। अमेरिका लंबे समय से भारतीय पेशेवरों, खासकर आईटी क्षेत्र के लिए 'करियर डेस्टिनेशन' रहा है। बेहतर वेतन, अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और स्थायी निवास की संभावना ने लाखों युवाओं को वहां खींचा, लेकिन इस नई नीति ने इस रास्ते को लगभग असंभव बना दिया है। इसका असर सिर्फ आर्थिक नहीं, भावनात्मक भी है। कई परिवार टूटेंगे, कई सपने अधूरे रह जाएंगे। भारतीय आईटी कंपनियों के लिए भी यह झटका है। तमाम कंपनियां वर्षों तक अपने कर्मचारियों को H-1B के जरिए अमेरिका भेजकर प्रोजेक्ट्स संभालती रहीं। अब यह मॉडल बेहद महंगा होता जा रहा है। छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों के लिए तो यह शुल्क विनाशकारी साबित होगा।

तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। अमेरिका में मुश्किलें बढ़ने का अर्थ है कि भारतीय प्रतिभा अब देश के भीतर ही अवसर ढूंढने को प्रयासरत होगी। पहले जिन युवाओं के लिए अमेरिका ही करियर की मंजिल था, वे अब भारत में अवसर ढूंढेंगे। यही भारत के लिए 'ब्रेन ड्रेन' को 'ब्रेन गेन' में बदलने का अवसर है। भारत में पहले से ही 1,580 से अधिक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) मौजूद हैं, जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपना रिसर्च, डेवलपमेंट और सपोर्ट का काम भारत से करवाती हैं। 2030 तक इनकी संख्या 2,300 से अधिक होने का अनुमान है। इससे लाखों नई नौकरियां और अरबों डॉलर का निवेश भारत में आ सकता है। भारतीय स्टार्टअप इको सिस्टम पहले से ही दुनिया के अग्रणी ईको सिस्टम्स में से एक है। अगर बेहतरीन इंजीनियर और वैज्ञानिक यहीं रुकते हैं, तो स्टार्टअप्स की संख्या में बढ़ोत्तरी भी संभव है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भारत वैश्विक नेतृत्व हासिल कर सकता है।

यह नीति केवल भारत और अमेरिका का मामला नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा से भी जुड़ी है। चीन अपनी STEM शिक्षा और रिसर्च पर भारी निवेश कर रहा है। यूरोप और कनाडा जैसी जगहें भी भारतीय प्रतिभा को आकर्षित करने में सक्रिय हैं। यदि अमेरिका ने अपने दरवाजे बंद कर दिए तो यह प्रतिभा कहीं और जाएगी। सवाल यह है कि भारत इस मौके को पकड़ पाएगा या नहीं? शिक्षा और कौशल विकास में निवेश, शोध को प्रोत्साहन, कर ढांचे में सुधार, स्टार्टअप्स को पूंजी और सरल नियम तथा वैश्विक कंपनियों को स्थिर माहौल, ये सब मिलकर भारत को प्रतिभा का असली घर बना सकते हैं।

भारत के लिए यह कठिनाई भी है और अवसर भी। कठिनाई इसलिए कि हजारों भारतीय पेशेवरों के सपने टूटेंगे और आईटी कंपनियों के लिए चुनौतियां बढ़ेंगी, लेकिन अवसर इसलिए कि यही प्रतिभा अब भारत की धरती पर रहकर देश के उद्योग, स्टार्टअप और शोध को मजबूत करेगी। अगर भारत सरकार और उद्योग जगत मिलकर सही रणनीति अपनाते हैं तो बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, नवाचार के लिए अनुकूल माहौल और वैश्विक मानकों के अनुरूप वेतन संरचना की बदौलत भारत के लिए आर्थिक क्रांति की शुरुआत हो सकती है। सवाल यह नहीं कि अमेरिका ने क्या खोया, बल्कि यह है कि भारत क्या हासिल करता है।

पहले जिन युवाओं के लिए अमेरिका ही करियर की मंजिल था, वे अब भारत में अवसर ढूंढेंगे। यही भारत के लिए 'ब्रेन ड्रेन' को 'ब्रेन गेन' में बदलने का अवसर है।

## आमने सामने



केंद्र के अधीन फरक्का बैराज व डीवीसी के डैमों की वर्षों से ड्रेजिंग नहीं होने से हर बार जब बिहार, झारखंड, यूपी, उत्तराखंड में बारिश होती है, तो वहां का पानी बंगाल आ जाता है। इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। **–ममता बनर्जी**
सीएम, पश्चिम बंगाल

कोलकाता व आसपास बीती रात मूसलाधार बारिश के कारण जल जमाव और विभिन्न स्थानों पर करंट लगने से 10 लोगों की मौत की घटना के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। एक बार फिर साबित हो गया है कि बंगाल के लोग ममता के विनाशकारी कुशासन से जूझ रहे हैं। **–सुवेंदु अधिकारी**
नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल



# भारतीय सिनेमा फाल्के से मोहनलाल तक



योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार

नई दिल्ली का विज्ञान भवन 23 सितंबर को भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम क्षण का गवाह बना। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से मलयालम सिनेमा के महानायक मोहनलाल को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' प्रदान किया गया। यह क्षण केवल एक अभिनेता की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की विविधता, उसकी कलात्मकता और उसके वैश्विक प्रभाव का प्रतीक भी था। दक्षिण भारतीय सिनेमा की परंपरा और गौरव को नए शिखर पर ले जाने वाले मोहनलाल ने अपने चार दशक लंबे अभिनय करियर में न केवल मलयालम बल्कि तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में भी अपनी अदाकारी का परचम लहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहनलाल को इस सम्मान पर बधाई देते हुए कहा कि उनका सफर न केवल एक अभिनेता की कहानी है, बल्कि यह भारतीय सिनेमा की विविधता, जीवंतता और वैश्विक पहुंच का भी प्रतीक है। यह टिप्पणी इस तथ्य को रेखांकित करती है कि मोहनलाल केवल एक फिल्म स्टार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय गर्व के दूत भी हैं।

मोहनलाल विश्वनाथन, जो दक्षिण भारत में 'मोहनलाल' के नाम से विख्यात हैं, का जन्म 21 मई 1960 को केरल में हुआ था। 1978 में 'थिरनोट्टम' नामक फिल्म से उनके फिल्मी करियर की शुरुआत हुई, लेकिन वास्तविक पहचान उन्हें 1980 के दशक के मध्य में मिली, जब वे मलयालम सिनेमा के नए चेहरे के रूप में स्थापित हुए। चार दशकों से अधिक के इस सफर में मोहनलाल ने 400 से अधिक फिल्मों में काम करते हुए दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी और मलयालम सिनेमा को नई पहचान दिलाई। मोहनलाल की अभिनय शैली को 'नेचुरल एक्टिंग' का पर्याय माना जाता है। चाहे साधारण मध्यवर्गीय युवक की भूमिका हो, ऐतिहासिक चरित्र हो या एक्शन हीरो का रूप, मोहनलाल हर किरदार में पूरी तरह ढल जाते हैं। यही कारण है कि उन्हें भारतीय सिनेमा का 'द कंप्लीट एक्टर' कहा जाता है। उनकी कुछ उल्लेखनीय फिल्मों में 'किरिडम' (1989), 'भारतं' (1991), 'वानप्रस्थम' (1999), 'दृश्यम' (2013, 2021), 'इरुप्पथम नूट्टांडी' और 'पुलिमुरुगन' (2016) शामिल हैं। 'वानप्रस्थम' ने तो अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की और कांस फिल्म महोत्सव में भी प्रदर्शित हुई, जबकि 'दृश्यम' को हिंदी तथा अन्य भाषाओं में रीमेक किया गया।

मोहनलाल का अभिनय सफर केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहा बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार और सम्मान भी मिले। वे पांच बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं, जिनमें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब भी शामिल है। उन्हें पद्म भूषण (2019) और पद्म श्री (2001) जैसे भारत सरकार के उच्च नागरिक सम्मान मिल चुके हैं। कई बार केरल राज्य फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार भी उन्हें प्राप्त हुए हैं। इन सभी उपलब्धियों के बावजूद दादासाहेब फाल्के पुरस्कार उनके जीवन का सर्वोच्च सम्मान है, जिसने उनके योगदान को भारतीय सिनेमा की विरासत में अमर कर दिया है।

भारतीय सिनेमा की नींव रखने वाले धुंडीराज गोविंद फाल्के (दादासाहेब फाल्के) को 'भारतीय सिनेमा का जनक' कहा जाता है। 1913 में उन्होंने भारत की पहली पूर्ण लंबाई वाली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' बनाई थी। उनकी स्मृति में ही 1969 से दादासाहेब फाल्के पुरस्कार की शुरुआत हुई थी, जो भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान है। यह पुरस्कार उन व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने सिनेमा को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में आजीवन योगदान दिया हो। पहली बार यह पुरस्कार देविका रानी को मिला था और तब से लेकर अब तक यह पुरस्कार पृथ्वीराज कपूर, सत्यजीत रे, दिलीप कुमार, लता मंगेशकर, अशोक कुमार, राजकपूर, अम्मानोरमलिनी, रजनीकांत और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों को मिल चुका है।

मोहनलाल का सम्मान दर्शाता है कि दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग (मलयालम, तमिल, तेलुगू और कन्नड़) ने वैश्विक स्तर पर भारतीय फिल्मों की पहचान को मजबूत किया है। भारतीय सिनेमा पर अक्सर बॉलीवुड का दबदबा चर्चा में रहता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोहनलाल इस परंपरा के ऐसे स्तंभ हैं, जिन्होंने मलयालम सिनेमा को न केवल भारत के हर कोने तक पहुंचाया, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान दिलाया। उनकी फिल्मों में सामाजिक यथार्थ, पारिवारिक भावनाएं, आध्यात्मिकता और आधुनिकता का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलता है।

दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्राप्त कर मोहनलाल ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय सिनेमा की आत्मा उसकी विविधता और कलात्मकता में निहित है। कुल मिलाकर, मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा की उस यात्रा का उत्सव है, जो दादासाहेब फाल्के की पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' से शुरू हुई और आज वैश्विक मंचों तक पहुंच चुकी है।

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के मौके पर राष्ट्रपति ने मलयालम सिनेमा के महानायक मोहनलाल को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' प्रदान किया।

## सोशल फोरम

# 'मिरर लाइफ' के खतरे

दुनिया भर के वैज्ञानिकों के बीच मिरर लाइफ यानी ऐसी जीवन संरचना, जिसमें जीवों के सारे अणु उल्टे (mirrored) हों, पर चल रहे रिसर्च को रोकने की मांग तेज हो गई है। विश्व भर के 38 प्रमुख वैज्ञानिकों ने 2024 के अंत में Science जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया था कि मिरर बैक्टीरिया मानव, जानवरों, पौधों और पूरे पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर किसी तरह से ऐसे उल्टे-जैसे बैक्टीरिया लैब से बाहर आ जाएं, तो पृथ्वी पर कई जीवों की पूरी आबादी के लिए वास्तव में कोई बचाव तंत्र ही नहीं रहेगा, क्योंकि अब तक हमारे इम्यून सिस्टम सिर्फ प्राकृतिक (मूल) जैविक अणुओं को पहचानने के लिए विकसित हुए हैं।



मनोज अभिज्ञान

ब्लॉगर

मिरर लाइफ प्रयोगशाला में बनाई जाने वाली जीवन की ऐसी व्यवस्था है, जिसमें जीवन के सभी अणु, जैसे डीएनए, आरएनए और प्रोटीन अपने प्राकृतिक रूप के ठीक उल्टे यानी दर्पण-छवि (mirror image) जैसे होते हैं। जैसे हर इंसान के दाएं और बाएं हाथ की बनावट एक जैसी है, लेकिन एक-दूसरे की दर्पण छवि है, वैसे ही मिरर लाइफ के अणु भी सामान्य जीवन के अणुओं के ठीक विपरीत होते हैं।

धरती पर पाए जाने वाले सभी जीवों में डीएनए और आरएनए के न्यूक्लियोटाइड्स दाहिने (right-handed) होते हैं और प्रोटीन के अमीनो एसिड्स बाएं (left-handed) होते हैं। मिरर लाइफ में ये बिलकुल उल्टे होंगे। डीएनए और आरएनए के न्यूक्लियोटाइड्स बाएं और अमीनो एसिड्स दाहिने होंगे। ऐसा जीवन अब तक धरती पर कहीं नेचुरली नहीं मिला है। वैज्ञानिक सिंथेटिक जीव विज्ञान की मदद से इसे बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह अभी सिर्फ प्रयोगशाला की कल्पना है। चिंता यह है कि अगर ऐसे मिरर जीव बन जाते हैं, तो इन्हें पहचानना, रोकना या नियंत्रित करना बेहद मुश्किल हो सकता है, क्योंकि हमारे शरीर की सुरक्षा प्रणाली इन्हें नहीं पहचान पाएगी।

मई 2025 में मैनचेस्टर में वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और नैतिक विशेषज्ञों की अहम बैठक हुई थी। इसमें अधिकांश विशेषज्ञों ने माना कि मिरर लाइफ पर रिसर्च बंद करना जरूरी है, ताकि ऐसी संरचनाएं न बनाई जा सकें, जिन्हें रोका न जा सके। यह भी कहा गया कि जो रिसर्च दवाओं में मिरर इमेज अणुओं का इस्तेमाल करती है, वह अलग और सुरक्षित हैं, क्योंकि ये पहले ही FDA द्वारा अनुमोदित दवाओं में प्रयोग हो रहे हैं। **–फेसबुक वाल से**



## सामयिकी

# यूपीएस में कर्मचारी नहीं दिखा रहे हैं रुचि

केंद्रीय सरकार ने कर्मचारियों के लिए यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के चयन करने की तारीख 30 सितंबर 2025 तक बढ़ा दी थी। यूपीएस जो देश में पहली अप्रैल 2025 से लागू की गई थी। यह तारीख इसलिए बढ़ानी पड़ी, क्योंकि यूपीएस के चयन में अभी तक काफी कम कर्मचारियों ने रुचि दिखाई है। कर्मचारी ओपीएस यानी ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग काफी पहले से करते आ रहे हैं, दूसरी ओर यूपीएस के चयन में इनकी दिलचस्पी कम आंकी जा रही है। एनपीएस यानी नेशनल पेंशन स्कीम में तब्दील किए गए कर्मचारी यूपीएस में जाने से गुरेज कर रहे हैं।

लगभग 24 लाख कर्मचारियों में से कुल 40,000 कर्मचारियों ने ही अभी तक यूपीएस के चयन की स्वीकृति दी है, जो संख्या में बहुत कम है। यही मुख्य कारण है कि केंद्र सरकार ने यूपीएस के विकल्प के लिए तिथि को बढ़ा दिया है। इसके साथ ही राज्य सरकारों को भी यूपीएस चुनने का विकल्प केंद्र द्वारा दिया जा रहा है। अब बात करते हैं ओपीएस यानी ओल्ड पेंशन स्कीम की। ओपीएस, एनपीएस के पूर्व में प्रदान की जानी वाली पेंशन स्कीम है, जिसमें कर्मचारियों के वेतन से इसके लिए किसी भी तरह की कोई कटौती नहीं की जाती थी, अथवा अंशदान नहीं लिया जाता था, जबकि सरकार ही पूरी राशि प्रदान किया करती थी। सरकार पेंशन की गारंटी देती थी और मूल वेतन के साथ-साथ डीए का 50% हिस्सा कर्मचारियों की पेंशन के लिए दिया जाता था।



शिवालिक अवस्थी

लेखक

एनपीएस यानी नेशनल पेंशन स्कीम पहली जनवरी 2004 से लागू की गई थी। इस स्कीम में ओपीएस की तुलना में रात-दिन का फर्क देखने को मिला। नतीजन, कर्मचारियों का 10 प्रतिशत अंशदान और सरकार का 14 प्रतिशत अंशदान इस स्कीम में शामिल किया गया। इस अंशदान के बाद राशि को बाजार आदि में निवेश किया जाना प्रस्तावित हुआ। बस यहीं से मानों कर्मचारियों ने एक जंग सी छेड़ दी। कर्मचारी ओपीएस की मांग सरकार से करने लगे। मूलतः एनपीएस बाजार नियंत्रित रिटर्न्स पर निर्भर रहने वाली स्कीम है, जिसमें रिस्क फैक्टर बने रहने के चांस भी हैं। इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बीच का रास्ता निकाल कर यूपीएस स्कीम को लांच किया। यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम एक ऐसी स्कीम है, जहां पर अंशदान के साथ-साथ पेंशन की गारंटी भी प्रदान की जाएगी।

अब बात करते हैं यूपीएस यानी यूनिफाइएड पेंशन स्कीम की। यहां साफ करना होगा कि यूपीएस एक वैकल्पिक स्कीम है यानी एनपीएस की तरह इसे अपनाना जरूरी नहीं है। यूपीएस का चयन कर्मचारियों को अपने हिसाब से करना है। इसके लिए सरकार की तरफ से कोई दबाव नहीं है। चूंकि यूपीएस, ओपीएस और एनपीएस का एक समावेशी पहलू है, इसलिए यूपीएस एक महत्वपूर्ण योजना हो सकती है, जहां सुरक्षा भी मिले वह भी गारंटी के साथ। यूपीएस में न्यूनतम 25 वर्ष की सेवा उपरांत कर्मचारी को उसके अंतिम 12 माह के मूल वेतन का 50 प्रतिशत, पेंशन व्यवस्था के तौर पर सुनिश्चित किया गया है। वहीं 10 वर्ष की सेवा उपरांत 10,000 मासिक पेंशन की व्यवस्था की गई है। ग्रेच्युटी एवं डीए भुगतान का विकल्प भी समायोजित किया गया है, जबकि अंशदान की बात करें तो इसमें कर्मचारी के मूल वेतन और डीए का 10 प्रतिशत व सरकार द्वारा भी कर्मचारी के मूल वेतन और डीए का 10 प्रतिशत अंशदान शामिल किया गया है। इसके साथ ही अतिरिक्त 8.5 प्रतिशत यूपीएस पूल कॉर्पस भी सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा। यानी सरकार का योगदान लगभग 18.5 प्रतिशत तक रहेगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# सितारों और ग्रहों की रहस्यमयी दुनिया में बनाएं भविष्य

ब्रह्मांड हमेशा से इंसानों के लिए रहस्यमयी रहा है। रात के अंधेरे में टिमटिमाते तारे, चमकता चांद और ग्रहों की अनोखी दुनिया हर किसी को आकर्षित करती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन रहस्यों को समझने के लिए एक खास विज्ञान है- एस्ट्रोफिजिक्स। अगर आप विज्ञान और गणित के छात्र हैं और अंतरिक्ष की गुत्थियों को सुलझाने का सपना देखते हैं, तो एस्ट्रोफिजिक्स आपके करियर का अगला बड़ा कदम हो सकता है। यह न केवल तारों और ग्रहों का अध्ययन करता है, बल्कि हमें बताता है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई, वह कैसे बदलता है और भविष्य में कैसा होगा।

## रोमांच से भरा करियर

- रहस्यमयी विषयों से जुड़ाव– यह आपको यूनिवर्स की सबसे गहरी पहेलियों से रूबरू कराता है।
- इनोवेशन और रिसर्च– इसमें रिसर्च का दायरा बहुत बड़ा है। आप नई खोजों में योगदान दे सकते हैं।
- वैज्ञानिक करियर – इस क्षेत्र में करियर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवसरों से भरा है।
- प्रेरणादायक कार्यक्षेत्र– अंतरिक्ष एजेंसियों, रिसर्च संस्थानों और विश्वविद्यालयों में काम करने का मौका मिलता है।

## कौन कर सकता है ये कोर्स

- एस्ट्रोफिजिक्स में एडमिशन लेने के लिए 12 वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स (पीसीएस) से पास होना चाहिए। इसके साथ ही छात्रों को कम से कम 50 प्रतिशत या उससे ज़्यादा होने अंक होना चाहिए।

## एंट्रेंस एग्जाम

- आईआईएसआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी)– भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
- एसईएसटी– नेशनल स्क्रीनिंग टेस्ट
- जेईई एडवांस्ड – जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन एडवांस्ड
- सीयूईटी–यूजी – कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट




## इन संस्थानों से कर सकते हैं कोर्स

- भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु।
- राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भुवनेश्वर।
- उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद।
- भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला अहमदाबाद।
- हर्ष चंद्र अनुसंधान संस्थान प्रयागराज।
- भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान बेंगलुरु।
- टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान मुंबई।
- अतंर– विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी केंद्र पुणे।
- आर्यभट्ट प्रेक्षणीय विज्ञान अनुसंधान संस्थान नैनीताल।
- रमन अनुसंधान संस्थान बेंगलुरु।

### क्या है एस्ट्रोफिजिक्स

- एस्ट्रोफिजिक्स खगोलशास्त्र और भौतिकी का मिश्रण है। इसमें वैज्ञानिक ब्रह्मांड के हर छोटे–बड़े पहलू का अध्ययन करते हैं। इसमें हम अध्ययन करते हैं कि तारे कैसे जन्म लेते और खत्म होते हैं। ग्रह और उपग्रह अपनी कक्षाओं में कैसे चलते हैं। ब्लैक होल, न्यूट्रॉन स्टार और डार्क मैटर क्या होता है। ब्रह्मांड कितना बड़ा है और समय के साथ कैसे फैल रहा है। इस विज्ञान में दूरबीन, उपग्रह और गणित का इस्तेमाल होता है। आजकल हबल और जेम्स वेब जैसी दूरबीनें ब्रह्मांड की तस्वीरें भेजती हैं, जिससे वैज्ञानिक नई खोज कर पाते हैं।



### सैलरी

- एस्ट्रोफिजिसिस्ट की सैलरी अनुभव, जगह और काम के प्रकार के हिसाब से अलग–अलग हो सकती है। एक फ्रेशर एस्ट्रोफिजिसिस्ट को लगभग 4–6 लाख रुपये सालाना मिल सकता है, जबकि अनुभवी फ्रेशर को 8–15 लाख रुपये तक का सालाना पैकेज हो सकता है। प्राइवेट सेक्टर में इससे भी ज्यादा हो सकती है।

### इस फील्ड में करियर

- एस्ट्रोफिजिक्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद आप इन क्षेत्रों में काम कर सकते हैं:
- रिसर्च संस्थानों और प्रयोगशालाओं में रिसर्च साइंटिस्ट
- इसरो, नासा, ईएसए जैसी स्पेस एजेंसियों में स्पेस साइंटिस्ट
- डेटा एनालिस्ट खगोलीय और कॉस्मिक डेटा को समझने व विश्लेषण करने के लिए।
- सॉफ्टवेयर और कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में वैज्ञानिक शोध के लिए सिमुलेशन तैयार करना।
- एयरोस्पेस एंड टेलीकॉम सेक्टर– उपग्रह और अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में
- साइंस लेखक या पत्रकार– विज्ञान को सरल भाषा में आम जनता तक पहुंचाने के लिए।

# स्कॉलरशिप बनाएगी पहचान, बैंक पूरी करेगा सपनों की उड़ान



सपने बड़े हैं, पढ़ाई कर कुछ बनने की ललक है। ऐसे में बजट की कमी के चलते पढ़ाई में बाधा आ रही है तो निराश होने की जरूरत नहीं है। सरकारी सहायता से इतर कई बैंक भी हैं, जो मेहनती व पढ़ाई में गंभीर मेधावियों को स्कॉलरशिप प्रदान करती है। इन स्कॉलरशिप के जरिए मेधावी अपने खुली आंखों से देखे गए सपनों को पूरा कर सकते हैं। बैंकों की ओर से दी जाने वाली स्कॉलरशिप स्कूल और कॉलेज स्तर तक की पढ़ाई करने वाले मेधावियों के लिए होती है। कई ऐसी विशेष स्कॉलरशिप भी यह बैंक ऐसी प्रदान करते हैं, जो युवाओं को तकनीकी शिक्षा और प्रोफेशनल कोर्स को करने के लिए होती है।

### एसबीआई आशा स्कॉलरशिप

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अपनी 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप' प्रदान कर रहा है। इस स्कॉलरशिप के तहत, छात्रों को उनकी शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। बैंक की ओर से स्कूल के छात्रों के लिए खासतौर पर कक्षा 6 से 8 तक 15 हजार रुपये तक की सहायता की जा रही है। इसी तरह कक्षा 9 से 12 तक के लिए 20 हजार रुपये तक की स्कॉलरशिप दिए जाने का प्रावधान है। कॉलेज और प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट 40 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप बैंक द्वारा दी जाती है। इसी तरह आईआईटी छात्रों के लिए 2 लाख व आईआईएम छात्रों के लिए 5 लाख से 20 लाख तक (विदेश में पढ़ाई के लिए) की सहायता दी जाती है।

### कोटक बैंक देता है दो स्कॉलरशिप

कोटक महिंद्रा बैंक दो प्रमुख स्कॉलरशिप प्रदान करता है। इनमें कोटक जूनियर स्कॉलरशिप प्रोग्राम व कोटक कन्या स्कॉलरशिप है। कोटक जूनियर स्कॉलरशिप प्रोग्राम में 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्र, जो मुंबई महानगर क्षेत्र में रहते हैं, उन्हें सुविधा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत बैंक 73,500 रुपये तक की स्कॉलरशिप, जिसमें 3,500 प्रति माह की दर से 21 महीनों के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इसी तरह कोटक कन्या स्कॉलरशिप में 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुकी मेधावी छात्राएं, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 6 लाख रुपये हैं, उन्हें सुविधा प्रदान की जाती है। स्कॉलरशिप के तहत छात्राओं को 1,50,000 तक की स्कॉलरशिप प्रतिवर्ष, जो ग्रेजुएशन कोर्स पूरा होने तक प्रदान की जाएगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए छात्राओं को 12 वीं कक्षा में 75 फीसदी या अधिक अंक प्राप्त करने होंगे।

### एमबीए के लिए स्कॉलरशिप

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक भी पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप प्रदान करता है। विशषतः एमबीए के छात्रों के लिए। इस स्कॉलरशिप के तहत, छात्रों को दो साल की फुल टाइम एमबीए पढ़ाई के लिए 2 लाख रुपये की राशि दी जाती है, जिसमें पहले साल में 1 लाख रुपये और दूसरे साल में 1 लाख रुपये दिए जाते हैं। इस स्कॉलरशिप के लिए छात्रों को कक्षा के लिए 2 साल का फुल टाइम एमबीए प्रोग्राम में चयनित होना चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रुपये से कम या उसके बराबर होनी चाहिए। छात्रों के पास आधार नंबर से जुड़ा एक वैलिड मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। स्कॉलरशिप के लिए छात्रों के पास आधार नंबर से जुड़ा एक वैलिड मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।

### एचडीएफसी बैंक स्कॉलरशिप

एचडीएफसी बैंक भी पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप प्रदान करता है, जिसे एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ईसीएसएस स्कॉलरशिप कहा जाता है। इस स्कॉलरशिप के तहत, छात्रों को उनकी शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस स्कॉलरशिप के लिए कक्षा 1 से 6 तक 15 हजार रुपये। कक्षा 7 से 12, डिप्लोमा, आईटीआई और पॉलिटेक्निक के लिए 18 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसी तरह स्नातक (सामान्य कोर्स) 30 हजार रुपये व स्नातक (व्यावसायिक कोर्स) 50 हजार रुपये मिलते हैं। उधर स्नातकोत्तर (सामान्य कोर्स) 35 हजार रुपये व स्नातकोत्तर (व्यावसायिक कोर्स) 75 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। इस स्कॉलरशिप के लिए पिछली परीक्षा में कम से कम 55 फीसदी अंक प्राप्त करने होंगे। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख से कम होनी चाहिए।

## जॉब अलर्ट



### एसएससी कांस्टेबल भर्ती

- पद का नाम : कांस्टेबल
- कुल पद– 7565
- योग्यता– 12 वीं
- अंतिम तिथि– 21/10/2025
- वेबसाइट– https://ssc.gov.in/

### केनरा बैंक अपरेंटिस भर्ती

- पद का नाम : अपरेंटिस
- कुल पद– 3500
- योग्यता– स्नातक
- अंतिम तिथि– 12/10/2025
- वेबसाइट– https://nats.education.gov.in/

### इंडियन बैंक भर्ती

- पद का नाम : स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- कुल पद– 171
- योग्यता– स्नातक (बीटेक/बीई/एमबीए आदि)
- अंतिम तिथि– 13/10/2025
- वेबसाइट– https://ibpsreg.ibps.in/ibasep25/

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) भर्ती

- पद का नाम : शिक्षण और गैर शिक्षण
- पद– 7267
- योग्यता– पदानुसार
- अंतिम तिथि– 23/10/2025
- वेबसाइट– https://nests.tribal.gov.in/

उत्तराखण्ड लोकसेवा आयोग

### यूकेपीएससी प्रधानाचार्य भर्ती 2025

- पद का नाम : प्रधानाचार्य
- कुल रिक्तियां : 692
- योग्यता– पदनुसार
- अंतिम तिथि : 12-10-2025
- ऑनलाइन वेवसाइट : ukpscnet.in

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक नया ट्रेंड



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक नया ट्रेंड तेजी से सामने आ रहा है। हाल ही में यह ट्रेड युवा पीढ़ी के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ये तस्वीरें नब्बे के दशक की हीरोइनों जैसी हैं। यंगस्टर्स अपनी तस्वीरों को सोशल प्लेटफॉर्म पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से एडिट करवाकर शेयर कर रहे हैं। कभी फिल्मी पोस्टर जैसी, कभी किसी फैंटेसी वर्ल्ड की झलक जैसी तो कभी बेहद आकर्षक अंदाज में दिखाई देती है। इस ट्रेंड ने यूजर्स में नई ऊर्जा भर दी है और हर दूसरा व्यक्ति अपनी एडिटेड फोटो फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर साझा करता दिखाई दे रहा है। कुछ माह पहले भी हमें ऐसा ही एक ट्रेंड देखने को मिला था-गिबली आर्ट का, जिसमें लोग अपनी तस्वीरों को कार्टून में बदल रहे थे। तकनीक अब केवल सुविधाओं तक सीमित नहीं रही, अब यह भावनाओं को भी छू रही है। एआई एडिटिंग का जादू ऐसा है कि लोग अपनी तस्वीरों को कुछ पल के लिए नए और मनचाहे रूप में देखकर खुश हो रहे हैं। जिन लोगों ने हमेशा खुद को किसी खास अंदाज में देखने की कल्पना की थी, एआई ने उन्हें वह अनुभव दे दिया है। इससे न केवल खुशी और उत्साह बढ़ रहा है, बल्कि क्रिएटिविटी और मनोरंजन का भी एक नया माध्यम मिला है। तकनीक के इस प्रयोग ने आम लोगों को भी आधुनिकता का अनुभव कराया है, लेकिन इसके साथ ही कुछ नकारात्मक पक्ष भी उभर कर सामने आ रहे हैं। एआई से बनी तस्वीरें असली नहीं लगतीं, क्योंकि इनका आकर्षण अक्सर बनावटी दिखाई देता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि इनमें एकरूपता बढ़ रही है। लगभग हर किसी की फोटो एक जैसी, खूबसूरत और परफेक्ट बनकर सामने आती है। इस वजह से लोग जल्दी ऊब भी जाते हैं, इसलिए यह ट्रेंड ज्यादा लंबे समय तक नहीं चलता। इसके अलावा वास्तविक और एडिटेड चेहरे के बीच अंतर देखने पर लोग अपने असली रूप से असंतुष्ट महसूस कर सकते हैं। डेटा प्राइवेसी का खतरा भी एक अलग चिंता का विषय बना हुआ है। कुल मिलाकर, एआई एडिटेड फोटो का यह ट्रेंड मनोरंजन और तकनीकी अनुभव का एक नया जरिया है। यह लोगों को थोड़े समय के लिए उत्साह और खुशी देता है, लेकिन लंबे समय में इसका आकर्षण फीका पड़ सकता है इसलिए इसे केवल प्रयोग और मनोरंजन की दृष्टि से देखना ही बेहतर है। वैसे भी असली सुंदरता हमेशा हमारी वास्तविकता, आत्मविश्वास और स्वभाव में ही छिपी रहती है।



लेखिका
*रीता मटियाली*

# ट्यूशन पढ़ाकर स्टार्टअप के लिए जुटाया पैसा



रोजी मैन्दौलिया के स्टार्टअप की कहानी। जिसे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने स्वर्ण पदक देकर डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया। रोजी एकेटीयू की बीटेक की मेधावी छात्रा हैं। आइए आपको बताते हैं कि रोजी मैन्दौलिया के स्टार्टअप की कहानी,उन्होंने अपना करियर कैसे शुरू किया और किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

बीटेक की छात्रा रोजी मैंदौलिया ने थर्ड आई स्टार्टअप शुरु किया है। वह बताती हैं कि कभी भी मेरा सपना उद्यमी बनने का नहीं था, लेकिन एक घटना ने मेरी सोच और जीवन की दिशा दोनों ही बदल दी। कॉलेज के दूसरे वर्ष में गांवों में सर्वे के दौरान मेरी मुलाकात एक महिला से हुई। वह बड़े ही मनोयोग से ब्लाउज सिल रही थीं। मैंने सहज ही उनसे पूछा कि "मौसी जी, आप एक ब्लाउज के कितने पैसे लेती हैं?"

उन्होंने कहा- "बेटा, पचास रुपये।" मैं चौंक गई और कहा- "मेरी मम्मी तो एक ब्लाउज के लिए 350 रुपये से ज्यादा देती हैं। आप इतना कम क्यों लेती हैं?" उन्होंने बड़ी मासूमियत से उत्तर दिया- "क्या बताऊं बेटा, कई बार लोग हमसे 45 रुपये में भी ले जाते हैं।"

उनकी यह बात मेरे दिल को छू गई। इतने अच्छे काम की इतनी कम कीमत क्यों मिल रही है।

मैं वापस लौटकर इस मुद्दे पर सोचना शुरू किया और जरूरी जानकारियों को इकट्ठा करना शुरू की। मुझे समझ आया कि सबसे अधिक शोषण हैंड एम्ब्रॉयडरी कारीगरों का हो रहा है। किसी को 32 रुपये तो किसी को 50 रुपये मुश्किल से प्रतिदिन मिलते हैं, लेकिन यह तो इनकी मेहनत और हुनर का शोषण है। मैंने ठान लिया कि मुझे उनके लिए कुछ करना है। उस समय मेरे सामने दो रास्ते थे। एक बीटेक के उसी सेक्टर में काम करना, जिसे मैं पढ़ रही थी। दूसरा इस अनप्रेडिक्टेबल इंटरप्रन्योरशिप की अनजानी दुनिया में कदम रखना। मैंने दूसरा रास्ता चुना, क्योंकि मेरा दिल कह रहा था कि मुझे इन कारीगरों के लिए बदलाव लाना है। वह मैंने अपने स्टार्टअप से कर दिखाया है। हालांकि इस दौरान मुझे अनेक चुनौतियों से भी जूझना पड़ा। लोग अक्सर पूछते भी हैं कि सबसे बड़ी कठिनाई क्या रही? मेरे लिए यह वित्तीय संकट नहीं था।

मुझे घर से जेब खर्च के लिए हमेशा पर्याप्त धन मिलता था। मेरे माता-पिता ने कभी मेरा साथ नहीं छोड़ा, लेकिन मैं अपने स्टार्टअप के लिए उनसे पैसा नहीं लेना चाहती थी। यह मेरी अपनी जिम्मेदारी थी। इसलिए मैंने तय किया कि मैं डेढ़ साल तक घर पर ट्यूशन पढ़ाऊंगी। हर महीने लगभग 7,500 रुपए मुझे दो घंटे ट्यूशन पढ़ाने के मिलने लगे। पैसा खुद कमाती और एक-एक रुपया थर्डआई में ही लगाती। न कहीं और खर्च, न कोई और सपोर्ट। यह अनुशासन और आत्मनिर्भरता ही मेरे उद्यम की पहली नींव बनी। मेरी असली प्रेरणा तो कारीगर महिलाएं ही थीं, लेकिन जब लोग मुझसे पूछते हैं कि जोखिम लेने का साहस कहां से मिला, तो जवाब साफ है कि यह मैंने अपने पिता से सीखा है।

### कैसे शुरू करें स्टार्टअप

अब युवाओं का उद्यमी बनना मुश्किल नहीं है। बहुत से युवा उद्यमिता (इंटरप्रेन्योरशिप) में आना चाहते हैं, लेकिन अक्सर सबसे बड़ा सवाल यह होता है कि शुरुआत कैसे करें? मैं हमेशा यही कहती हूं कि अगर आपके पास एक आइडिया है और उसमें एक भी डिफ्रेंशिएटर (यानी कोई अलग या अनोखी चीज़) है, तो बिना डरे शुरुआत करें। मैं स्वयं टियर- 2 और टियर–3 शहरों के छात्रों और युवाओं को प्रशिक्षण देती हूँ कि "कैसे बिना किसी पूंजी के सिर्फ एक आइडिया से शुरुआत की जा सकती है।" जो भी युवा इस राह पर चलना चाहता है, वह मुझसे मार्गदर्शन प्राप्त कर सकता है। आप मुझसे सीधे जुड़ सकते हैं–Instagram : @thirdeye_shop, Email : support@thirdeyeshop.in से आप मेरे से संपर्क भी कर सकते हैं।

### मॉडल और आमदनी

- थर्डआई का मॉडल "वर्क–फ्रॉम–होम" है। हम कारीगरों को सामग्री उपलब्ध कराते हैं, 50 प्रतिशत एडवांस देते हैं और प्रोडक्ट तैयार होने के बाद शेष भुगतान करते हैं। हमारा उद्देश्य यही है कि महिलाएं अपने घरों से अपने समय के अनुसार काम कर सकें। हमारे प्रोडक्ट की कीमत का लगभग 70–75 प्रतिशत हिस्सा सीधे कारीगरों को दिया जाता है।

### मार्केटिंग के तरीके

- ऑनलाइन प्लेटफटर्म– फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि
- कॉर्पोरेट हैम्पर्स व गिफ्टिंग
- ऑफलाइन प्रदर्शनियां
- हमारी योजना है कि आने वाले समय में उत्पादों का एक्सपोर्ट भी शुरू हो। वॉलमार्ट जैसे प्लेटफॉर्म से जुड़ने की दिशा में काम चल रहा है। 2026 तक हमारा लक्ष्य है कि ऑफलाइन स्केलअप कर कई राज्यों में थर्डआई को स्थापित किया जाए।

### पुरस्कार और उपलब्धियां

- डब्लूडब्लूएफ स्वीटजरलैंड में 75 वैश्विक कंपनियों में चयन।
- स्टार्टअप महाकुंभ में डीटूसी सेक्टर का विजेता एक लाख रुपए पुरस्कार।
- सी राईजेज कांक्लेव में 21,000 रुपए का पुरस्कार।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला द्वारा "सर्वश्रेष्ठ महिला छात्र–नेतृत्व स्टार्टअप" का सम्मान मिला।
- सुलक्षणा सावंत गोवा की मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी की पदमिनी फाउंडेशन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- थर्डआई से कानपुर और दिल्ली के गांवों की लगभग 82 महिलाएं जुड़ी हैं। पहले जो महिलाएं केवल 50 रुपया प्रतिदिन कमाती थीं, अब वे 500 रुपए से अधिक प्रतिदिन कमा रही हैं। मेरे लिए यही सबसे बड़ी सफलता है कि जब कोई कारीगर आत्मसम्मान से कहता है कि वह अपने परिवार की रीढ़ है। मैं धार्मिक प्रवृत्ति की हूं और मानती हूं कि मेरी कामयाबी में भगवान शिव की कृपा, माता–पिता के आशीर्वाद और कारीगर बहनों के विश्वास के कारण ही संभव हो पाया है।

लेखक: मार्कण्डेय पांडेय

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,715.63 | 25,056.90 |
| गिरावट | 386.47 | 112.60 |
| प्रतिशत में | 0.47 | 0.45 |

सोना- 1,18,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,39,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 25 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### फोनपे ने आईपीओ के लिए सौंपे दस्तावेज

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्रदाता फोनपे ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि फोनपे लिमिटेड ने 'प्री-फाइलिंग' गोपनीय मार्ग से आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। प्रवक्ता ने आईपीओ के आकार का खुलासा करने से इन्कार कर दिया। सूत्रों ने जून में बताया था कि सार्वजनिक पेशकश में सहायता के लिए कंपनी ने कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेपी मॉर्गन चेस, सिटीग्रुप और मॉर्गन स्टेनली को शामिल किया है।

### वीएमएस का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** टीएमटी बार विनिर्माता वीएमएस टीएमटी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 99 रुपये से छह प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से छह प्रतिशत की बढ़त के साथ 105 रुपये पर शुरुआत की। एनएसई में यह 5.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 500.78 करोड़ रुपये रहा। वीएमएस टीएमटी लिमिटेड के आईपीओ को गत शुक्रवार को शेयर बिक्री के अंतिम दिन 102.26 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 148.50 करोड़ के आईपीओ का मूल्य दायरा 94-99 रुपये प्रति शेयर था। नए निर्गम से प्राप्त 115 करोड़ का उपयोग ऋण चुकाने और शेष राशि का उपयोग अन्य कार्यों में किए जाने की योजना है।

### मुहूर्त महोत्सव : 5 मिनट में बिके ओला के सारे वाहन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के 'मुहूर्त महोत्सव' में ग्राहकों का उत्साह देखने को मिला। कंपनी ने बुधवार को बताया कि बिक्री शुरू होने के सिर्फ पांच मिनट के भीतर ही उसके सारे वाहन बिक गए। यह भारी मांग ओला द्वारा हाल ही में शुरू किए उत्सव अभियान की वजह से आई है। ओला ने अपने सबसे अधिक बिकने वाले एस1 स्कूटर और रोडस्टरएक्स बाइक के लिए 49,999 रुपये से शुरू होने वाली अब तक की सबसे किफायती कीमतें पेश की हैं। ओला ने कहा कि ओला मुहूर्त महोत्सव ने लोगों के दिलों को छू लिया है।

# अमेरिका के साथ ऊर्जा व्यापार बढ़ने की उम्मीद

## वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- ऊर्जा सुरक्षा ऐसा क्षेत्र जहां हम सभी को मिलकर काम करना होगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश को आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादों के क्षेत्र में अमेरिका के साथ व्यापार बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों में अमेरिका की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। दुनिया मानती है कि ऊर्जा सुरक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जहां हम सभी को मिलकर काम करना होगा। भारत ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी है, हम अमेरिका सहित दुनिया भर से ऊर्जा के बड़े आयातक में से एक हैं।

केंद्रीय मंत्री ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) और भारत के अग्रणी कार्बन मुक्त समाधान प्रदाता 'रीन्यू' द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'बदलते वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षाः सीमाओं के पार लचीले ऊर्जा बाजारों का निर्माण' में मुख्य भाषण दिया। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में ऊर्जा उत्पादों पर अमेरिका के साथ हमारा व्यापार बढ़ेगा। घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार होने के नाते हमारे ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों में अमेरिकी भागीदारी अधिक होगी जिससे भारत के लिए मूल्य स्थिरता, ऊर्जा के विविध स्रोत सुनिश्चित होंगे और हमें ऊर्जा एवं उससे परे विभिन्न मोर्चों पर अमेरिका के साथ असीमित संभावनाओं को खोलने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि एक और क्षेत्र जहां भारत और अमेरिका मिलकर काम कर सकते हैं और साथ मिलकर काम करने की योजना बना सकते हैं.... वह परमाणु ऊर्जा का क्षेत्र है। यह ऐसा क्षेत्र है जिस पर हम लंबे समय से बात कर रहे हैं। कुछ पहलू थे जिन्हें ठीक करने की जरूरत थी। हम भारत में परमाणु ऊर्जा पर निजी प्रयासों का समर्थन करने को काम कर रहे हैं।



- बोले- अमेरिका सहित दुनिया भर से ऊर्जा के बड़े आयातक में से एक है भारत

### भारत, अमेरिका के बीच विभिन्न स्तरों पर व्यापार वार्ता जारी: अधिकारी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और गैर-व्यापार दोनों मुद्दों पर विभिन्न स्तरों पर बातचीत हो रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका यात्रा पर हैं। प्रतिनिधिमंडल में विशेष सचिव एवं भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी हैं। अधिकारी ने कहा कि मंत्री के नेतृत्व दल के इस सप्ताह के अंत में भारत लौटने की उम्मीद है। भारत में अमेरिकी मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच और अग्रवाल के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हाल ही में संपन्न हुई एक दिवसीय चर्चा की पृष्ठभूमि में यह यात्रा हो रही है। वाणिज्य मंत्रालय ने 16 सितंबर को कहा था कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिकी दल के साथ दिनभर चली चर्चा सकारात्मक रही और दोनों पक्ष समझौते को शीघ्र एवं पारस्परिक रूप से लाभकारी बनाने के लिए प्रयास करने पर सहमत हुए। अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर 25प्रतिशत शुल्क और अतिरिक्त 25 प्रतिशत जुर्माना लगने के बाद अमेरिकी अधिकारियों की भारत की यह पहली यात्रा थी। इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। समझौते के पहले चरण को 2025 की शरद ऋतु (अक्टूबर-नवंबर) तक पूरा करने की योजना थी। अब तक पांच दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को 191 अरब डॉलर से दोगुना से अधिक बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर पहुंचाना है। गोयल ने व्यापार वार्ता के लिए मई की शुरुआत में भी वाशिंगटन की यात्रा की थी।

### द्विपक्षीय समझौते पर निष्कर्ष को न्यूयॉर्क गए गोयल

कार्यक्रम में सांसद अनुराग ठाकुर, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव पंकज जैन, यूएसआईएसपीएफ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं अध्यक्ष मुकेश अघि, रीन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा और रीन्यू के चेयरमैन एवं सीईओ सुमंत सिन्हा शामिल हुए। गोयल द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे हैं। वह अमेरिकी पक्ष के साथ बैठकों के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

### अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा

केंद्रीय मंत्री गोयल ने वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के साथ विचार-विमर्श किया। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर (86.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात) रहा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और देश के कुल वस्तु व्यापार में 10.73 प्रतिशत है।

# कंपनियों को दो माह में उत्पादों की कीमतों में पूर्ण समायोजन का भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**जीएसटी 2.0**

- एफएमसीजी कंपनियों ने उत्पाद के मूल्य दो, पांच और 10 रुपये तक किए हैं कम

जीएसटी की कम दरें लागू होने के साथ रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों को उत्पादों के लिए कम कीमतें तय करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उन्हें दो महीने में इसके पूर्ण समायोजन की उम्मीद है। रोजमर्रा के उपयोग वाली वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों ने उत्पाद के मूल्य दो, पांच और 10 रुपये तक कम किए हैं।

उद्योग जगत के विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के पास गैर-मानक कीमतें अपनाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है क्योंकि उनके पास चीजों का वजन (ग्रामेज) तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, जिसके लिए कारखाने के ढांचे में बदलाव की जरूरत होती है। अस्थायी तौर पर उन्होंने सरकारी निर्देशों का पालन करने के लिए लोकप्रिय मूल्य पैक की अधिकतम खुदरा कीमत कम कर दी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दो स्तरीय पांच और 18 प्रतिशत दरें 22 सितंबर से प्रभावी हैं। पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा कि यह पूरी तरह अस्थायी है। आम तौर पर जब भी आप किसी बदलाव या ऐसी किसी चीज की बात करते हैं, तो पैक के वजन में बदलाव करते हैं। इस तरह की चीजों में डेढ़ से दो महीने लगते हैं। अक्टूबर और नवंबर के रैपर छप चुके हैं। अब बाहर जाकर वजन में बदलाव करना और एमआरपी स्थिर रखना मुश्किल है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अबनीश रॉय ने कहा कि ये एफएमसीजी कंपनियों द्वारा अल्पकालिक उपाय हैं। कंपनियां अपने सामान का वजन बढ़ाएंगी और दो, पांच और 10 रुपये के मूल्य पर वापस आ जाएंगी क्योंकि 4.5 या 4.6 रुपये के मूल्य व्यावहारिक नहीं हैं। डाबर के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा कि हमने अपने पैक की कीमतों में समायोजन किया है।

# कतर में भी यूपीआई से भुगतान शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अब भारतीय यात्री कतर में भी यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के साथ मिलकर इस सुविधा की शुरुआत की है। इस पहल के तहत क्यूएनबी से जुड़े दुकानदार और नेटस्टार्स के भुगतान समाधान का इस्तेमाल करने वाली पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनों पर यूपीआई क्यूआर कोड से भुगतान किया जा सकेगा।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को कहा कि कतर ड्यूटी फ्री की दुकानें इस सुविधा का इस्तेमाल करने वाले प्रतिष्ठान हैं। धीरे-धीरे यह अन्य प्रमुख पर्यटक स्थलों और बाजारों में उपलब्ध होगी। कतर आने वाले अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों में भारतीय यात्री दूसरे स्थान पर हैं। नई सुविधा से उन्हें नकदी रखने और मुद्रा बदलने से छुटकारा मिलेगा। एनआईपीएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा कि यह साझेदारी यूपीआई की वैश्विक स्वीकृति बढ़ाने और अंतर्राष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क बनाने की दिशा में अहम कदम है। एनआईपीएल देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली का संचालन करने वाली कंपनी एनपीसीआई की अनुषंगी है। क्यूएनबी के समूह मुख्य व्यवसाय अधिकारी यूसुफ महमूद अल-नीमा ने कहा कि इस पहल से भारतीय यात्रियों को सुविधा मिलेगी और कतर के खुदरा एवं पर्यटन क्षेत्र को भी फायदा होगा। इस सुविधा की शुरुआत से स्थानीय व्यापारियों को ज्यादा ग्राहक मिलेंगे और डिजिटल लेनदेन बढ़ेगा।



- एनआईपीएल ने कतर नेशनल बैंक के साथ मिलकर की सुविधा की शुरुआत

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट


## एफआईआई की पूंजी निकासी व एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि ने डाला असर

**मुंबई, एजेंसी**

बैंक, वाहन तथा पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 386 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक टूटा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ना जारी है।

बीएसई का सेंसेक्स 386.47 अंक टूटकर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 112.60 अंक गिरकर 25,056.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस और एक्सिस बैंक नुकसान में रहीं। वहीं, लाभ में रहने वालों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और एचसीएल टेक हैं। शेयर बाजार के अनुसार, एफआईआई ने मंगलवार को 3,551.19 करोड़ के शेयर बेचे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि जीएसटी सुधारों के बाद घरेलू बाजारों में मुनाफावसूली देखी गई है। निवेशक मूल्यांकन और दूसरी तिमाही की आय अपेक्षाओं को पुनः निर्धारित कर रहे हैं। एच-1बी शुल्क वृद्धि से आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा।



### मिड और स्मॉलकैप में भी आई गिरावट

बीएसई के मिडकैप में 0.85 और स्मॉलकैप में 0.50 प्रतिशत की गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 1,298.33 अंक यानी 1.56 प्रतिशत टूट चुका है जबकि निफ्टी में 366.7 यानी 1.44 प्रतिशत की गिरावट आई है। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.44 प्रतिशत बढ़कर 67.93 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।



# राजोआना को अब तक फांसी क्यों नहीं दी गई

## दया याचिका पर फैसले में देरी के आधार पर मौत को आजीवन कारावास में बदलने की याचिका पर सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को पूछा कि 1995 में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के लिए मौत की सजा पाए बलवंत सिंह राजोआना को अब तक फांसी क्यों नहीं दी गई। राजोआना पिछले लगभग 29 वर्षों से जेल में बंद है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया को अपराध की गंभीरता से अवगत कराया।

पीठ ने पूछा, आपने अब तक उसे फांसी क्यों नहीं दी? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? हमने तो फांसी पर रोक नहीं लगाई है। शीर्ष अदालत राजोआना की दया याचिका पर फैसले में देरी के आधार पर उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने की याचिका पर सुनवाई कर रही है। राजोआना के अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उनके मुवक्किल की दया याचिका पर कोई फैसला नहीं हुआ है। नटराज ने कहा कि वह निर्देश लेंगे और पीठ को स्थिति से अवगत कराएंगे। रोहतगी ने कहा कि कोई नहीं जानता कि क्या हो रहा है। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि दया याचिका पर समय पर फैसला होना चाहिए। यदि मृत्युदंड को खत्म करना है तो उसे कम किया जाना चाहिए। यदि सजा कम की जाती है तो वह बाहर आ सकते हैं। राजोआना भारतीय हैं और यह भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। शीर्ष अदालत ने पाया है कि राजोआना ने की दया याचिका गुरुद्वारा समिति ने दायर की है।

पीठ ने सुनवाई 15 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी और कहा कि केंद्र के अनुरोध पर मामले को स्थगित नहीं किया जाएगा। 20 जनवरी को उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से राजोआना की दया याचिका पर निर्णय लेने को कहा था। केंद्र ने तब कहा था कि दया याचिका विचाराधीन है। गत वर्ष 25 सितंबर को शीर्ष अदालत ने राजोआना की याचिका पर केंद्र, पंजाब सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन से जवाब मांगा था।



- 1995 में पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या का दोषी बलवंत सिंह राजोआना 29 वर्षों से जेल में है बंद

### लापता बच्चों की तलाश के लिए विशेष ऑनलाइन पोर्टल बनाएं

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से कहा कि वह लापता बच्चों का पता लगाने और ऐसे मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय के तत्वावधान में विशेष ऑनलाइन पोर्टल बनाए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और आर महादेवन की पीठ ने उन पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी पर जोर दिया, जिन्हें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों का पता लगाने का काम सौंपा गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पोर्टल पर राज्य से एक अधिकारी हो सकता है जो सूचना देने के अलावा गुमशुदगी की शिकायतों का भी प्रभारी हो सकता है। न्यायालय ने समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने पर बल दिया।

### सहमति से यौन संबंध की वैधानिक आयु पर 12 नवंबर को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने किशोरों के लिए सहमति से यौन संबंध की वैधानिक आयु के मुद्दे पर सुनवाई के लिए बुधवार को 12 नवंबर की तारीख तय की। न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले को टुकड़ों के बजाय निरंतरता में सुनना पसंद करेगा। यह मामला न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। पीठ ने मामले की सुनवाई के लिए 12 नवंबर की तारीख निर्धारित करते हुए कहा कि इस पर लगातार सुनवाई होगी। केंद्र ने कहा कि यह निर्णय नाबालिगों को यौन शोषण से बचाने के उद्देश्य से एक सोद्देश्य, सुविचारित और सुसंगत तिगत विकल्प है।

### निर्वाचन आयोग ने ई-सत्यापन प्रणाली की शुरू

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने मतदाता सूची से नाम हटाने की मांग के प्रावधान का दुरुपयोग रोकने के लिए एक ई-सत्यापन प्रक्रिया शुरू की है। मतदाता सूची से नाम हटाने या शामिल करने पर आपत्ति दर्ज कराने वालों को उनके पंजीकृत मोबाइल फोन पर एक बार इस्तेमाल होने वाला पासवर्ड (ओटीपी) मिलेगा।

एक अधिकारी ने बताया कि ऐसे मामले हो सकते हैं, जिसमें नाम हटाने की मांग करने वाला व्यक्ति ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कराते समय किसी और का नाम या फ़ोन नंबर दे दे। यह अतिरिक्त सुविधा इस प्रकार का दुरुपयोग रोकेगी। यह सुविधा एक सप्ताह पहले शुरू की गई थी और निर्वाचन अधिकारियों ने कहा था कि यह कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में नामों को हटाने के गलत प्रयासों की प्रतिक्रिया नहीं है।

### अभिनेता मुकेश व निर्माता मंजू ने की प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना से भेंट



प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद से भेंट करते मुकेश जे भारती व मंजु भारती।

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में शूटिंग से पहले अभिनेता मुकेश जे भारती व विवेक फिल्मस प्रोडक्शन हाउस की निर्माता मंजू भारती ने संजय प्रसाद (प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना) से भेंट की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई तथा संजय प्रसाद ने शूट के दौरान हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने फिल्म रिकवरी की पटकथा को समझा और सहराना की। फिल्म की कहानी आम जनता को उद्देश देगी, जिसकी शूटिंग प्रदेश के क्षेत्रों में होगी, जिसमें लखनऊ और बरेली भी हैं। प्रदेश को बढ़ावा देने के उद्देश से फिल्म नीति का हर निर्माता लाभ ले इस पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। आगामी फिल्मों के लिए मंजू व मुकेश को प्रसाद ने शुभकामनाएं दीं। निर्माता मंजू ने धन्यवाद किया और मुकेश ने इस भेंट पर खुशी जताई।

# फॉस्टर केयर के लिए 6 वर्ष से कम के बच्चे पात्र नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नए नियमों की अलग-अलग व्याख्याओं पर चिंता जताते हुए केंद्र ने जारी किया स्पष्टीकरण

सरकार ने स्पष्ट किया कि छह वर्ष से कम आयु के बच्चे 'फॉस्टर केयर' (अस्थायी देखभाल व्यवस्था) के लिए पात्र नहीं हैं। सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण नए नियमों की अलग-अलग व्याख्याओं पर चिंता जताने के बाद जारी हुआ है।

फॉस्टर केयर ऐसी व्यवस्था है, जिसमें उन बच्चों को अस्थायी रूप से किसी अन्य परिवार में रखा जाता है, जिनके माता-पिता उनकी देखभाल में असमर्थ होते हैं, लेकिन वैसे बच्चों को गोद लेने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध घोषित नहीं किया गया होता है। यह देखभाल सरकार या किसी सामाजिक संस्था की निगरानी में होती है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) ने गत सप्ताह जारी ज्ञापन में, किशोर न्याय नियमावली के नियम 23(3) और आदर्श पालक देखभाल दिशानिर्देशों के बिंदु 4(1) का उल्लेख किया है, जिसमें कहा गया कि केवल छह वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चे ही अधिनियम के नियम 44 में परिभाषित परिस्थितियों के तहत पालक देखभाल में रखे जाने के पात्र हैं। वैधानिक निकाय ने कहा कि कुछ एजेंसी ने विनियमों की व्याख्या के संबंध में मुद्दे उठाए थे, जिसके कारण यह स्पष्टीकरण आया है। इसलिए छह वर्ष से कम आयु के बच्चे को फोस्टर केयर के तहत नहीं रखा जाएगा।

# कांग्रेस ने सहयोगियों से ड्राइविंग सीट लेने के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों से ड्राइविंग सीट (निर्णायक भूमिका) अपने हाथ में लेने के लिए बिहार में पार्टी की कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई, लेकिन लोग एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को समर्थन देंगे क्योंकि वे लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में भय, अपहरण और भ्रष्टाचार के माहौल को नहीं भूले हैं।

भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस, जिसने 85 साल के बाद बिहार में सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई है, को यह बताना होगा कि जब राज्य में लोगों का अपहरण हो रहा था, सरकारी धन की बंदरबांट हो रही थी और राजद के शासनकाल में पूरे राज्य में जाति के आधार पर हत्याएं हो रही थीं तब वह मौन क्यों रही? उन्होंने पटना में सीडब्ल्यूसी की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयानों की भी आलोचना की और उनसे कहा कि उन्हें आत्म-मंथन करना चाहिए कि उनकी पार्टी में उनकी क्या स्थिति है, जहां सत्ता की बागडोर किसी और के हाथ में है। प्रसाद ने भाजपा मुख्यालय में कहा कि पटना में कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी की बैठक राजनीतिक फायदे के लिए है। उन्हें लगा कि वे नियंत्रण अपने हाथ में ले सकते हैं और बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए राजद से और सीटें मांग सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसीलिए उन्होंने (विपक्ष) अब तक राजद नेता तेजस्वी यादव को बिहार में विपक्ष के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में घोषित नहीं किया है। इससे पहले पटना में सीडब्ल्यूसी की बैठक में खरगे ने भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह 'वोट चोरी' और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की साजिश रच रही है। बिहार चुनाव से मोदी सरकार के 'भ्रष्ट शासन' का अंत शुरू हो जाएगा।



- रविशंकर ने की नीतीश कुमार को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयानों की आलोचना

# महिला एसएससी अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में नहीं होता भेदभाव : केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने बुधवार को 'शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी)' की महिला सैन्य अधिकारियों को उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में स्थायी 'कमीशन' (पीसी) देने में किसी भी तरह के भेदभाव से इन्कार किया और उच्चतम न्यायालय को आश्वस्त किया कि सभी मापदंडों का विधिवत पालन किया जा रहा है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उज्ज्वल भुइंया और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को केंद्र एवं सेना की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि स्थायी कमीशन देने में नीतिगत निर्णय का पालन हो रहा है। याचिका दायर करने वाली महिला अधिकारियों की दलीलों का विरोध करते हुए भाटी ने कहा कि उन अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) वास्तव में लैंगिक रूप से तटस्थ है, उसमें भेदभाव नहीं है। पीठ ने भाटी से कहा कि महिला अधिकारियों को यह सोचने पर मजबूर नहीं करना कि उन्हें स्थायी 'कमीशन' के लिए नहीं चुना जाएगा।

भाटी ने कहा कि यह धारणा बनाने की कोशिश हुई, लेकिन 1991 से अब तक के आंकड़े बताते हैं कि महिला अधिकारियों से उनके पुरुष समकक्षों के मुकाबले भेदभाव नहीं हुआ है। सेना में सख्त व्यवस्था हैं, क्योंकि चयन बोर्ड पर अधिकारी का नाम नहीं लिखा होता। महिला अधिकारियों की एसीआर में मानक नियुक्ति या कठिन क्षेत्र में तैनाती पर विचार नहीं करने के तर्कों पर भाटी ने कहा कि ऐसी नियुक्तियां खास नहीं हैं व अधिकारियों को वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में औसत अंक दिए गए हैं। स्थायी कमीशन देते समय एसीआर में कई पहलुओं पर विचार होता है। मानक नियुक्ति एकमात्र मानदंड नहीं है। महिला अधिकारियों ने तर्क दिया कि दुर्गम क्षेत्रों में तैनात होने व गलवान, बालाकोट व ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में भाग लेने के बावजूद, उन्हें पीसी के लिए नहीं चुना गया।



- सरकार ने उच्चतम न्यायालय को आश्वस्त किया कि सभी मापदंडों का विधिवत किया जा रहा पालन

# ट्रंप ने चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान नकारा, अमेरिका प्रथम पर अड़े

## कई देशों के नेताओं ने दी वैश्विक व्यवस्था प्रभावित होने की चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

फ्रांस से लेकर दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका से लेकर सूरीनाम तक सभी नेताओं ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के युद्ध, गरीबी और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने के आह्वान का पुरजोर समर्थन किया, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने 'अमेरिका प्रथम' एजेंडे पर अड़े रहे।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने महासभा में राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और राजाओं की वार्षिक बैठक की शुरुआत युद्ध के स्थान पर शांति, अराजकता के स्थान पर कानून व्यवस्था तथा एक ऐसे भविष्य को चुनने की अपील के साथ की, जहां देश स्वार्थ के लिए संघर्ष करने के बजाय एकजुट हों। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चेतावनी दी कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 80 साल बाद हम खुद को अलग-थलग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विभाजन बढ़ता जा रहा है और इससे वैश्विक व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

मैक्रों ने कहा, दुनिया विभाजित हो रही है, और यह हमारे समय के प्रमुख संघर्षों को हल करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बाधित कर रही है तथा हमें वैश्विक चुनौतियों का सामना करने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि केवल समकक्षों के बीच सम्मानजनक संबंध और सहयोग ही सैन्य प्रसार के खिलाफ लड़ाई, जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने और सफल डिजिटल परिवर्तन को संभव बनाता है। सूरीनाम की राष्ट्रपति जेनिफर गीलिंग्स-साइमन्स ने कहा कि बहुपक्षवाद मानवता की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। परिवर्तन के इस समय में इसे हमारी सुरक्षा की आवश्यकता है।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा, संयुक्त राष्ट्र की हमारी सामूहिक सदस्यता हमारी साझा मानवता का परिणाम है और 80 साल का हो चुका संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा संगठन बनाने के लिए बाध्य करता है जो हमारी आम चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम हो। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा, समय जितना कठिन होता जा रहा है, हमें संयुक्त राष्ट्र की मूल भावना की ओर उतना ही लौटना होगा। उन्होंने कहा, हमें और अधिक सहयोग करना होगा, और अधिक विश्वास करना होगा, और अधिक मजबूती से हाथ मिलाना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य और एक बेहतर दुनिया का निर्माण किया जा सके।



संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के दौरान ट्रंप ने कई देशों के नेताओं के साथ बैठक की।

### तेजी से बहुध्रुवीय हो रहा है विश्व : गुतारेस

गुतारेस ने कहा कि विश्व तेजी से बहुध्रुवीय होता जा रहा है। यह निश्चित रूप से उभरती आर्थिक शक्तियों चीन और भारत के लिए एक संकेत है, लेकिन महाशक्ति का दर्जा पाने की अमेरिका की जिद पर प्रहार है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि कई शक्तियों वाला विश्व अधिक विविधतापूर्ण और गतिशील हो सकता है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी वैश्विक संस्थाओं के बिना अराजकता हो सकती है।

- ट्रंप ने 'अमेरिका प्रथम' पर केंद्रित भाषण दिया। उन्होंने गर्व से कहा, अमेरिका के पास दुनिया में सबसे मजबूत सीमाएं, सेना, मैत्री और सबसे मजबूत भावनाएं हैं। यह सचमुच अमेरिका का स्वर्णिम युग है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को अप्रभावी बताया और कहा कि यह अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य करने में भी असमर्थ है। उन्होंने सभा कक्ष के रास्ते में बंद हुए एस्केलेटर और खराब हुए टेलीप्रॉम्प्टर के लिए संगठन को जिम्मेदार ठहराया।

## दुनिया भर में बढ़ते तनाव के बीच

# संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करने के बाद बहस शुरू हो गई है कि संयुक्त राष्ट्र संघ अपने उद्देश्यों को पूरा करने में कितना सफल हो पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद 1945 में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करने और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इसके चार्टर को चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, यूके, यूएस समेत 50 देशों ने अनुमोदित किया था। इस संस्था को 'संयुक्त राष्ट्र' नाम अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने दिया था और इसका पहली बार उपयोग 1942 में 26 देशों द्वारा 'संयुक्त राष्ट्र की घोषणा' पर हस्ताक्षर करते समय किया गया था।

### शक्तियां और अधिकार

- सुरक्षा परिषद जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिम्मेदार सबसे शक्तिशाली अंग।
- इसे शांति कायम करने के लिए सैन्य कार्रवाई, प्रतिबंध लगाने, शांति स्थापना अभियानों का अधिकार है।
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाने को अधिकृत है।
- मानवाधिकार रक्षा औरसामाजिक, आर्थिक तथा मानवीय मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।
- अपने सभी सदस्य देशों को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और संधियों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना।



### महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- संयुक्त राष्ट्र संघ ने कई संघर्षों को युद्ध में बदलने से रोकने और शांति स्थापित करने में मदद की है।
- मानवाधिकारों की 1948 में सार्वभौम घोषणा जो वैश्विक मानवाधिकारों के लिए आधारशिला बनी।
- युद्ध और आपदाग्रस्त क्षेत्रों में मानवीय सहायता, परमाणु अप्रसार संधि जैसे समझौतों को बढ़ावा।
- 20वीं सदी के मध्य में उपनिवेशवाद समाप्त करने में संयुक्त राष्ट्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अशांति के ताजा हालात में भूमिका

- रूस-यूक्रेन युद्ध की निंदा कर मानवीय सहायता पहुंचाई, लेकिन रूस के वीटो के कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं।
- गाजा में लगातार संघर्षविराम का आह्वान, मानवीय सहायता भी लेकिन प्रभावी समाधान अब तक नहीं निकला।
- अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद मानवाधिकारों का हनन, इसे रोकने में सीमित सफलता।
- सूडान में 2023 से सैन्य संघर्ष के कारण भारी मानवीय संकट, इसे रोकने में बाधाओं का सामना करना पड़ा।

### इन मामलों में विफल

- 1994 में रवांडा में 800,000 से अधिक लोगों की हत्या को रोकने के लिए निर्णायक हस्तक्षेप करने में विफल।
- 1995 में बोस्नियाई सर्ब बलों द्वारा 8,000 से अधिक मुस्लिम पुरुषों और लड़कों के नरसंहार भी नहीं रोक सका।
- रूस-चीन के वीटो के कारण सीरिया में दशकों से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने में सीमित भूमिका रही।

### विफलता के कारण

- सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई सदस्यों की वीटो शक्ति अक्सर महत्वपूर्ण मामलों में निर्णायक कार्रवाई रोक देती है।
- कई सदस्य देश संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और समझौतों का पालन नहीं करते, जिससे प्रभावशीलता कम हो जाती है।
- संयुक्त राष्ट्र के पास कई वैश्विक संकटों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पर्याप्त वित्तीय और सैन्य संसाधन नहीं होते।
- सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच स्थाई सदस्यों होने से असमान शक्ति संरचना, फैसलों का पालन कराने में कठिनाई होती है।

# एक ही बाजार पर निर्भर न रहे ग्लोबल साउथ, निष्पक्ष आर्थिक व्यवस्था बनाए

## समान विचारधारा वाले देशों की उच्चस्तरीय बैठक में जयशंकर ने किया आह्वान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'ग्लोबल साउथ' के देशों से लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करके निष्पक्ष आर्थिक प्रथाओं को बढ़ावा देने और दक्षिण-दक्षिण व्यापार एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देकर किसी एक आपूर्तिकर्ता या बाजार पर निर्भरता कम करने का आग्रह किया।

जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर समान विचारधारा वाले 'ग्लोबल साउथ' देशों की एक उच्च-स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया की स्थिति सदस्य देशों के लिए बढ़ती चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 'ग्लोबल साउथ' महामारी के झटकों और यूक्रेन तथा गाजा में युद्ध से लेकर चरम जलवायु घटनाओं, अस्थिर व्यापार, निवेश प्रवाह और ब्याज दरों में अनिश्चितता और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के एजेंडे में 'विनाशकारी' मंदी तक कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। जयशंकर ने कहा, बढ़ती चिंताओं और विभिन्न प्रकार के जोखिमों के मद्देनजर यह स्वाभाविक है कि 'ग्लोबल साउथ' समाधान के लिए बहुपक्षवाद की ओर रुख करे।



न्यूयॉर्क में ग्लोबल साउथ देशों के नेताओं के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### वैश्विक साझा संसाधनों के संरक्षण पर दिया जोर

विदेश मंत्री ने वैश्विक साझा संसाधनों के संरक्षण पर भी जोर दिया, जिसमें समुद्री नौवहन संबंधी चिंताओं का समाधान, विकास के लिए प्रौद्योगिकी का सहयोगात्मक लाभ उठाना, विशेष रूप से एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण; और विभिन्न क्षेत्रों में निष्पक्ष एवं समान अवसर प्रदान करना शामिल है जो 'ग्लोबल साउथ' की विकासात्मक चिंताओं के साथ न्याय करता हो। 'ग्लोबल साउथ' वैश्विक मामलों में कैसे शामिल हो सकता है, इस संबंध में एक व्यवस्थित दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मंत्री ने विकासशील देशों की सामूहिक आवाज और प्रभाव को मजबूत करने के लिए पांच प्रमुख प्रस्ताव रखे। उन्होंने एकजुटता बढ़ाने और सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'ग्लोबल साउथ' के बीच परामर्श को मजबूत करने के लिए मौजूदा मंचों का उपयोग करने के महत्व पर जोर दिया।

'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से वहां भी हमारे सामने एक बहुत ही निराशाजनक संभावना है, बहुपक्षवाद की अवधारणा ही खतरे में है और अंतरराष्ट्रीय संगठन या तो अप्रभावी हो गए हैं अथवा संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। जयशंकर ने कहा, समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएं टूटने लगी हैं और अत्यंत आवश्यक सुधारों में देरी की कीमत आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में समान अवसर की मांग करते हुए एकजुट मोर्चा प्रस्तुत करना होगा।

### चीन का ट्रंप को जवाब अमेरिका-ईयू भी रूस से कर रहे व्यापार

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि भारत और चीन रूसी तेल की खरीद के जरिए यूक्रेन युद्ध के 'प्राथमिक वित्तपोषक' हैं और बुधवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) भी मास्को के साथ व्यापार कर रहे हैं। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने चेतावनी दी कि यदि रूस के साथ उनकी कंपनियों के सामान्य व्यापार में बाधा उत्पन्न की जाती है तो बीजिंग अपने हितों की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाएगा। उन्होंने अमेरिकी नेता को याद दिलाया कि वाशिंगटन भी मास्को के साथ व्यापार कर रहा है और कहा, अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित अनेक देश रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। गुओ ने कहा कि चीनी और रूसी कंपनियों का सामान्य आदान-प्रदान और सहयोग विश्व व्यापार संगठन के नियमों और बाजार सिद्धांतों के अनुरूप है। साथ ही उन्होंने कहा कि बीजिंग की कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष के खिलाफ लक्षित नहीं है और इसमें हस्तक्षेप या प्रभाव डालना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी दोहराया कि चीन ने यूक्रेन संकट पर हमेशा एक वस्तुनिष्ठ और न्यायसंगत रुख बनाए रखा है और लगातार शांति वार्ताओं का आह्वान किया है।

## रागासा तूफान का कहर.. ताइवान में 17 की मौत, चीन में दो लाख लोग विस्थापित



रागासा बुधवार को दक्षिणी चीन में पहुंच गया।

**नई दिल्ली/हांगकांग।** शक्तिशाली तूफान रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गई है और 18 घायल हुए हैं। ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुए अब तक दक्षिणी चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया। यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई। अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं। ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं। यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आई जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था।

## दुनिया इतिहास की हथियारों की सबसे विनाशकारी दौड़ में शामिल: जेलेंस्की

**संयुक्त राष्ट्र।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को विश्व के नेताओं से कहा कि दुनिया इस समय इतिहास की हथियारों की सबसे विनाशकारी दौड़ में शामिल है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया कि रूस के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन अपने युद्ध का विस्तार यूरोप में करना चाहते हैं। जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, हम अब इतिहास में हथियारों की सबसे विनाशकारी दौड़ में शामिल हैं। यूक्रेन तो केवल पहला देश है और अब रूसी ड्रोन पूरे यूरोप में उड़ान भर रहे हैं और रूसी अभियान पहले से ही विभिन्न देशों में फैल रहे हैं और पुतिन इस युद्ध का विस्तार करके इसे जारी रखना चाहते हैं।



यूएनएससी की बैठक में जेलेंस्की।

### बोले- भारत हमारे साथ

जेलेंस्की ने कहा कि भारत हमारे साथ ही है और उम्मीद जताई कि ट्रंप के हस्तक्षेप से नई दिल्ली का रूसी ऊर्जा क्षेत्र के प्रति रवैया बदलेगा। जेलेंस्की एक साक्षात्कार के दौरान रूस से युद्ध में चीन और भारत की भूमिका के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। जेलेंस्की ने कहा, मुझे लगता है कि भारत मुख्य रूप से हमारे साथ है। हां, ऊर्जा को लेकर कुछ सवाल हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ट्रंप यूरोपीय देशों के साथ इसे प्रबंधित कर सकते हैं तथा भारत के साथ अधिक मजबूत और करीबी संबंध बना सकते हैं।

## अमेरिका- इजराइल के हमलों ने अंतरराष्ट्रीय विश्वास को पहुंचाया गंभीर नुकसान: ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इजराइल और अमेरिका के हमलों की आलोचना करते हुए कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय विश्वास और शांति की संभावना को गहरा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस साल जून में 12 दिन तक इजराइल-ईरान युद्ध के बाद पहली बार है जब पेजेशकियन ने किसी वैश्विक मंच पर बात रखी है। युद्ध में ईरान के कई शीर्ष सैन्य और असैन्य नेताओं की हत्या कर दी गई थी। अगर तेहरान शनिवार तक यूरोपीय देशों के साथ समझौता नहीं करता है तो उस पर संयुक्त राष्ट्र के कड़े प्रतिबंध लग सकते हैं। हालांकि, न्यूयॉर्क पहुंचने से पहले ही पेजेशकियन की कूटनीतिक कोशिशें उस समय धुंधली पड़ गईं जब देश के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिका के साथ किसी भी सीधी परमाणु वार्ता से इनकार कर दिया।

## नेपाल: प्रधानमंत्री कार्की राष्ट्रपति से मिलीं, नए मतदाता पंजीकरण से संबंधित अध्यादेश जारी

- मार्च 2026 में देश में होने हैं आम चुनाव मौजूदा राजनीतिक हालात पर भी चर्चा

**काठमांडू।** राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने बुधवार को मतदाता पंजीकरण अधिनियम में संशोधन से संबंधित एक अध्यादेश जारी किया जिससे मार्च 2026 के आम चुनाव से पहले नए मतदाताओं के नाम दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की द्वारा राष्ट्रपति पौडेल से मुलाकात के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने आम चुनाव समय पर कराने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रपति कार्यालय के एक सूत्र के अनुसार, राष्ट्रपति ने मंत्रिपरिषद की सिफारिश के आधार पर नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 114 की धारा(1) के अनुसार बुधवार को यह अध्यादेश जारी किया।

मतदाता पंजीकरण अधिनियम, 2073 बिक्रम संवत में संशोधन से पांच मार्च, 2026 को होने वाले आगामी चुनाव के लिए नए मतदाताओं के नाम दर्ज करने का रास्ता साफ हो जाएगा। राष्ट्रपति कार्यालय के करीबी सूत्रों ने बताया, पौडेल के साथ बैठक के दौरान कार्की ने वर्तमान राजनीतिक व सुरक्षा स्थिति, पांच मार्च 2026 को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव और देश की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की।

## गाजा पर अमेरिका के अलग रुख की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** फ्रांस के नेतृत्व में कई देशों द्वारा फलस्तीन को अलग देश की मान्यता देने के एक दिन बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक बार फिर पश्चिम एशिया में संघर्ष पर अमेरिका के अलग रुख पर गहरा क्षोभ प्रकट किया।

इस संकट पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हमास के सात अक्टूबर 2023 के हमले और गाजा में इजराइल के जारी सैन्य हमले पर चिंता व्यक्त की। इन सैन्य हमलों में अब तक हजारों फलस्तीनी मारे गए हैं, विशाल क्षेत्र तबाह हो चुके हैं और लगभग 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

# आतंक से फुर्सत मिले तो अर्थव्यवस्था पर ध्यान दे पाकिस्तान

**जेनेवा, एजेंसी**

भारत ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए विस्फोट में 24 लोगों की मौत का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क को आतंकवादियों को पनाह देने और अपने ही लोगों पर बमबारी करने के बजाय अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

जेनेवा में भारत के स्थाई मिशन के काउंसलर क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ निराधार बयानबाजी के लिए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की आलोचना की। त्यागी ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें नियमित सत्र में मंगलवार को कहा, एक प्रतिनिधिमंडल भारत के खिलाफ निराधार और भड़काऊ बयानबाजी करके इस मंच का दुरुपयोग कर रहा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का जिक्र करते हुए त्यागी ने पाकिस्तान से उसके अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली करने को कहा। उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र पर गलत नजर डालने के बजाय उन्हें भारत के उस क्षेत्र को खाली करना चाहिए, जिस पर उन्होंने अवैध कब्जा किया हुआ है।



यूएनएचआरसी की बैठक में क्षितिज त्यागी।

- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत ने की पाकिस्तान की धुलाई


खैबर पख्तूनख्वा में हुई घटना का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए त्यागी ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादियों को पनाह देने और अपने ही लोगों पर बमबारी करने से फुर्सत मिले तो उसे अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। त्यागी ने कहा, चरमराई हुई अर्थव्यवस्था, सैन्य प्रभुत्व वाली राजनीति और मानवाधिकारों का दागदार रिकॉर्ड। एक दिन जब वे आतंकवाद को बढ़ावा देने, संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देने और अपने ही लोगों पर बमबारी करने से फुर्सत पाएंगे, तब शायद इन मुद्दों पर ध्यान दे पाएंगे। खैबर जिले के तिराह घाटी के मतूर दारा इलाके में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों के एक परिसर में सोमवार को बम बनाने की सामग्री से हुए धमाके में 10 लोगों और 14 आतंकवादियों की मौत हो गई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 07.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 19.09 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** — आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुए थे, शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। किसी नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।

**वृष** — आज नौकरी में बदलाव का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारंभिक भाग तनाव युक्त रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज दूसरों की बातों पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। प्रेमीजन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में कठिनाई हो सकती है। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।

**कर्क** — आज प्रतिद्वंदी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा। कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह** — आज भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ाएंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए विकल्प विकसित कर सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन-लाभ होने की संभावना है।

**कन्या** — आज कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं। संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन-लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अत्यधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला** — आज दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे-धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। अपने विचारों में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को लेकर दूसरों से अपेक्षा न करें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें।

**धनु** — आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

**मकर** — आज व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है। निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आरंभ कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपके सभी कार्य समय पर समय पूर्ण हो जाएंगे। प्रेम-संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**मीन** — आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय बर्बाद न करें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी।

## सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |



बैकस्ट्रोक हमेशा से मेरी मुख्य स्पर्धा रही है लेकिन इस साल मैं फ्रीस्टाइल पर अधिक फोकस कर रहा हूं, खासकर 100 और 200 मीटर पर। मैने महसूस किया है कि विशेष प्रशिक्षण के बिना भी फ्रीस्टाइल में मेरी टाइमिंग साल दर साल बेहतर हो रही है। **-श्रीहरि नटराज, तैराक**

## हाईलाइट

### प्रसिद्ध कृष्णा को लगी सिर में चोट

**लखनऊ :** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को भारत ए के लिए खेलते हुए सिर में चोट लग गई और उन्हें मैच से बाहर होना पड़ा। उन्हें भारत ए की पारी के 39वें ओवर में तेज गेंदबाज हेनरी थॉर्नटन के बाउंसर पर चोट लगी, जब वह उनके बाउंसर को पुल करने के चक्कर में अपने हेल्मेट पर गेंद खा बैठे। हालांकि तब अनिवार्य कन्कशन के बाद उन्होंने खेलना जारी रखा। लेकिन तीन ओवर बाद जब 42वां ओवर समाप्त हुआ, तो वह अचानक से पवेलियन की तरफ जाने लगे और नए बल्लेबाज मोहम्मद सिराज ने बल्लेबाजी में उनकी जगह ली। फिलहाल मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के 420 रनों के जवाब में भारत ए की टीम सिर्फ़ 194 रनों पर ऑल आउट हो गई।

### सेमीफाइनल में भारत का सामना नेपाल से

**कोलंबो :** ग्रुप चरण में अजेय रहे भारत की बृहस्पतिवार को असली परीक्षा होगी, जब टीम रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारत अब तक सबसे प्रभावशाली टीम रही है। मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (3-2) को हराने के बाद भारत नौ अंक के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस विशेष तौर पर खुश हैं जिन्होंने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने खिलाड़ियों के दबाव को झेलने के तरीके की प्रशंसा की।

### काउंटी चैंपियनशिप का स्वरूप नहीं बदलेगा

**लंदन :** पेशेवर काउंटी क्रिकेट क्लबों (पीसीसी) के मतदान के बाद काउंटी चैंपियनशिप का स्वरूप अपरिवर्तित रहेगा। 14 मैचों की बजाय 13 मैचों की काउंटी चैंपियनशिप खेलने का प्रस्ताव, काउंटियों के बीच बहुमत मत प्राप्त करने में विफल रहने के कारण पारित नहीं हो सका। अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और द हंड्रेड मैचों के बीच कार्यक्रम में टकराव के कारण व्यस्त अंग्रेजी गर्मियों के बाद, पेशेवर क्रिकेटर्स एसोसिएशन (पीसीए) के परामर्श से कार्यक्रम और संरचना की काउंटी द्वारा समीक्षा की गई। जुलाई में हुए मतदान के बाद, सफ़ेद गेंद वाली प्रतियोगिताओं की संरचना में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था।

### अभ्यास मैच से होगा न्यूजीलैंड को लाभ

**बेंगलुरु :** न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज जेस केर ने कहा कि उनकी टीम मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के पहले मैच से पहले अपने कौशल को निखारने के लिए यहां होने वाले अभ्यास मैचों पर निर्भर है। न्यूजीलैंड की टीम बृहस्पतिवार और शनिवार को क्रमश: भारत ए और भारत की सीनियर टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी जिसके बाद एक अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए वह इंदौर रवाना होगी। केर ने ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा मुझे लगता है कि यह ज्यादा गेम टाइम की बात है जो हमारे लिए अच्छा है।

# भारत ने बांग्लादेश को दिया 169 रनों का लक्ष्य, अभिषेक ने खेली विस्फोटक पारी

## एशिया कप : हार्दिक पांड्या ने 38 और शुभमन गिल ने 29 रनों का किया योगदान



बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 4 मैच में भारत के अभिषेक शर्मा शॉट लगाते हुए। एजेंसी

**दुबई, एजेंसी**

भारत ने अभिषेक शर्मा (75 रन) के अर्धशतक से बुधवार को यहां एशिया कप सुपर 4 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। अभिषेक ने 37 गेंद की पारी में चार चौके और पांच छक्के जड़े। उनके अलावा हार्दिक पांड्या ने 38 रन और शुभमन गिल ने 29 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने दो जबकि मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब और मोहम्मद सैफुद्दीन ने एक एक विकेट लिए।

भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने शुरुआत में ही लय बना ली थी और पावरप्ले में 72 रन बना लिए थे। लेकिन शुभमन गिल के आउट होते ही पारी लड़खड़ाने लगी। शिवम दुबे को ऊपर भेजने का प्रयोग कारगर नहीं रहा और 9वें ओवर में रिशद हुसैन की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद, रिशद ने बैकवर्ड पॉइंट पर शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए अभिषेक शर्मा को रन आउट कर दिया और यकीनन यह पारी का टर्निंग पॉइंट था। तब तक 200 से ज्यादा का स्कोर तय लग रहा था, लेकिन उनके आउट होने से भारतीय बल्लेबाजी की लय खत्म हो गई। हार्दिक पांड्या के अंत में आए शानदार प्रदर्शन के बावजूद, बीच के ओवरों में धीमी गति की बल्लेबाजी उन्हें भारी पड़ी। बांग्लादेश के लिए, रिशद ने दो विकेट, एक महत्वपूर्ण रन आउट और काफी दबाव के साथ सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। बाकी गेंदबाजों ने उनका अच्छा साथ दिया और उनके अनुशासित प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाने के लिए सटीक स्पैल डाले। अक्षर पटेल डेथ ओवरों में लय हासिल करने में नाकाम रहे और भारत अपनी पारी को पूरी तरह से खत्म नहीं कर सका। अभिषेक ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखते हुए 37 गेंदों पर 75 रन में छह चौके और पांच छक्के लगाए। शुभमन गिल ने 29 और हार्दिक पांड्या ने 38 रन बनाये।

**भारत**

**168/6 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 75 |
| गिल का तंजीम हसन बो रिशाद | 29 |
| शिवम दुबे का तौहिद बो रिशाद | 02 |
| सूर्यकुमार का जेकर बो मुस्तफिजुर | 05 |
| पांड्या का तंजीद बो सैफुद्दीन | 05 |
| तिलक वर्मा का सैफ बो तंजीम | 05 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 10 |

**गेंदबाजी :** तंजीम हसन साकिब 4-0-29-1, नासुम अहमद 4-0-34-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-33-1, मोहम्मद सैफुद्दीन 3-0-37-1, रिशाद हुसैन 3-0-27-2, सैफ हसन 2-0-7-0

# हार्दिक पांड्या ने टी-20 रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा

- स्पिनर वरुण चक्रवर्ती व बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी अपने-अपने वर्ग में शीर्ष पर



हार्दिक, अभिषेक व वरुण चक्रवर्ती।

**दुबई, एजेंसी**

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं।

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह विकेट चटकाए हैं। ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पांड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ 45 गेंद में 58 रन की पारी खेलने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं।

### सिडनी थंडर से जुड़ेंगे अश्विन

**सिडनी :** अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग के आगामी सत्र में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बन जाएंगे। फॉक्स स्पोटर्स के अनुसार हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन ने थंडर को हामी भर दी है। फ्रेंचाइसी इस सप्ताह के अंत में इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है । अश्विन आईएलटी 20 नीलामी में भी शामिल हुए हैं। चार जनवरी को लीग के खत्म होने के बाद वह थंडर से जुड़ सकते हैं। बिग बैश लीग 14 दिसंबर से 18 जनवरी तक होगी।

## निशानेबाजी का जूनियर विश्व कप आज से

**नई दिल्ली :** ओलंपियन शॉटगन निशानेबाज रायजा ढिल्लों और एशियाई जूनियर ट्रैप चैंपियन सबीरा हारिस बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में 69 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी।

तुगलकाबाद के कर्णी सिंह रेंज में आयोजित होने वाले इस साल के दूसरे और अंतिम जूनियर विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों का लक्ष्य घरेलू सरजमीं पर शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। अंडर-21 आयु वर्ग के निशानेबाज राइफल, पिस्टल और शॉटगन में 18 देशों के 200 से अधिक निशानेबाजों के खिलाफ अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। ये निशानेबाज 15 ओलंपिक और दो गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में 51 पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय निशानेबाज रायजा शीर्ष स्कीट निशानेबाजों में से एक हैं और लीमा में 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में टीम स्वर्ण पदक जीतने के बाद वह शीर्ष व्यक्तिगत स्थान हासिल करना चाहेंगी।

## सूर्यकुमार की टिप्पणी पर शाहीन बोले- यह उनका नजरिया

- सूर्यकुमार ने कहा था -भारत और पाक मैचों को अब प्रतिद्वंद्विता नहीं माना जाना चाहिए

**दुबई, एजेंसी**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ शाहीन शाह अफरीदी ने सूर्यकुमार यादव के इस बयान पर सीधा जवाब देने से परहेज किया कि भारत के दबदबे के कारण भारत-पाक मैचों को अब प्रतिद्वंद्विता नहीं माना जाना चाहिए।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम का ध्यान एशिया कप जीतने पर है। बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी सुपर चार चरण के मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में शाहीन ने सूर्यकुमार के बयान पर पूछे गए सवालों को टाल दिया।

अफरीदी ने कहा यह उसका अपना विचार है, उसे कहने दीजिए। जब हम (रविवार को संभावित एशिया कप फाइनल में) मिलेंगे तो देखेंगे कि क्या है, क्या नहीं। तब देख लेंगे। हम एशिया कप जीतने आए हैं और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। सूर्यकुमार ने कहा था कि किसी प्रतिद्वंद्विता को वास्तविक मानने के लिए नतीजों का अंतर 12-3 नहीं होना चाहिए, जो फिलहाल टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबालों में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत हार का रिकॉर्ड है।

### भारत से हारने के बाद टीम का मनोबल नहीं टूटा : हुसैन तलत

**अबुधाबी :** पाकिस्तान के हरफनमौला हुसैन तलत ने इन अटकलों को खारिज किया है कि भारत से एशिया कप सुपर 4 मैच में हारने के बाद टीम का मनोबल गिरा है। बल्लेबाजी हरफनमौला तलत ने श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट लेकर पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई है। इसके लिए पाकिस्तान को अब बृहस्पतिवार को बांग्लादेश को हराना होगा। तलत ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले टीम में कोई मायूसी नहीं थी, लेकिन भारत से सुपर 4 का पहला मैच हारने के बाद किसी को अच्छा नहीं लग रहा था।

## चोट के कारण मैच के बीच से हटे प्रणय

**सुवोन :** एचएस प्रणय का कोरिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ जब वह चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज की हार के साथ इस प्रतियोगिता में बुधवार को मुख्य ड्रॉ के पहले दिन ही भारतीय अभियान समाप्त हो गया।

प्रणय इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो के खिलाफ पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे, तब क्रॉस-कोर्ट स्मैश खेलते समय उनकी दाहिनी पसली में चोट लग गई। मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद उन्होंने खेल फिर से शुरू किया लेकिन असहज दिखे और 8-16 के स्कोर पर मुकाबले से हटने के लिए मजबूर हो गए। यूएस ओपन सुपर 300 के रूप में मौजूदा सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी को चीनी ताइपे के सु ली यांग के खिलाफ 47 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। किरण जॉर्ज ने सिंगापुर के लोह कीन यू को कड़ी टक्कर दी।

### मुकाबले की तैयारी



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच एशिया कप क्रिकेट मैच की शुरुआत से पहले वार्मअप करते शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

## एचआईएल नीलामी में हेंडरसन सबसे महंगे बिके

- विवेक लाकड़ा को जूनियर वर्ग में सबसे अधिक दाम पर खरीदा गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वेदांता कलिंगा लांसर्स ने बुधवार को लियाम हेंडरसन की सेवाएं 42 लाख रुपये में हासिल कीं जिससे यह ऑस्ट्रेलियाई डिफेंडर हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की पुरुष मिनी नीलामी में बिकने वाला सबसे महंगा खिलाड़ी बना जबकि युवा भारतीय प्रतिभाओं में विवेक लाकड़ा और अद्रोहित एक्का ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में नीदरलैंड के डिफेंडर सैंडर डी विजन के लिए बोली लगाने की होड़ के बाद तमिलनाडु ड्रैगन्स ने उन्हें 36 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। जर्मनी के थीस प्रिंज को यूपी रुद्राज का प्रभार संभालने वाली एचआईएल संचालन परिषद ने इतनी ही राशि में खरीदा। भारतीय खिलाड़ियों में युवा गोलकीपर लाकड़ा ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जिससे उनकी कीमत दो लाख रुपये से बढ़कर 23 लाख रुपये हो गई और आखिर में श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। मिडफील्डर एक्का को जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के साथ कड़ी टक्कर के बाद ड्रैगन्स ने 11 लाख रुपये में ख़रीदा।

# 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस

- इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग में खेलने के कारण की गई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमनदीप जोहल ने बुधवार को कहा कि 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसमें अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर भी शामिल हैं। इसे खिलाड़ियों ने युवराज सिंह के समर्थन वाली इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने के लिए अस्थायी निलंबन बताया है। इस मामले पर अंतिम फैसला 27 सितंबर को अनुशासनात्मक समिति की बैठक के बाद लिया जाएगा।

ओलंपियन और एशियाई टूर विजेता भुल्लर, अमन राज, हरेंद्र गुप्ता, करणदीप कोचर और सचिन बैसोया भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 17 से 19 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आईजीपीएल में खेलने के कारण यह नोटिस जारी किया गया है। आईजीपीएल और पीजीटीआई के चेन्नई ओपन की तारीख एक ही थी और यही विवाद का विषय बन गया है।



जोहल ने कहा कि पीजीटीआई को सदस्यों के बाहर के टूर्नामेंट में खेलने पर कोई आपत्ति नहीं है, पर वे उसके कैलेंडर के साथ नहीं पड़ने चाहिए। उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा अगर इसकी तारीख हमारे कैलेंडर से इतर होती तो कोई बात नहीं थी, आप खेल सकते हो। लेकिन जब हमारे टूर्नामेंट भी समान तारीख में ही हैं तो हम अपने प्रायोजकों से क्या कहेंगे? जोहल ने पीजीए और डीपी वर्ल्ड टूर जैसे अंतर्राष्ट्रीय दौरों से तुलना करते हुए कहा इसलिए हमने कहा, हमारे टूर्नामेंट के दौरान इन टूर्नामेंटों में नहीं खेलें। लेकिन उनका जवाब है कि हम जब चाहें खेलेंगे। कभी पीजीटीआई, कभी आईजीपीएल। लेकिन आप एक ही समय में दो नाव की सवारी नहीं कर सकते।

यह नियम है, अगर आप इसका उल्लंघन करते हैं तो जांच होनी चाहिए। हमने उन्हें अपना दृष्टिकोण समझाने के लिए सुनवाई के लिए बुलाया है और उसके बाद ही हम कोई फैसला लेंगे। आईजीपीएल इसी महीने भारतीय गोल्फ संघ और भारतीय महिला गोल्फ संघ के साथ साझेदारी में शुरू की गई थी। युवराज के नेतृत्व में आईजीपीएल इस साल 11 टूर्नामेंट आयोजित करेगा जिनमें से चंडीगढ़ (10-12 सितंबर) और ग्रेटर नोएडा (17-19 सितंबर) में दो पहले ही आयोजित हो चुके हैं। भुल्लर के करीबी सूत्र ने कहा कि पीजीटीआई का रुख अनुचित है क्योंकि खिलाड़ी किसी भी अनुबंध के अधीन नहीं हैं।

## मेरा फोकस अब फ्रीस्टाइल पर अधिक : नटराज

**अहमदाबाद :** भारत के स्टार बैकस्ट्रोक तैराक श्रीहरि नटराज ने कहा है कि अब उनका फोकस फ्रीस्टाइल पर अधिक है जिसमें बिना विशेष प्रशिक्षण के उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन किया है। नटराज 28 सितंबर से 11 अक्टूबर तक यहां होने वाली एशियाई एक्वाटिक चैंपियनशिप में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे। उन्होंने कहा बैकस्ट्रोक हमेशा से मेरी मुख्य स्पर्धा रही है, लेकिन इस साल मैं फ्रीस्टाइल पर अधिक फोकस कर रहा हूं, खासकर 100 और 200 मीटर पर।

नटराज ने इस साल एफआईएसयू ग्रीष्मकालीन विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 49.46 सेकंड का समय निकालकर एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े का 17 साल पुराना 49.47 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था।

तैयारी शुरू

अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ को अनुमति नहीं मिलेगी

# एशियाई खेलों के लिए कड़े हुए चयन मानदंड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों में चयन के लिए कड़े मानदंडों का खुलासा करते हुए कहा कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदार खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा और सरकारी खर्चे पर नहीं जाने के बावजूद अतिरिक्त कोचों और सहयोगी स्टाफ को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी।

मंत्रालय की वेबसाइट पर बुधवार को डाले गए पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ तौर पर कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे। एशियाई खेल जापान के नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक खेले जाएंगे। मंत्रालय ने कहा

20th Asian Games
Aichi-Nagoya 2026

हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदारों को ही बहु खेल टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिए मौका मिले। इसमें कहा गया अगर मंत्रालय या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को पता चला कि पदक जीतने नहीं बल्कि सिर्फ भागीदारी के लिए कोई जा रहा है तो ऐसे खिलाड़ियों और टीमों को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें कहा गया सिर्फ वही खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे जिनका नाम सरकारी खर्च पर जाने के लिए मंजूर किया गया है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त खिलाड़ी, कोच या सहयोगी स्टाफ शामिल नहीं होगा भले ही उसका खर्च सरकार को वहन नहीं करना पड़ रहा हो। अक्सर खिलाड़ी अपने निजी कोचों या सहयोगी स्टाफ को अपने खर्च पर ले जाने की मांग करते हैं जिस पर विवाद होता है।

यह चयन मानदंड राष्ट्रमंडल खेल (जुलाई अगस्त 2026), पैरा एशियाई खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेल पर भी लागू होंगे। मंत्रालय ने कहा कि नए दिशानिर्देश एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं।

### चयन का आधार एक साल का प्रदर्शन होगा

चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। नई नीति में ओलंपिक या ऐसे अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं हैं जिनमे खिलाड़ी या टीम की भागीदारी संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर होती है। बयान में कहा गया राष्ट्रीय खेल महासंघ ऐसे खिलाड़ी का नामांकन कर सकते हैं जिसने अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा उस खेल की स्पर्धा में पिछले 12 महीने में पिछले एशियाई खेलों में छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर किया हो। चीन के हांगझोउ में पिछले एशियाई खेलों में जो स्पर्धायें नहीं हुई थी, उनके लिये चयन आगामी एशियाई खेलों से बारह महीने के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में शीर्ष छह में रहने के आधार पर होगा।